संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 10 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 67 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अमृतसर के दौरा के दौरान गोल्डन टेंपल पहुंची। जहां उन्होंने मत्था टेका।

# सिसोदिया को ईडी ने किया गिरफ्तार

### शराब नीति केस में जेल के अंदर ही की थी पूछताछ, आम आदमी पार्टी ने मनीष सिसोदिया को तिहाड़ की जेल नंबर में 1 में रखे जाने पर सवाल उठाए

**ईडी का शिकंजा**

= 26 फरवरी को उन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने 6 मार्च को सिसोदिया को 20 मार्च की न्यायिक हिरासत में भेजा था



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** शराब नीति केस में मनीष सिसोदिया को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। 26 फरवरी को उन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। 7 दिन की सीबीआई रिमांड के बाद कोर्ट ने 6 मार्च को सिसोदिया को 20 मार्च (14 दिन) की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजा था। यहीं ईडी दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम से शराब नीति में मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ कर रही थी। इससे पहले 7 मार्च को एजेंसी ने तिहाड़ जेल में सिसोदिया से 6 घंटे पूछताछ की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईडी की टीम इस मामले में गिरफ्तार दो अन्य आरोपियों के साथ तिहाड़ पहुंची थी। ईडी ने बताया था कि नई शराब नीति बनाने में साउथ दिल्ली के व्यापारियों से 100 करोड़ की रिश्वत ली गई थी। इस मामले में ईडी ने 6 मार्च को हैदराबाद के बिजनेसमैन अरुण रामचंद्र पिल्लई और अमनदीप ढल को गिरफ्तार किया था। उनकी जमानत याचिका पर कोर्ट 10 मार्च को फैसला सुनाएगा।

**हर वार्ड के अंदर डोर टू डोर कैंपेन के लिए टीमें गठित की जाएगी**

हर वार्ड के अंदर डोर टू डोर कैंपेन के लिए टीमें गठित की जाएगी। ये सभी टीमें 13 मार्च से दिल्ली के सभी वार्डों में डोर टू डोर कैंपेन शुरू करेंगी, जो सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी का सच जनता के सामने रखेंगे। दिल्ली में मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी की ओर से मेगा डोर टू डोर कैंपेन चलाया जाएगा।

**केजरीवाल ने गिरफ्तारी के विरोध में राजघाट पर लगाया ध्यानः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 8 मार्च को राजघाट पर सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ ध्यान लगाया था। वहीं, आम आदमी पार्टी ने मनीष सिसोदिया को तिहाड़ की जेल नंबर में 1 में रखे जाने पर सवाल उठाए।

## केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग आप चलाएगी डोर-टू-डोर कैंपेन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के करतूतों का पर्दाफाश करने के लिए आम आदमी पार्टी ने डोर-टू-डोर कैंपेन शुरू करने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी मुख्यालय में संगठन पदाधिकारियों ने दिल्ली के 250 वार्डों के प्रतिनिधियों को गुरुवार को प्रशिक्षण दिया। आआपा के यह प्रतिनिधि भाजपा सरकार के द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने का संदेश हर आदमी तक पहुंचाएंगे। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं मंत्री गोपाल राय



ने कहा कि दिल्ली में मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी मेगा डोर-टू-डोर कैंपेन चलाएगी।

## महाराष्ट्र में लव जिहाद के 1 लाख से ज्यादा मामले



**मुंबई/टीम एक्शन इंडिया**
**महाराष्ट्र** के महिला एवं बाल कल्याण मंत्री मंगल प्रभात लोधा ने कहा है कि राज्य में अबतक लव जिहाद के 1 लाख से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये मेरी जिम्मेदारी है कि राज्य में श्रद्धा वॉलकर जैसी हत्या दोबारा ना हो। यह सभी बातें उन्होंने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान कहीं।

**इंटरफेथ मैरिज कमेटी का किया बचावः** लोधा ने सरकार की ओर से बनाई गई इंटरफेथ मैरिज कमेटी का भी बचाव किया। पिछले साल दिसंबर में महाराष्ट्र सरकार ने इंटरफेथ और इंटर कास्ट शादियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए ये कमेटी बनाई थी। सरकार ने प्रस्ताव जारी कर बताया था कि ये कमेटी दूसरी जाति या धर्म में शादी करने के बाद अपने परिवार से अलग होने वाली लड़कियों की समस्याओं पर भी ध्यान देगी।

## गर्मियों में न हो बिजली की कटौती : ऊर्जा मंत्री



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**गर्मी** के मौसम में बिजली की रिकॉर्ड मांग के मद्देनजर केंद्र सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक बहु-आयामी रणनीति तैयार की है, ताकि गर्मियों में बिजली की कटौती न हो। ऊर्जा मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने सात मार्च को आगामी गर्मी के महीनों के दौरान बिजली की स्थिति की समीक्षा की है। विद्युत, कोयला और रेलवे मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के सा उन्होंने बिजली क्षेत्र की कंपनियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कोई लोड-शेडिंग न हो। ऊर्जा मंत्री ने आने वाले मौसम में बिजली की अधिक मांग को पूरा करने समेत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। सिंह ने बिजली कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि गर्मियों के मौसम में बिजली कटौती नहीं की जाए।

## सीएपीएफः पुरानी पेंशन पर सरकार ने नहीं दिया भरोसा




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय** अर्धसैनिक बलों में 'पुरानी पेंशन' लागू करने को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने जो फैसला सुनाया था, उसमें नया मोड आ गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 11 जनवरी को दिए अपने फैसले में कहा था कि 'सीएपीएफ' में आठ सप्ताह के भीतर पुरानी पेंशन लागू कर दी जाए। अदालत की वह अवधि होली पर खत्म हो चुकी है। केंद्र सरकार, उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ, सुप्रीम कोर्ट में तो नहीं गई, मगर अदालत से 12 सप्ताह का समय मांग लिया है। खास बात है कि सरकार ने हाईकोर्ट के समक्ष जो दलील दी है, उसमें 12 सप्ताह में 'ओपीएस' लागू करने की बात नहीं कही है। इस मुद्दे पर महज सोच-विचार के लिए समय मांगा है। इस अवधि में केंद्र सरकार, दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी जा सकती है या कानून के दायरे में कोई दूसरा रास्ता भी अख्तियार कर सकती है। केंद्र सरकार ने हाईकोर्ट में दी अपनी याचिका में ये सब अधिकार अपने पास सुरक्षित रखे हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने 11 जनवरी को दिए अपने एक एतिहासिक फैसले में 'सीएपीएफ' को 'भारत संघ के सशस्त्र बल' माना है। इन बलों में लागू 'एनपीएस' को स्ट्राइक डाउन करने की बात कही गई है।

**12 सप्ताह का समय**

= इस अवधि में केंद्र , दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी जा सकती है

## राहुल गांधी देश की एकता के लिए खतरनाकः किरेन

### अब ये लोगों को भारत को बांटने के लिए उकसा रहा है, भारत के चहेते प्रधानमंत्री का एकमात्र मंत्र है एक भारत, श्रेष्ठ भारत

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पप्पू कहा है। उन्होंने कैम्ब्रिज में राहुल के भाषण का वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा- कांग्रेस के स्वघोषित राजकुमार ने सारी हदें लांघ दी हैं। यह आदमी भारत की एकता के लिए बेहद खतरनाक हो गया है। अब ये लोगों को भारत को बांटने के लिए उकसा रहा है। भारत के लोकप्रिय और चहेते प्रधानमंत्री का एकमात्र मंत्र है एक भारत, श्रेष्ठ भारत।



**विदेशियों को नहीं पता कि राहुल पप्पू हैं- रिजिजूः** रिजिजू मे एक दूसरे ट्वीट में लिखा- भारत के लोग जानते हैं कि राहुल गांधी पप्पू हैं, लेकिन विदेशियों को नहीं पता है कि वे हकीकत में पप्पू हैं। उनके फूलिश (मूर्खतापूर्ण) स्टेटमेंट्स पर प्रतिक्रिया देने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन देश विरोधी ताकतें उनके देश विरोधी बयानों का इस्तेमाल भारत की इमेज बिगाड़ने के लिए कर रही हैं।

**बचकानी हरकत की**

= कैम्ब्रिज में राहुल के भाषण का वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा- कांग्रेस के स्वघोषित राजकुमार ने सारी हदें लांघ दी हैं।

**राहुल गांधी ने ब्रिटेन में बचकानी बातों से देश का सिर झुका दियाः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, राहुल गांधी विदेश जाकर रोते हैं। उनकी देश में कोई सुनता नहीं। ऐसी बचकानी बात करते हैं कि देश का सिर शर्म से झुक गया। एक बच्चे की तरह रो रहे हैं कि हमें यह नहीं करने दिया जा रहा है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ के फैसले पर विवाद

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिय**
**देश के** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने पर्सनल स्टाफ से 8 अधिकारियों को 20 संसदीय कमेटियों में नियुक्त किया है। उपराष्ट्रपति ऑफिस और राज्यसभा सभापति के ऑफिस से 4-4 अधिकारियों को इन कमेटियों में जोड़ा गया है। ये अधिकारी कमेटियों के काम में मदद करेंगे, जिसमें इनकी गोपनीय मीटिंग भी शामिल हैं। मंगलवार को जारी हुए एक ऑर्डर में राज्यसभा सचिवालय ने कहा कि अधिकारियों को कमेटियों में तत्काल प्रभाव से और अगले ऑर्डर तक के लिए जोड़ा गया है।

## राष्ट्रपति ने जलियांवाला बाग में शहीदों को नमन



**अमृतसर/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू अमृतसर दौरा पूरा करने के बाद मीठी यादों के साथ वापस लौट गई हैं। श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुबह लैंड होने के बाद प्रदेश के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उनका स्वागत किया। सांसद गुरजीत औजला भी इस दौरान साथ थे। वह सबसे पहले गोल्डन टेंपल पहुंची। गुरुघर में नतमस्तक होने के बाद वह जलियांवाला बाग और अब दुग्यार्णा मंदिर में नतमस्तक हुईं। उनके दौरे का अंतिम पढ़ाव श्री रामतीर्थ था। राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद द्रौपदी मुर्मू की यह पहली पंजाब फेरी थी। इसके बाद वह अब सीधा दिल्ली के लिए रवाना हो गईं।

## कांग्रेस को क्षेत्रीय पार्टियों का करना चाहिए सहयोगः के कविता



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**भारत** राष्ट्र समिति की नेता कलवाकुन्तल कविता ने गुरुवार को कहा है कि कांग्रेस अब एक राष्ट्रीय पार्टी नहीं रही। उसे अपना अहंकार त्याग क्षेत्रीय पार्टियों के साथ सहभागिता कर भारतीय जनता पार्टी को हराने के प्रयास करने चाहिए। मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव की बेटी कविता ने अपने खिलाफ हो रही जांच को राजनीतिक से प्रेरित बताया। उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी वर्ष होने की वजह से केन्द्र सरकार राज्य के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

के. कविता दिल्ली में महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में होने वाले 18 पार्टियों के धरने से जुड़ने और प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ में सम्मिलित होने आयी हैं। पीडीपी, अकाली दल, टीएमसी, जेडीयू, आरजेडी, एसपी, सीपीआई, एनसीपी, शिवसेना (उद्धव गुट), आप सहित अन्य पार्टियां शामिल होंगी।

## कानून सबके लिए बराबर, वह सीएम की बेटी ही क्यों न हो : किशन रेड्डी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** जनता पार्टी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता के आरोपों पर गुरुवार को पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की बेटी होने से उनके खिलाफ अगल कानून एवं संविधान लागू नहीं होगा। जांच एजेंसियां अपने ढंग से काम कर रही हैं और दोषी व्यक्तियों को जेल जाना ही होगा। भाजपा नेता एवं केन्द्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने पत्रकारों को



संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में करोड़ों रुपये का शराब नीति घोटाला हुआ है। इसमें कुछ लोग गिरफ्तार हैं और कुछ पर जांच चल रही है। सीबीआई और ईडी के पास मजबूत सबूत हैं। यह कोई बदले की कार्रवाई नहीं है। लेकिन केसीआर परिवार गलत बयानबाजी कर रहा है। उन्होंने कहा कि के चन्द्रशेखर राव गलत प्रचार कर प्रधानमंत्री बनने के सपने देख रहे हैं। इनकी सरकार में पांच साल तक एक भी महिला मंत्री नहीं थी। जिनके समर्थन से आज बीआरएस राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका तलाश रही है, वो पार्टियां जैसे सपा और राजग महिला आरक्षण विधेयक के विरोधी रही हैं।

**बीजेपी को टेंशन** राजस्थान आएगी कमेटी, 20-22 करोड़ वोटर टारगेट पर

## ओल्ड पेंशन स्कीम पर स्टडी कराएगी भाजपा

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**सरकारी** कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम देने के मुद्दे ने आखिर भाजपा को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। कर्नाटक की भाजपा सरकार ने ओपीएस के अध्ययन के लिए एक कमेटी बनाई है। यह कमेटी इसी महीने राजस्थान आएगी। कर्नाटक में दो महीने बाद होने वाले चुनावों के पांच-छह महीने बाद राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव होने हैं। ऐसे में लगता है कि ओपीएस पर इन राज्यों में भी भाजपा जल्द ही अपना रुख स्पष्ट करेगी। अगर ऐसा हुआ तो ओल्ड पेंशन स्कीम 13 महीनों के बाद होने वाले लोकसभा



चुनावों में बड़ा मुद्दा बनेगी। सीएम गहलोत ने बजट-2022 और बजट-2023 से ठीक पहले कर्मचारी संगठनों से बात की थी। गहलोत ने विभिन्न बोर्ड व आयोग के कर्मचारियों के लिए भी ओपीएस लागू करने की घोषणा की है। राजस्थान में मार्च-2022 में सीएम अशोक गहलोत ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की थी। गहलोत कई बार भाजपा को चुनौती देते हुए यह कहते रहे हैं कि आज नहीं तो कल, भाजपा की राज्य सरकारों और केन्द्र में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओपीएस लागू करनी ही पड़ेगी। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित विभिन्न जानकारों ने ओपीएस को अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताया है। अब चुनाव नजदीक आने पर भाजपा भी इस मुद्दे को अछूता नहीं रख पा रही है। राजस्थान भाजपा के प्रवक्ता आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि अभी तक प्रदेश में पार्टी ने ओपीएस पर कोई विचार नहीं किया है, विभिन्न राजनीतिक विषयों पर पार्टी समय आने पर विचार करती रही है।



# योजनाओं को समयबद्ध तरीके से करें क्रियान्वित: सीएम मनोहर

**सीएम ने प्रशासनिक सचिवों के साथ की अहम बैठक योजनाओं को समयबद्ध तरीके से करें क्रियान्वित, ताकि अमाजन को मिले त्वरित लाभ, हरियाणा रोडवेज की बसों में वरिष्ठ नागरिकों को किराये में 50 प्रतिशत छूट के लिए 65 वर्ष की आयु को घटाकर किया 60 वर्ष, 1 अप्रैल से होगा लागू**

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1 अप्रैल, 2023 से ही नई योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दें। बजट एक साल के लिए बनता है, इसलिए सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं का बारीकि से अध्ययन कर लें और योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करें, ताकि आमजन को त्वरित लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री आज यहां वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए रूपरेखा तय करने हेतू प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक कर रहे थे। बैठक में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, शहरी स्थानीय



निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक उपस्थित थे। मनोहर लाल ने कहा कि अपशिष्ट जल को शुद्ध करने उसे पुनः उपयोग में लाना महत्वपूर्ण परियोजना है, इसलिए ट्रीटेड वेस्ट वॉटर का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। पॉवर प्लांट में भी ट्रीटेड वेस्ट वॉटर का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्लान बनायें। इसके अलावा, उद्योगों तथा कृषि क्षेत्र में भी इसके उपयोग के लिए योजनाएं बनायें। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 100 किलोमीटर सीवर पाईपलाईन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे इसी वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा।

**पीएम-कुसुम योजना में हरियाणा देश में अग्रणी, इस साल 70 हजार सोलर ट्यूबवेल लगाने का लक्ष्य:** बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पीएम-कुसुम योजना के तहत किसानों को सोर ऊर्जा पम्प लगाने के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने के मामले में हरियाणा देशभर में अग्रणी राज्य है। इतना ही नहीं, इस वर्ष 70 हजार सोलर पंप लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में बताया गया कि म्हारा गांव झ जगमग गांव योजना के तहत 5694 गांवों को 24 घंटे बिजली दी जा रही है। शेष गांवों को भी जल्द इस योजना के तहत लाया जाएगा। 800 मेगावॉट पॉवर प्लांट, यमुनानगर की प्रारंभिक प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया गया है। इस वर्ष में कार्य आरंभ हो जाएगा। मनोहर लाल ने कहा कि आमजन को सुरक्षित, आरामदेय व किफायती परिवहन सेवाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से हरियाणा रोडवेज के बेड़े में बसों की संख्या को बढ़ाकर 5300 किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा रोडवेज की बसों में वरिष्ठ नागरिकों को किराये में 50 प्रतिशत छूट के लिए आयु को 65 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष करने का निर्णय लिया है, इसे 1 अप्रैल से लागू करना सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने बताया कि ई-टिकटिंग प्रणाली सभी जिलों में लागू की जा चुकी है।

> 8 अधिकारियों ने बताया कि ई-टिकटिंग प्रणाली सभी जिलों में लागू की जा चुकी है

# 'प्रदेश सरकार सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को करेगी हर संभव सहयोग

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में ऐतिहासिक गुरुद्वारों को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा संचालित किया जाएगा, इसके लिए जो भी सरकार से कमेटी को जरूरत होगी तो उनकी सभी जरूरतों को पूरा किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सरकार के जिम्मे जो भी कार्य लगाएगी, उसको पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुद्वारा थड़ा साहिब जोडिया में आयोजित होला-मोहल्ला समागम में शिरकत कर रहे थे। सबसे पहले उन्होने गुरुद्वारे मे माथा टेका और आर्शिवाद लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सिरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलजुल कर काम करेंगे तो बहुत बरकत होगी। उन्होंने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को आश्वासन दिलाया कि वह हर समय उनके साथ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक

> 8 इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सिरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया गया

योजनाएं चला रही है, महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठायें। मुख्यमंत्री ने होला-मोहल्ला समागम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस त्योहार की शुरूआत दशम गुरु गोबिंद सिंह जी ने की। होला-मोहल्ला का त्योहार बहादुरी, ताकत का त्योहार है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने इसकी शुरूआत सिखों में वीरता का रंग भरने के लिए की थी। हमें अपने गुरुओं के बलिदान को कभी नहीं भुलाना चाहिए। इस त्योहार के जरिये उन्हें सिखों को वीरता, एकता व शांति का संदेश दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने देखा कि उत्तर भारत में मुगलों द्वारा लोगों पर ज्यादा जुल्म किए जा रहे है तो उनका मुकाबला करने के लिए उन्होंने अपने वीर सैनिक बंदा सिंह बहादुर को इसकी जिम्मेवारी सौंपी। उन्होंने डट कर मुकाबला किया और इसी क्षेत्र के लौहगढ़ में अपनी पहली राजधानी बनाई। संत निश्चल सिंह ने यमुनानगर में गरीबों की सेवा की और 1952 में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की आवाज उठाकर यहां महिला शिक्षण संस्था स्थापित की। हमें ऐसे महान संत के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बाबा कर्मजीत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरु के सच्चे सेवक है। उन्होंने इस कार्यक्रम में पहुँच कर यह साबित भी कर दिया है। इस अवसर पर उन्होंने आश्वसन दिलाया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी समाज के कल्याण में भी बढ़चढ़कर भाग लेगी और सरकार का सहयोग करेगी।

पंजाबी साहित्य अकादमी हरियाणा के उपाध्यक्ष स. गुरविन्द्र सिंह धमीजा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन में अहम भूमिका निभाई है और आगे भी उनका हर संभव सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी को सरकार के साथ सहयोग करने की जरूरत है।

# एचएयू में कृषि विकास मेले का कृषि मंत्री जेपी दलाल करेंगे उद्घाटन

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 9 मार्च से तीन दिवसीय हरियाणा कृषि विकास मेला-2023 का आयोजन किया जाएगा। मेले के पहले दिन 10 मार्च को हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल मुख्यातिथि होंगे। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता भी मौजूद रहेंगे। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि मेले के दूसरे दिन 11 मार्च को केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी मुख्य अतिथि होंगे, जबकि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में व डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, इस अवसर पर श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक, आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई व हांसी के विधायक विनोद भ्याना भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि मेले के अंतिम दिन 12 मार्च,2023 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके अलावा, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव मनोज आहूजा मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त, नारनौंद के विधायक रामकुमार गौतम,



बरवाला के विधायक जोगीराम सिहाग व रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्ति मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा भी उपस्थित रहेगी। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को मेले का मुख्य विषय सटीक खेती और फसल विविधीकरण, 11 मार्च को मिलेट एक सुपर फूड और प्राकृतिक खेती व 12 मार्च को कृषि नवाचार मुख्य विषय रहेंगे। उन्होंने बताया कि किसान जारी लिंक पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। मेले में तीनों दिन पंजीकृत किसानों का लकी ड्रा निकाला जाएगा, जिसमें इनाम के तौर पर उन्हें ट्रैक्टर जीतने का मौका मिलेगा। मेले में किसानों को 30 लाख रुपये तक के इनाम वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बुवाई का मौसम शुरू होने से पहले जलभराव वाली कृषि भूमि की पहचान कर बाढ़ या रुके हुए पानी की समस्या से निपटने के लिए योजना तैयार करने के लिए दिए गए निर्देशों के चलते मुख्य सचिव संजीव कौशल ने आज कृषि एवं किसान कल्याण और सिचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक की। मुख्य सचिव ने राज्य में ऐसे क्षेत्रों की मैपिंग पूरी करने की समय सीमा भी निर्धारित की। उन्होंने अधिकारियों को कृषि तथा सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष में दो बार अर्थात प्रत्येक वर्ष 15 मई और 31 अक्टूबर तक जलभराव वाली भूमि का प्रमाणीकरण कराने के निर्देश भी दिये। प्रमाणीकरण उस भूमि के आकलन और दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया होती है।

# घरेलू कलह के चलते युवक ने की आत्महत्या

**रोहतक:** रोहतक में एक युवक ने सेक्टर चार स्थित अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी पत्नी उसे तंग रखती थी, जिसके चलते युवक ने यह कदम उठाया है। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सेक्टर चार स्थित एक मकान में किराये पर रहने वाले रवि ने सुबह सुबह घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता उस वक्त लगा जब परिजन उसके कमरे में गए तो देखा कि रवि का शव फंदे पर लटका हुआ है।

# महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज करनाल में होगा राज्यस्तरीय सम्मान समारोह

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
शुक्रवार को करनाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहुंचेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने बताया कि कार्यक्रम में 40 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा, जबकि राष्ट्रीय बालिका दिवस अवार्डों के लिए बालिका उत्थान के लिए 62 अवार्ड दिए जाएंगे। कार्यक्रम में पहला सुषमा स्वराज अवॉर्ड दिया जाएगा, जिसमें पांच लाख रुपये की राशि दी जाएगी। इसके साथ ही इंदिरा गांधी महिला शक्ति अवॉर्ड के तहत 1.50 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि महिला दिवस समारोह में कल्पना चावला शौर्य अवार्ड, लाइफ टाइम अचीवर्स अवार्ड, एएनएम/नर्सिज/महिला एमपीडब्ल्यू को पुरस्कार, स्पोर्ट्स वूमेन अवॉर्ड, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता अवॉर्ड, महिला इंटरप्रन्योर अवॉर्ड, स्त्री शक्ति अवार्ड, बेस्ट आंगनवाड़ी वर्कर्स को पुरस्कार दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में हरियाणा में शिक्षा, सांस्कृतिक, सेना, गायन, कला, चिकित्सा, समाज कल्याण, जागृति जागरण, सशक्तिकरण, खेल, पर्वतारोहण, उडान समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम करनाल की नई अनाज मंडी में होगा। कार्यक्रम में प्रदेशभर से हजारों महिलाओं के पहुंचने की सम्भावना है, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकताओं सहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी शामिल रहेंगी। समारोह में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की विशाल प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# 26वें अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिताओं की तैयारियां पूरी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा की मेजबानी में होने वाले 26वें अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिताओं की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 10 मार्च, 2023 से पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में फिक्सचर मैचों की शुरूआत होगी। 11 मार्च को केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव विधिवत रूप से इन खेलों की शुरूआत करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 26वें अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिताओं का मुख्य केन्द्र पंचकूला के सेक्टर -3 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम होगा। इस स्टेडियम में सभी प्रकार की दौड़ें पैदल चाल, बाधादौड़, चक्का फेंक, भाला फेंक, हैमर लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, ट्रिपल जंप, इनडोर गेम्स जैसे कि बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस और चेस बास्केटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वालीबॉल एवं रस्साकसी आयोजित होंगी। इसके आलावा, गोल्फ क्लब, सेक्टर -3 पंचकूला में गोल्फ तथा जिमखाना क्लब, सेक्टर -6 में लॉन टेनिस ब्रिज, स्नूकर, बिलियर्ड और स्क्वैश प्रतियोगिताएं होंगी। तीरंदाजी पंजाब विश्वविद्यालय के खेलकूद मैदान में तथा शूटिंग प्रतियोगिता शूटिंग रेंज चण्डीगढ़ में होगी। भरोतोलन प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय सेक्टर - 1 पंचकूला में आयोजित होगी। प्रवक्ता ने बताया कि 10 मार्च को फिक्सचर राउंड के तहत एथलेटिक्स गेम्स, जिनमें दौड़, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, रिले रेस की विभिन्न श्रेणियों की प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अलावा, भारोत्तोलन प्रतियोगिताएं, शतरंज, कैरम सिंगल, कैरम डब्ल्स, कैरम मिक्सड डबल्स, टेबल टेनिस सिंगल, बैडमिंटन सिंगल पुरुष,, बैडमिंटन डबल्स पुरुष, लॉन टेनिस सहित कई खेल आयोजित किए जाएंगे।

# सांप्रदायिक ताकतें कर रही हैं देश को तोड़ने का काम: गुरनाम चढ़ूनी

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि आज देश के हालात बहुत खराब हो चुके हैं। देश में जाति, धर्म, मजहब के नाम पर बांटकर सांप्रदायिक ताकतें देश को तोड़ने का काम कर रही हैं। भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुवार को गांव नरड़ में भाकियू जिला अध्यक्ष महावीर चहल नरड़ के निवास पर भाकियू कार्यकताओं व ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। यहां पहुंचने पर महावीर चहल नरड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं व शॉल भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रात के अंधेरे में पंचकूला से सरपंचों को जबरन उठाना सरकार की धक्काशाही व तानाशाही को दर्शाता है। सरकार सरपंचों को बातचीत के लिए ना बुलाकर अपनी मनमानी पर उतर रही है। वर्तमान सरकार को बदलने के लिए हर वर्ग के लोगों को इकट्ठा होना पड़ेगा, तभी जाकर इस सरकार से मुक्ति मिल सकती है। युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह मथाना ने कहा कि पंचायती राज एक ऐसा संस्थान है जो न केवल आजादी के बाद भारत देश का हिस्सा है बल्कि हमारी संस्कृति का भी अटूट हिस्सा है।

# भारतीय समाज में महिलाओं को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है: राज्यपाल

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारतीय समाज में महिलाओं को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि वेदों, पुराणों, ग्रंथों में महिलाओं को श्रेष्ठ के रूप में देखा गया। महिला के नाम के बाद ही पुरुष के नाम को जोड़ा गया और सीता राम और राधे श्याम कहकर बोला जाता है। यही हमारी संस्कृति है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय राजभवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को सम्मानित करने के दौरान बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि



महिलाएं हर क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं और विशेष तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में वो लड़कों से आगे निकल रही हैं। महेन्द्रगढ़ के विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में 24 में से 18 मैडल लड़कियों ने प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि बड़े गौरव की बात है कि आज हमारे बीच में श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एक महिला राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर रही हैं, जिन्होंने बहुत ही संघर्ष में और प्रेरणादायी जीवन जीया है। उन्होंने कामकाजी महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे शुरूआत भले ही छोटे पद से कर सकती हैं परंतु वहां रुकना नहीं है। अपितु अपनी शिक्षा को बढ़ाना है आगे और पढकर बड़े पदों पर जाना है। इस बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बेहतर मिशाल नहीं मिल सकती। राज्यपाल ने महिलाओं के साथ संवाद भी किया और विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं से बातचीत करते हुए विचार साझा किए और जीवन में उन्नति के मार्ग की राह प्रशस्त की।

> 8 महिला के नाम के बाद ही पुरुष के नाम को जोड़ा गया और सीता राम और राधे श्याम कहकर बोला जाता है

उन्होंने महिलाओं को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती परीशा शर्मा, बाल कल्याण परिषद की मानद सचिव श्रीमती रंजीता मेहता, डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की कुलपति डा. अर्चना मिश्रा सहित समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं उपस्थित रही।

# राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने दिए विकास कार्यों को गति

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण ही नहीं, शहरी आंचल में भी विकास कार्यों की योजना बनाकर उनकी समय से मंजूरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को राजेंद्रा सेठ कालोनी स्थित अपने कैंप कार्यालय में हलके से आए नागरिकों से मुलाकात करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के आदेश दिए। आमजन से रूबरू होते हुए राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि कलायत हलके में पीने के पानी की किल्लत, गंदे पानी की निकासी, खेतों के कच्चे रास्तों को पक्के कराने, नई सडकों के निर्माण को लेकर तैयार की गई योजनाएं तेजी से सिरे चढ़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए मूलभूत संसाधन के लिए सभी विभागों का आपसी समन्वय भी मजबूत किया जा रहा है, ताकि मंजूर होने के बाद विकास कार्य को निर्धारित अवधि में पूरा किया जा सके।

# एचसीएस व अन्य सेवाओं के लिए 100 पदों पर होगी भर्ती

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की ओर से प्रदेश में हरियाणा सामान्य सेवाएं (एचसीएस) और संबद्ध सेवाओं के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। एक माह पूर्व 9 फरवरी को आयोग की ओर से अधिसूचना जारी करते हुए 95 पद विज्ञापित किए थे। अब इनमें पांच पद और जोड़ दिए गए हैं। इन पदों पर नियुक्तियों के बाद राज्य में चल रही प्रशासनिक अधिकारियों की कमी दूर होगी। हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा संशोधित करके जारी किए गए शेड्यूल के मुताबिक एचसीएस और यातायात प्रबंधक के एक-एक पद की कटौती की गई है। अब एचसीएस के 10 पदों की

> 8 इन पदों पर नियुक्तियों के बाद राज्य में चल रही प्रशासनिक अधिकारियों की कमी दूर होगी

बजाय नौ और ट्रैफिक मैनेजर के तीन पदों की जगह दो पदों पर भर्ती की जाएगी। वहीं, ह्यएह्न क्लास तहसीलदार के सात पदों की बढ़ोतरी की गई है। ह्यएह्न क्लास तहसीलदार के पदों को चार से बढ़ाकर 11 कर दिया गया है। सामान्य सेवाओं के लिए उम्मीदवार 12 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। बाकी शर्तें विज्ञापन संख्या 11/2023 के अनुसार बरकरार रहेंगी। इनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# धन्ना भगत की जयंती अप्रैल में राज्य स्तर पर मनाई जाएगी: मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि हर समाज में संत महापुरूष हुए हैं, उनकी शिक्षाओं को जन- जन तक पहुंचाने के लिए संत महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना को लागू किया है इसके लिए 10 करोड़ रुपए से अधिक के बजट का भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री आज यहां प्रदेशभर से आए अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रहे थे। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, सांसद कृष्णलाल पंवार, श्रीमती सुनीता दुग्गल उपस्थित रहे।

**संतो की बनाई गई मर्यादाओं का समाज में होगा पालन:** मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों की शिक्षाएं बहुत ही प्रभावी और कारगर होती हैं। समाज में संतों की धारा का प्रचलन हो, इसके लिए संत कबीर दास, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि सहित अनेक महापुरुषों के जन्म दिवस सरकारी तौर पर मनाए जा रहे है। इसमें हर वर्ग के महापुरुषों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में धन्ना भगत की जयंती भी सरकारी तौर पर मनाई जाएगी।

**युवा रोजगार लेने की बजाय रोजगारदाता बनें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के लोगों को आर्थिक रूप से सम्पन्न करने के लिए आयपरक साधन



अपनाने चाहिए। विशेषकर युवाओं को शिक्षा, कौशल और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढना चाहिए। उन्होंने कहा कि उद्योग लगाने के लिए अनुसूचित जाति के युवाओं को भूमि खरीद पर 20 प्रतिशत रियायत प्रदान की जा रही है। इसलिए युवाओं को जॉब लेने की बजाय जॉब देने वाले बनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जिन परिवारों की आय 1.80 लाख रुपए से कम है। ऐसे युवाओं के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत अब तक 36 हजार युवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है। लगभग 2 लाख ओर परिवारों की सहायता करने के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**दिव्यांगों के प्रमाण पत्र भी बनेंगे ऑनलाइन:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पीपीपी के माध्यम से हर परिवार तक पहुंचाने का कार्य किया है। इससे उस परिवार की आय, रोजगार, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य की पूरी जानकारी एकत्र की जा रही है। उन्होंने कहा कि 60 साल की आयु होते ही पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन माध्यम से तुरंत प्रदान किए जा रहे है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत एक करोड़ 21 लाख लोगों को 5 लाख रुपए तक स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अंत्योदय की भावना से कार्य करना समाज के प्रति सकारात्मक सोच को दर्शाता है। इस प्रकार वर्तमान में मुख्यमंत्री समाज के मार्गदर्शक के रूप में उभर रहे है। उन्होंने संत रविदास जयंती पर समाज के लिए अनेक घोषणाएं करके बेहतर संदेश देने का काम किया है। इसके अलावा चिकित्सकों के पीजी कोर्स में भी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को पंगड़ी पहनाकर, शॉल,एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

# पलवल: भाजपा गठबंधन सरकार से सभी वर्ग परेशान अभय सिंह चौटाला

## -पदयात्रा के दौरान वे हर रोज 20 से 25 किलोमीटर पैदल चल रहे हैं

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
**होली के पा**वन पर्व के उपलक्ष में दो दिन के विश्राम के बाद इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में ह्यह्यपरिवर्तन पदयात्रा आपके द्वारह्लह्ल गुरुवार को बारहवें दिन पलवल हलके के गांव अटोहा से शुरू हुई। जगह-जगह पर लोगों ने गर्मजोशी के साथ अभय सिंह चौटाला का जोरदार स्वागत किया। गांव छज्जुनगर वही गांव है जहां जननायक ताऊ देवी लाल और ओम प्रकाश चौटाला मुख्यमंत्री रहते हुए इस गांव में ठहरा करते थे। अभय सिंह चौटाला ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 में हर हाल में हरियाणा में परिवर्तन आएगा। आज इस सरकार से नौजवान, किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, गृहिणी समेत सभी वर्ग बेहद दुखी हैं और इस



बेरहम सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुणी करने का वादा किया था। 2022 चला गया लेकिन किसानों की आय तो दोगुणी नहीं हुई लेकिन किसान पर कर्जा बढ़ता चला गया है। आज रोजमर्रा की वस्तुएं आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रही हैं। रसोई गैस सिलैंडर और पैट्रोल-डीजल के दाम निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। इस सरकार ने आम आदमी की कमर तोड़ने का काम किया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा के 21 लाख किसान कर्जदार हैं। युवा वर्ग तो इस सरकार से सबसे अधिक मायूस है। भाजपा गठबंधन सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकामयाब रही है।

> 8 नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में गुरुग्राम के 43 सरकारी स्कूलों ने वर्चुअली भाग लिया

इनेलो नेता ने कहा कि परिवर्तन पदयात्रा के दौरान वे हर रोज 20 से 25 किलोमीटर पैदल चल रहे हैं और अब तक 12 दिनों में करीब 125 गांवों में जा चुके हैं। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज बेरोजगारी में हरियाणा पहले स्थान पर आ गया है। इनेलो प्रधान महासचिव ने कहा कि इस सरकार ने मर्ज करने के नाम पर 300 के करीब स्कूल बंद कर दिए। स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही 22 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं।

# कितनी फीस वसूली, शिक्षकों का कितना बढ़ाया वेतन, निजी स्कूलों को देनी होगी जानकारी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले शपथपत्र देना होगा। शिक्षा निदेशालय ने अदालती झगड़ों से निपटने के लिए सभी निजी स्कूलों से आगामी शिक्षा सत्र में बच्चों से ली जाने वाली फीस, फंड, छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं और अध्यापकों को दिए जाने वाले वेतन का ब्योरा मांगा है। स्कूल संचालकों को फार्म-6 के आनलाइन पोर्टल पर पीडीएफ फार्मेट में तमाम वांछित जानकारी अपलोड करनी होगी। शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और मौलिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश में मान्यता प्राप्त कुल 9880 निजी स्कूल हैं। इनमें 3134 सीनियर सेकेंडरी, 2061 हाई स्कूल, 3439 मिडिल स्कूल और 1237 प्राइमरी स्कूल हैं। इन सभी स्कूलों को हर साल फीस बढ़ाने से पहले निर्धारित तिथि तक निदेशालय को फार्म-6 भरकर देना होता है। जो स्कूल तय अवधि में फार्म-6 भरकर नहीं देता, उसे अगले शैक्षणिक सत्र में फीस बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाती। वर्तमान में बड़ी संख्या में निजी स्कूल ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक फार्म-6 नहीं भरा है। नियमानुसार फार्म-6 पर दी गई प्रस्तावित फीस व फंड्स के ब्योरे व अन्य सभी जानकारी की जांच पड़ताल करने के बाद शिक्षा निदेशक से मंजूरी मिलने के बाद ही स्कूल संचालक आगामी शिक्षा सत्र में फीस बढ़ा कर वसूल सकते हैं। परंतु स्कूल प्रबंधक पिछले कई शिक्षा सत्रों से इस नियम का उल्लंघन कर रहे हैं।

वह भी तब, जबकि स्कूलों द्वारा ली जाने वाली फीस व फंड्स को नियंत्रित व निगरानी करने के लिए प्रत्येक मंडल में मंडल कमिश्नर की अध्यक्षता में फीस एंड फंडस रेगुलेटरी कमेटी गठित की गई हैं। शिक्षकों की कम तनख्वाह से लेकर बच्चों की फीस अनाप-शनाप बढ़ाने को लेकर हाई कोर्ट में केस चल रहे हैं।
शिक्षा निदेशक ने आदेशों में साफ किया है कि सभी निजी स्कूलों को निर्धारित फार्मेट में शिक्षण स्टाफ का वेतन, अधिकतम अनुमेय शुल्क वृद्धि, मौजूदा छात्रों पर लागू शुल्क संरचना और नया दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए शुल्क संरचना की जानकारी पोर्टल पर देनी होगी। साथ ही बताना होगा कि स्टाफ के वेतन में पिछले साल जनवरी की तुलना में इस साल जनवरी तक कितने प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। अदालती मुकदमों में इन दस्तावेजों को साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

# हिसार: दहेज प्रताड़ना के दोषी मां-बेटे को 10-10 साल कैद

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
एडीजे अमित सहरावत की अदालत ने विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पति व सास को दोषी करार देते हुए 10-10 साल कैद की सजा सुनाई है। इन पर दहेज में एलईडी व मोटरसाइकिल न मिलने पर विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप है। अदालत में चले मामले के अनुसार दादरी के प्रेम नगर की ढाणी फोगाट की रहने वाली राजवंती ने बरवाला थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके पति राजकुमार की मौत वर्ष 2016 में हो चुकी है। उसके पांच बच्चे है। उसने अपनी बेटी किरण की शादी तीन सितंबर 2019 को बरवाला के राजेश उर्फ राज के साथ की थी। उसकी बेटी किरण से उसका पति राजेश, सास राजबाला, ससुर ईश्वर सिंह दहेज के लिए मारपीट करते थे। उसने बेटी किरण को दहेज में टीवी दिया था, लेकिन किरण का पति राजेश बार-बार एलईडी और मोटरसाइकिल की मांग करता था। लॉकडाउन से पहले किरण के साथ मारपीट करके किरण को अपनी मौसी संगीता के पास बुरटाना छोड़ दिया था। कहा था कि दहेज लेकर ही उसके घर आए। इसके बाद किरण व राजेश को समझाकर वापस बरवाला भेज दिया। पांच जुलाई 2020 को राजेश व उसके परिवार वालों ने किरण के साथ मारपीट करके उसे मायके भेज दिया।

# पलवल: रंगों की होली पर चली गोली, एक मौत

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
उपमंडल हथीन के गांव गहलब में होली का पर्व अभिशाप में बदल गया। गांव के 26 वर्षीय युवक की 2 दिन पहले हुई मामूली कहासुनी को लेकर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने धुलेड़ी की शाम गोली मार हत्या कर सनसनी फैला दी। मृतक युवक के पिता की शिकायत पर बहीन थाना पुलिस ने 6 नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार चार आरोपितों को पुलिस ने काबू कर लिया है। दो अन्य की तलाश जारी है। बुधवार को जहां देशभर में प्रेम और भाईचारे के प्रतीक होली के पावन पर्व पर लोगों द्वारा एक - दूसरे को रंग लगाकर व



गले मिलकर बधाई दी जा रही थी। वही देर शाम गांव गहलब में एक 26 वर्षीय युवक महेश सहरावत की गांव के ही आधा दर्जन युवकों ने गोली मार हत्या कर दी। इस मामले में मृतक महेश के पिता शेर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि बुधवार की शाम करीब 8 बजे उन्हें सूचना मिली कि उसके बेटे पर हमला हुआ है। जैसे ही वह घटनास्थल गांव के अड्डे पर पहुंचे। तो वहां उन्हें महेश का दोस्त मुकेश मिला। मुकेश ने बताया कि वह दोनों बाइक पर सवार होकर गांव के अड्डे पर

> ~~8 भारतीय टीम की घोषणा की है। कैथल की मनीषा मौन का 57 किलोग्राम भार वर्ग में की का चयन हुआ है~~

पहुंचे थे। वहां पहले से घात लगा कर बैठे आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने महेश को गोली मार दी। पीड़ित के अनुसार इस वारदात में गांव गहलब निवासी धर्मपाल पुत्र होशियार और शेखर पुत्र ब्रह्मजीत, गदपुरी निवासी मुकेश उर्फ सूखा पुत्र जयपाल, दानी उर्फ लंगड़ा निवासी गांव कामर यूपी, दो तीन अन्य भोला पुत्र बिजेंद्र नम्बरदार, सूरज पहलवान पुत्र धर्मवीर निवासी गहलब सभी ने महेश को घेर लिया। मुकेश उर्फ सुखा ने

# घोटाले के आरोपों से घिरे नई अनाज मंडी के प्रधान ने दिया इस्तीफा

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
करोड़ों रुपये के घोटालों के आरोपों से घिरे नई अनाज मंडी कैथल के प्रधान श्याम लाल गर्ग ने इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में नई अनाज मंडी के आढ़तियों की एक हंगामेदार बैठक हुई। नई अनाज मंडी के प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया। इसके बाद सुरेंद्र सरदाना को कार्यकारी प्रधान नियुक्त किया गया। बैठक में मंडी के पूर्व प्रधान कृष्ण मित्तल ने लेखराज एंड संस के मामले में प्रधान पर करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया। जिसको उन्होंने नकारते हुए कहा कि जो भी फैसला हुआ वह मंडी के सभी आढ़तियों से पूछ कर किया गया है। फर्म किसान राइस मिल के मामले में भी प्रधान पर फैसला न करवाने से इनकार करने का आरोप लगाया। एक अन्य आढ़ती रोशनलाल ने केपी राइस के मामले में भी नाम सहित तीन आढ़तियों पर भी घोटाले का आरोप लगाया। इन आरोपों के बाद प्रधान श्यामलाल ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया।

# 4500 से ज्यादा पंचायतों ने ई-टेंडरिंग के तहत विकास कार्य शुरू किए: देवेंद्र बबली

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रदेश में 4,500 से ज्यादा पंचायतों ने ई-टेंडरिंग के तहत विकास कार्य शुरू कर दिए हैं। उन्होंने अन्य पंचायतों से भी संबंधित प्रणाली के तहत कार्य करवाने का आग्रह किया। साथ में उन्होंने कहा कि गांव की जनता ने सरपंचों को विकास के लिए चुना है विनाश के लिए नही। उन्होंने कहा कि सम्बंधित प्रणाली में यदि कोई खामी या कोई परेशानी होगी तो सरकार द्वारा उसमें सुधार किया जाएगा। इस कार्यक्रम से भविष्य में ग्रामीण स्तर पर मजबूत एवं विकास परक व्यवस्था का आगाज होगा। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली वीरवार को गांव दनौदा खुर्द स्थित बाबा विचारपुरी धाम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए सरकार द्वारा क्रियान्वित नौ सूत्रीय कार्यक्रम के तहत विशेष ब्लूप्रिंट तैयार किया गया है। इसमें गांवो दर गांवो लाइब्रेरी की स्थापना, पुराने सार्वजनिक भवनों का नवीनीकरण, ग्रामीण खेल स्टेडियम तथा ओपन जिम की व्यवस्था, पार्कों का निर्माण, तालाबों का सौंदर्यीकरण, गांवो की फिरनी को पक्का कर स्ट्रीट लाइट लगवाना, व्यामशालाएं बनवाना, पंचायतों द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने पर अत्याधुनिक सामुदायिक केंद्र का निर्माण करवाना शामिल है। इसके अलावा गांवों के स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत घरों, ग्राम सचिवालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों में समुचित बिजली सप्लाई एवं पेयजल की व्यवस्था करवाने पर सरकार का मुख्य फॉक्स है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने आगे कहा कि सभी ग्राम पंचायतें सरकार द्वारा जारी धनराशि को 31 मार्च तक विकास परियोजनाओं पर खर्च करना सुनिश्चित करें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में जेल वार्डन ने फांसी लगा की आत्महत्या

**जींद:** जींद सस्पेंड चल रहे जेल वार्डन ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सोमबीर ढाका ने गुरुवार को बताया कि उसके परिजनों के अनुसार मृतक जेल वार्डन के पद से निलंबित था।

# 'जनहित योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित करें अधिकारी'

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
**अम्बाला के सांसद रतन लाल कटारि**या ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह बिलासपुर में गुरुवार को उपमण्ड़ल बिलासपुर के अधिकारियों की बैठक ली। सांसद ने उपमण्डल में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि उपमंडल बिलासपुर क्षेत्र में कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके है और कौन से कार्य लम्बित है। उन्होंने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनके विकास पट्ट/उद्घाटन उनसे करवाये जाएं।

> 8 यह वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है और जो उनके विभागों के लक्ष्य है उन्हें पूरा किया या नहीं तथा ग्रांट तो खत्म नहीं हो रही

सांसद ने अधिकारियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि जनता की जो भी समस्याएं है उनका समय पर समाधान हो और सरकार की जनहित नीतियों का लाभ पात्र लोगों को मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जो कार्य किये गये है, और फ्लैगशिप योजनाएं चलाई जा रही है। वे नीचे तक पहुंचे जिससे कि सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास का मूलमंत्र सार्थक सिद्ध हो पाए। उन्होंने कहा कि यह वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है और जो उनके विभागों के लक्ष्य है उन्हें पूरा किया या नहीं तथा ग्रांट तो खत्म नहीं हो रही। इसकी भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज प्रति व्यक्ति आय दुगनी हुई है।

# शिक्षा विभाग ने फार्म 6 के साथ मांगा एफिडेविट

## मंच का आरोप, अभिभावकों से बढ़ी हुई फीस वसूल लेने के बाद मांगा जा रहा है उसका ब्यौरा

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
निदेशक सेकेंडरी शिक्षा पंचकूला ने एक और पत्र सार्वजनिक करके फार्म 6 पर संशोधित ब्यौरा मांगा है। फार्म 6 के साथ प्रबंधकों से एफिडेविट मांगा गया है कि उन्होंने नए शिक्षा सत्र में कितनी फीस बढ़ाई है और उसके हिसाब से अपने अध्यापकों की कितनी तनख्वाह बढ़ाई है। इससे पहले शिक्षा निदेशक ने 28 फरवरी को पत्र जारी करके कहा था कि स्कूल प्रबंधक फार्म 6 में कॉलम 12 व 13 में मांगी गई जानकारी भरकर नहीं दे रहे हैं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा और प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने गुरुवार को कहा है कि प्राइवेट स्कूलों को नियम के अनुसार फार्म 6 के साथ बैलेंस शीट व ऑडिट रिपोर्ट लगाना अनिवार्य है। इसके बिना फार्म 6 अधूरा माना जाएगा। शिक्षा निदेशक ने अपने दोनों पत्रों में इसका जिक्र नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कॉलम 12 में शिक्षा सत्र 2023 -24 में छात्रों से 2022-23 के मुकाबले बढ़ाकर ली जाने वाली फीस व कालम 13 में नए शिक्षा सत्र में नए दाखिलों में वसूली गई फीस का ब्यौरा भर कर देने को कहा गया था। मंच ने सबसे बड़ा आरोप यह लगाया है कि स्कूल संचालकों ने नए शिक्षा सत्र के लिए प्राथमिक कक्षाओं सहित अन्य कक्षाओं में दाखिले नवंबर से जनवरी महीने के बीच करके मनमानी रूप से बढ़ाई गई फीस अभिभावकों से वसूल ली है। वाकी अभिभावकों से बढ़ी हुई फीस अप्रैल में वसूल कर ली जाएगी।
ऐसे में फार्म 6 में भरी गई फीस व अन्य ब्योरे की सत्यता की जांच कब और कैसे हो पाएगी। स्कूल प्रबंधक फार्म 6 में कोई भी मनमानी फीस लिख दें जब उसकी वैधानिकता व सत्यता की जांच ही नहीं होनी है तो फार्म है 6 सिर्फ एक कागजी कार्यवाही है। मंच फार्म 6 की वैधानिकता, प्राइवेट स्कूलों द्वारा हर साल बढ़ाई जा रही मनमानी ट्यूशन फीस व अपनी मर्जी से बनाए गैर गैर कानूनी फंडों में वसूली जा रही फीस व हुडा विभाग की जमीन पर बने प्राइवेट स्कूलों द्वारा किए जा रहे हुडा नियमों के उल्लंघन आदि को लेकर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करेगा। जिसमें शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक, हुडा मुख्य प्रशासक,एस्टेट ऑफीसर प्रशासक, चेयरमैन एफएफआरसी को भी पार्टी बनाया जाएगा।



# 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: भव्य ढंग से मनेगा राज्य स्तरीय समारोह'

## सभी तैयारियां मुकम्मल, करीब 12 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना, समारोह में मुख्यमंत्री

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार 10 मार्च को नई अनाज मंडी करनाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों की टीम के साथ समारोह स्थल का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से करीब 12 हजार महिलाओं के पहुंचने की सम्भावना है, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल रहेंगी। समारोह में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की विशाल प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।



दौरे के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त अमनीत पी.कुमार, निदेशक मोनिका मलिक, संयुक्त निदेशक डॉ. राजबाला कटारिया तथा स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों में एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम घरौंडा अदिति, एसडीएम इंद्री राजेश पुनिया, एमडी शुगर मिल डॉ.पूजा भारती, नगराधीश अमन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला तथा सभी सीडीपीओ मौजूद रहे।

उपायुक्त अनीश यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस राज्य स्तरीय समारोह की जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि इस समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढांडा, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली, हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रहेगी। समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अवार्ड देकर पुरस्कृत तथा सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से समारोह स्थल पर पुलिस विभाग द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। समारोह स्थल की भव्य साज सज्जा के साथ-साथ महिलाओं के बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, सुलभ शौचालय तथा उनके आने-जाने की व्यवस्था तथा जलपान की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की गई है। इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे, अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि समारोह की कवरेज के लिए मीडिया के लिए अगले से बैठने की व्यवस्था की गई है।

इन पुरस्कारों से उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को किया जाएगा पुरस्कृत महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त अमनीत पी.कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा सरकार द्वारा उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरस्कार के तहत 5 लाख रुपये की राशि, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत 1 लाख 50 हजार रुपये, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के तहत 1 लाख रुपये, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के तहत 1 लाख रुपये, लाईफ टाईम अचीवर्स अवार्ड के तहत 51 हजार रुपये, एएनएम, नर्स/महिला एमपी डबल्यू पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये, महिला खिलाड़ी को 21 हजार रुपये, सरकारी कर्मचारी को 21 हजार रुपये, सामाजिक कार्यकर्ता को 21 हजार रुपये तथा महिला उद्यमी को 21 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित जाएगा।

## योग और प्राणायाम जीवन का आधार: गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग द्वारा भारत के लोगों को स्वस्थ करने के उद्देश्य से योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा विभिन्न योग कक्षाएं चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में प्रारंभ की गई योग कक्षा में योग सेवकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया।
दिनेश गुलाटी ने बताया कि हेल्दी और फिट रहने के लिए रूटीन में एक्सरसाइज व योग को शामिल करना बेहद जरूरी है। आज की व्यस्त जीवनशैली में योग ही स्वास्थ्य के लिए एकमात्र साधन है। योग और प्राणायाम जीवन का आधार है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग से बेहतर कुछ नहीं है और उनके द्वारा चलाए गए अभियान द्वारा हजारों लोग स्वस्थ हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा यह मिशन निरंतर जारी रहेगा। कक्षा में उन्होंने साधकों को विभिन्न तरह के सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया और विधिपूर्वक अभ्यास भी करवाया।

## न्यूज फ्लैश

### बुजुर्ग महिला की हत्या करने वाले आरोपी को मौके पर पकड़ा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्थानीय** हकीकत नगर में एक युवक ने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। बुजुर्ग महिला के पति ने आरोपी युवक को मौके पर ही पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक अपने कुछ साथियों के साथ मकान में रहता था और वहीं पर शराब पी रहा था। बुजुर्ग महिला निर्मला की हत्या की खबर से परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। परिजनों ने आरोपी युवक के कमरे पर पहुंच कर उसके साथियों के साथ मारपीट भी की। यहां पर जमकर हंगामा हुआ। मृतक महिला के पति धर्मपाल ने बताया कि बुधवार को होली का त्योहार था और खाना खाने के बाद वह दूसरे मकान में चला गया था। इसी दौरान एक युवक उसके घर में घुस गया और उसकी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। बुजुर्ग का कहना है कि किसी ने उसे बताया कि उनके घर में कोई युवक गया है, जिसके बाद वह घर पहुंचा और उसने घर से बाहर निकलते युवक को पकड़ लिया बुजुर्ग व्यक्ति का आरोप है कि जब उसने युवक को पकडा तो उसने उसके साथ हाथापाई भी की और गला तक दबा दिया, लेकिन उसने आरोपी को नहीं छोड़ा। आसपास के लोगों की मदद से आरोपी को काबू कर लिया। वहीं परिजन महिला को अस्पताल में लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि मृतक महिला के परिजनों ने एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। आरोपी से पूछताछ की जाएगी और परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गांव** रसूलपुर कलां में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर उनकी बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने हत्या की धाराओं में ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुरूक्षेत्र जिला के जडोली खुर्द गांव की लडकी की शादी 14 साल पहले रसूलपुर गांव के प्रवीन के साथ हुई थी। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन का पति कई सालों से उसकी बहन को परेशान करता था और उसी के चलते उस जहर देकर मारा गया है। मृतका के भाई गुरमीत सिंह ने बताया कि उसकी बहन परमजीत कौर बीती 5 मार्च को अपने मायके आई थी। वह 6 जनवरी को ससुर की मौत के बाद रीति-रिवाज के अनुसार उनके कपड़े देने आई थी। अगले दिन 6 मार्च को ठीक-ठाक अपने ससुराल गई थी। वापस जाने पर परमजीत के ससुराल पक्ष के लोगों ने उसको जहर देकर उसकी हत्या कर दी। गुरमीत ने बताया कि उसकी बहन परमजीत के पास दो बच्चे है। उसकी बहन को शुरू से ही ससुराल पक्ष के लोग परेशान करते थे। कई बार पंचायतें भी हुई और हर बार ससुराल पक्ष के लोगों ने पंचायत मे ठीक रखने बारे बोल कर राजीनामा कर लिया, लेकिन फिर भी नहीं सुधरे। घटना की सूचना के बाद कुंजपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लाया गया और शव का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया। थाना कुंजपुरा के प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने महिला के मायके पक्ष की शिकायत पर पति, सास, देवर व दो मामाओं के खिलाफ मामला दर्ज लिया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### वी भारत की महिलाओं के लिए लाया एक्सक्लुजिव ऑफर्स, अब वी ऐप पर ढूंढ सकेंगी अपनी पसंद की नौकरी

**गुरुग्राम।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारत की महत्वाकांक्षी महिलाओं को अपने सपनों की नौकरी ढूंढने में मदद करने के लिए भारत का अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी भारत के सबसे बड़े जॉब सर्च प्लेटफॉर्म अपना के साथ साझेदारी में भारत की महिलाओं के लिए नौकरियों के हजारों अवसर लेकर आया है। महिलाएं वी ऐप के वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन प्लेटफॉर्म पर अध्यापक, टैलीकॉलर्स, रिसेप्शनिस्ट, हजारों पार्ट-टाईम एवं वर्क-फ्रॉम-होम नौकरियों के लिए आवेदन कर सकती हैं। वी के इन प्रयासों के साथ अधिक से अधिक महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पाकर कार्यबल में शामिल हो सकेंगी। इसके अलावा वी ने अपना के साथ साझेदारी में उन सभी महिलाओं के लिए प्लेसमेन्ट-गारंटीड ट्रेनिंग प्रोग्राम पर रु 5000 की छूट की घोषणा भी की है, जो टैली-कॉलर्स बनना चाहती हैं। अंग्रेजी भाषा में कौशल बढ़ने से एक व्यक्ति के करियर में सुधार और अच्छी नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसी के मद्देनजर इस अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वी उन महिलाओं के लिए स्पेशल ऑफर लेकर आया है जो अपने अंग्रेजी भाषा कौशल में सुधार लाना चाहती हैं। भारत के अग्रणी इंग्लिश लर्निंग प्लेटफॉर्म एनगुरू के साथ साझेदारी में वी ने इंग्लिश लर्निंग कोर्स पर भी 50 फीसदी छूट की घोषणा की है, विशेषज्ञों द्वारा संचालित इस कोर्स के द्वारा महिलाएं अनलिमिटड इंटरैक्टिव लाईव क्लासेज का लाभ उठा सकती हैं। अधिक से अधिक महिलाएं कार्यबल में शामिल हो सकें और अपनी पेशेवर पहचान बना सकें, इसके लिए वी कई महत्वपूर्ण विषयों पर वेबिनार्स की एक श्रृंखला का आयोजन भी कर रहा है जैसे अपना एवं एनगुरू के साथ साझेदारी में महिलाओं के लिए करियर काउन्सलिंग और अंग्रेजी कैसे महिलाओं को सशक्त बना सकती है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

## पति से विवाद के चलते महिला ने की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्थानीय दयाल** सिंह कालोनी में एक महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

महिला नेपाल की रहने वाली थी और नेपाल के ही युवक के साथ कॉलोनी में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।
महिला करिश्मा (26 वर्षीय) करनाल की दयाल सिंह कॉलोनी में किराए के कमरे में नेपाल के युवक राजेंद्र प्रसाद के साथ लिविंग रिलेशन में रह रही थी। दोनों होटल में कुकिंग का काम करते थे। करिश्मा शादीशुदा थी, लेकिन पति के साथ उसका झगड़ा चल रहा था, जिसको लेकर करिश्मा परेशान रहती थी।
पुलिस जांच अधिकारी लखबीर सिंह ने बताया कि करिश्मा नेपाल के ही युवक के साथ लिविंग में रह रही थी। पहले करिश्मा की शादी हुई थी, उसका एक बच्चा है। बच्चे को लेकर पति पत्नी में अनबन चल रही थी, जिसको लेकर करिश्मा परेशान चल रही थी।

## हर क्षेत्र में महिलाएं निभा रही अपनी अहम भूमिका: हरदीप राणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मानवता** जनशक्ति फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, बल्कि पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। हम सभी का दायित्व बनता है कि हम महिलाओं का मान-सम्मान करें। जिसके चलते मानवता जनशक्ति फाउंडेशन लगातार महिलाओं के सम्मान में हर साल अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित करती है। हर साल की तरह इस वर्ष भी मानवता जनशक्ति फाउंडेशन ने अपना कर्तव्य निभाते



हुए करनाल की प्रतिभाशाली महिलाओं को सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा ने बताया कि करनाल की ऐसी अद्भुत प्रतिभाओं के लिए ये एक छोटा सा सम्मान है। चिकित्सा से जुड़ी महिलाओं ने कोरोना काल में भी अपनी अहम भूमिका निभाई। बात यदि पुलिस विभाग की करें तो पुलिस विभाग से जुड़ी महिलाओं ने भी अपनी ड्यूटी पर रहते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। जिसके चलते आज उन्हें सम्मानित कर मानवता जनशक्ति फाउंडेशन अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है।
इस अवसर पर पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर कनुप्रिया महिला थाना करनाल, उपनिरीक्षक बबीता, उपनिरीक्षक सुनीता देवी, मनजीत, शिक्षा विभाग से प्रिंसिपल निधि चौधरी, लेक्चरार चारू शर्मा, हेल्थ डिपार्टमेंट से रेनू चावला, पूनम संधू, स्टाफ नर्स, सामाजिक कार्यो में अपनी भूमिका निभा रही समाजसेविका इंदरप्रीत कौर, आशा महिला स्वयं सहायता समूह पुण्डरक को सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सतीश पंचाल, कुलदीप चौहान, सुजीता मान, पूनम शर्मा, वासुदेव गौतम, रोहतास कश्यप, रेखा रानी, अलकेश डिंगरा, रविन्द्र मलिक, भूषण कुमार, सीमा पासवान उपस्थित रहे।

## कार चालक ने बच्ची को कुचला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव स्टौंडी में एक मजदूर की 7 साल की बेटी को एक कार ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बच्ची की मौत से प्रवासी मजदूरों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने सडक पर जाम लगा दिया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।
प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टौंडी के पास भा मजदूर की सात वर्षीय बेटी हसीना सडक पार करके बिस्किट का पैकेट लेने के लिए गई हुई थी और जैसे ही वह वापस आने के लिए सडक पार कर रही थी तो एक तेज रफ्तार



कार ने उसे कुचल दिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बच्ची को सडक पर मृत देख परिजन व ग्रामीण भडक गए। उन्होंने सडक को जाम कर दिया। जाम के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।
हादसे व जाम की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। कई घंटे तक जब परिजन व ग्रामीण नहीं माने तो पुलिस ने बच्ची के शव को जबरन अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया।
थाना सदर प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। गाडी को भी कब्जे में ले लिया है।

## मिठाई की दुकान में चोरों ने लगाई सेंध

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** के गांव माजरा रोडान में अज्ञात चोर मिठाई की दुकान से गैस सिलेंडर सहित हजारों रुपए का सामान चोरी करके फरार हो गए। इस संदर्भ में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव माजरा रोडान निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बस स्टैंड पर उसकी मिठाई की दुकान है। आज अल सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच दो व्यक्ति दुकान में घुसे। दोनों आरोपियों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। वह दुकान से सामान चोरी के फरार हो गए।

## भाजपा की जन विरोधी नीतियों को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा इंद्री** में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एसबीआई के सामने भाजपा की जन विरोधी नीतियों को लेकर धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक व कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार है और दोनों ही सरकारों की जन विरोधी नीतियों के चलते इनसे सभी वर्ग दुखी हैं। पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता ने कहा कि राहुल गांधी की कश्मीर से कन्याकुमारी की पदयात्रा के बाद से कांग्रेस पार्टी में जोश का माहौल है और इस यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी ने देश की जनता के सामने बीजेपी सरकार की गलत नीतियों व कार्यप्रणाली का खुलासा किया है। इसी को लेकर अब हलका स्तर पर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा शुरू की जा रही है, जिसमें गांव स्तर पर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार व जनता के विचारों को जानने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने अडाणी जैसे उद्योगपति को कानूनों से ऊपर उठकर फायदा पहुंचाने का काम किया तो उस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने संसद में आवाज उठाई, लेकिन उनकी बात को अनसुना कर दिया गया। मौजूदा सरकार के शासनकाल में लोकतंत्र की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई का बोलबाला है, लेकिन सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। पूर्व विधायक राकेश कंबोज ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सरपंचों पर लाठीचार्ज कर गलत काम किया है। सरकार को बातचीत के माध्यम से सरपंचों की समस्या का हल निकालना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री ने 2014 में देश की जनता से झूठ बोला कि देश के हर नागरिक के खाते में 15-15 लाख रुपए आएंगे, दो करोड़ लोगों को नौकरियां दी जाएंगी।

## थाना प्रभारी पर नशेडियों ने कार चढ़ाने का किया प्रयास

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना सिविल** लाइन प्रभारी पर नाकाबंदी के दौरान नशेडी युवकों द्वारा गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को हिरासत में लिया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाइन प्रभारी ललित कुमार अंबेडकर चौक पर नाकाबंदी के दौरान वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गांधी चौक की तरफ से एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार आई। उन्होंने गाड़ी चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने गाड़ी को नहीं रोका



और प्रभारी की तरफ ही गाड़ी को घुमा दिया और गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। तभी थाना प्रभारी पीछे हट गए और गाड़ी के नीचे आने से बाल-बाल बचे।
इसके बाद पुलिस कर्मचारियों ने गाड़ी का पीछा किया और गाड़ी में सवार तीनों युवकों को पकड़ लिया। तीनों युवक नशे में धुत थे। जब गाड़ी को पकड़ा गया तो गाड़ी के अंदर से डेढ़ बोतल शराब मिली और लगभग डेढ़ बोतल तीनों युवक पी चुके थे। पुलिस ने जब युवकों से पूछताछ की तो उनमें एक युवक कभी खुद को पुलिस अफसर का बेटा बता रहा था तो कभी आर्मी अफसर का।
थाना प्रभारी पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश करने वाले तीनों युवक गांव शामगढ़ के हैं, जिनकी पहचान गौरव शर्मा, अभिषेक व शैंकी के रूप में हुई है। तीनों आपस में दोस्त हैं और गाड़ी में हुड़दंगबाजी कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने तीनों युवकों का मेडिकल करवाया। तीनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-307 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आज तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों युवकों के आपराधिक रिकॉर्ड को भी चेक किया जाएगा। पहली बार ही इन लोगों ने ऐसी हरकत की है या फिर पहले भी इनके खिलाफ कोई केस दर्ज है।

## भाटिया सेवा मंच ने मनाया रंगांरग होली मिलन समारोह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भाटिया** सेवा मंच द्वारा पंजाबी बिरादरी भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में करनाल नीलोखेड़ी काछवा, कुंजपुरा, तरावड़ी से आए लोगों ने भाग लिया।
इस अवसर पर फाग नृत्य, मयूर नृत्य आदि लोक नर्तकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करनाल व्यापार मंडल के प्रधान केएल तनेजा मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता के के भाटिया ने की।

## नगर पालिकाएं अपने-अपने एरिया में चलाएंगी जागरूकता अभियान: अभिषेक मीणा

### नगरपालिका सचिव रूट प्लान तैयार कर शत प्रतिशत कूड़ा उठान और निस्तारण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हर घर** से अलग-अलग कूड़ा एकत्रीकरण को सुनिश्चित बनाने के लिए जिला की सभी नगर पालिकाएं अपने-अपने एरिया में जागरूकता अभियान चलाएंगी। सम्बंधित पालिका के अध्यक्ष और पार्षद इसमें मदद करेंगे। आशय यह है कि कोई भी हाऊस होल्ड घर का कूड़ा इधर-उधर न फैकें, विशेषकर खाली प्लॉट में। टिप्पर में ही डालें। जिला नगर आयुक्त अभिषेक मीणा ने गुरूवार को पालिका सचिवों के साथ एक बैठक कर यह निर्देश दिए।
पालिका सचिवों से उन्होंने कहा कि कूड़ा एकत्रीकरण को लेकर,



सुगम स्वच्छता एजेंसी से सम्पर्क कर अपना-अपना रूट प्लान तैयार करें, कोई भी घर छूटना नहीं चाहिए। हर काम टाईम मैनेजमेंट के अनुसार हो। जहां व्हीकल की कमी लगे, एजेंसी के स्तर पर उसे पूरा करवाएं। संसाधन पूरे करने का काम अगले 10 दिनो में हो जाना चाहिए। प्रोसेसिंग के लिए नगर पालिकाओं में जहां-जहां भी डम्प साईट हैं, उनका दौरा करें। कूड़ा निस्तारण की जिम्मेवारी एजेंसी की ही है। जिला नगर आयुक्त ने कहा कि एजेंसी के कर्मचारी ठीक से काम न करें, तो उन पर एग्रीमेंट के अनुसार 10 रुपए प्रति घर प्रति दिन के हिसाब से पैनल्टी लगाएं। हर घर के आगे क्यू आर कोड लगा हो। टिप्पर हैल्पर इसे स्कैन करके कूड़ा एकत्रीकरण को सुनिश्चित बनाएंगे। इस कार्रवाई को नगर निगम और एजेंसी के डैशबोर्ड पर चैक किया जाएगा। इस पर एजेंसी प्रतिनिधि ने बताया कि क्यू आर कोड लगाने का काम आगामी अप्रैल से प्रारम्भ हो जाएगा। जिला नगर आयुक्त ने मीटिंग में मौजूद सभी जोन इंचार्ज (सफाई निरीक्षक व सहायक सफाई निरीक्षक) को निर्देश दिए कि सबसे जरूरी कूड़े-कचरे का पृथ्थीकरण है, इस पर पूरा फोकस रखें। सम्बंधित पार्षद और सक्षम को साथ लेकर सभी वार्डो को कवर करें। पालिका सचिव भी स्वयं फील्ड में रहें। हर घर से अलग-अलग कूड़ा उठाने की कार्रवाई कागजो में नहीं धरातल पर दिखाई देनी चाहिए। इसे लेकर कोई भी शिकायत संज्ञान में नहीं आनी चाहिए। उन्होंने पालिका सचिवों व सफाई निरीक्षकों को स्पष्टद किया कि उनकी परफोर्मेंस उनके काम पर निर्भर करेगी। हर 15 दिन के बाद कारगुजारी की समीक्षा की जाएगी।

## संपादकीय

# प्रकृति से रूबरू होंगे तो बढ़ेगी इम्यूनिटी

**यदि** चिकित्सकों की मानें तो देश में अधिकांश लोगों में विटामिन डी की डेफिसिएंसी है। हो सकता है यह आंकड़ा अतिश्योक्तिपूर्ण होने के साथ ही अधिक अपर साइड में हो पर इतना तो साफ है कि देश-दुनिया में विटामिन डी की कमी के आंकड़े दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। विटामिन डी जिसका सबसे सहज स्त्रोत केवल कुछ मिनटों तक धूप सेवन से प्राप्त हो सकता है आज उसी की कमी से रोगियों की संख्या अधिक होती जा रही है। दरअसल प्रकृति के अनमोल उपहारों से हम लगातार दूर होते जा रहे हैं। अत्यधिक भागमभाग, शहरीकरण, सीमेंट कंकरीट की गगनचुंबी इमारतें प्रकृति के उपहार से हमें वंचित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मिट्टी, पानी, धूप की सहजता को छोड़कर हम दवाओं, केमिकल्स में इलाज ढूंढ़ने लगे हैं। दिल्ली एम्स के हालिया अध्ययन में सामने आया है कि हार्ट फेलियर के मरीजों को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी दिया जाए तो उसके लक्षण में काफी कमी आ जाएगी। दरअसल एम्स के अध्ययन में खुलासा हुआ है कि 70 फीसदी दिल्ली वासियों में विटामिन डी की डेफिसिएंसी पाई गई है। देखा जाए तो विटामिन डी की कमी मस्तिष्क, रक्त संचार प्रणाली, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मांसपेशियों से संबंधित रोगों में दर्द और कमजोरी, अस्थमा व सांस लेने में परेशानी जैसे फेफड़ों के रोगों, हड्डियों की कमजोरी व डायबिटीज जैसी बीमारियों का कारक है। एक समय था जब खासतौर से सर्दियों में तो तेल की मालिश कर धूप में बैठना नियमित आदत में शुमार होता था। नौकरीपेशा लोग अवकाश के दिन तो धूप में अवश्य बैठते थे। आज तो हालात यह हो गए कि गर्मी के मौसम में सनबर्न क्रीम को प्राथमिकता दी जाती है। देखा जाए तो हम महंगी से महंगी दवाएं खाने के लिए तैयार हैं पर केवल और केवल 20 मिनट धूप का सेवन नहीं कर सकते। इसका परिणाम भी साफ है। हड्डियों में दर्द, फ्रेक्चर, जल्दी-जल्दी थकान, घाव भरने में देरी, मोटापा, तनाव, अल्जाइमर जैसी बीमारियां आज हमारे जीवन का अंग बन चुकी है। शरीर की जीवनी शक्ति या यों कहें कि प्रकृति से मिलने वाले स्वास्थ्यवर्द्धक उपहारों से हम मुंह मोड़ चुके हैं और नई से नई बीमारियों को आमंत्रित करने में आगे रहते हैं। यह आश्चर्यजनक लेकिन जमीनी हकीकत है कि केवल मात्र पांच प्रतिशत महिलाओं में ही विटामिन डी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। देश की 68 फीसदी महिलाओं में तो विटामिन डी की अत्यधिक कमी है। एम्स के अध्ययन से पहले एसोचैम द्वारा जारी रिपोर्ट में सामने आया है कि 88 फीसदी दिल्ली वासियों में विटामिन डी की कमी है। यह स्थिति दिल्ली में ही नहीं अपितु कमोबेश देश के सभी महानगरों में देखने को मिल जाएगी। इसका निदान हमारी जीवन शैली में थोड़ा बदलाव करके ही पाया जा सकता है। पर इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आधुनिकता की दौड़ में हम प्रकृति से इस कदर दूर होते जा रहे हैं कि जल, वायु, हवा, धूप, अग्नि और ना जाने कितनी ही मुफ्त में प्राप्त प्राकृतिक उपहारों का उपयोग ही करना छोड़ दिया है। ऐसा नहीं है कि लोग जानते नहीं है पर जानने के बाद भी आधुनिकता का बोझ इस कदर छाया हुआ है कि हम प्रकृति से दूर होते हुए कृत्रिमता पर आश्रित होते जा रहे हैं। दरअसल हमारी जीवन शैली ही ऐसी होती जा रही है कि प्रकृति की जीवनदायिनी शक्ति से हम दूर होते जा रहे हैं। कुछ तो दिखावे के लिए तो कुछ हमारी सोच व मानसिकता के कारण।

# वसुंधरा ने दिखाया भाजपा आलाकमान को दम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> वसुंधरा राजे के कार्यक्रम में गंगानगर सांसद निहालचंद मेघवाल, चूरु सांसद राहुल कस्वां, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, झालावाड़ सांसद व उनके पुत्र दुष्यंत सिंह, टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर जौनपुरिया, करौली-धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया सहित करीबन दो दर्जन विधायक, कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद भी शामिल हुए। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह भी जयपुर के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात को सालासर पहुंचकर वसुंधरा राजे को उनके जन्मदिन की बधाई दी। अरुण सिंह का वसुंधरा के कार्यक्रम में पहुंचना भाजपा आलाकमान का डैमेज कंट्रोल करना ही था। भाजपा आलाकमान चाहता है कि चुनाव तक वसुंधरा राजे को ऐसे ही लटकाए रखा जाए। ताकि वह पार्टी से अलग जाकर कोई कदम नहीं उठा सके



**राजस्थान** में भाजपा की वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने चूरू जिले के सालासर बालाजी मंदिर क्षेत्र में अपने जन्मदिन मनाने के बहाने अपनी ताकत का एहसास कराया है। वसुंधरा राजे द्वारा यह एक तरह से सीधे भाजपा आलाकमान व अपने विरोधियों को चैलेंज के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि वसुंधरा राजे का जन्मदिन आठ मार्च को आता है। मगर उन्होंने चार दिन पूर्व ही शेखावाटी क्षेत्र के सालासर में अपने जन्मदिन के बहाने एक बड़ी जनसभा का आयोजन कर अपनी ताकत का अहसास करवाया है। वसुंधरा राजे ने अपना जन्मदिन मनाने के लिए उसी दिन का चयन किया जिस दिन भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जयपुर में विधानसभा का घेराव किया जाना था। विधानसभा का घेराव करने के कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा द्वारा प्रायोजित किया जा रहा था। उसी के समानांतर वसुंधरा राजे का कार्यक्रम करना कुछ अलग ही कहानी बयां करता है। 2018 का विधानसभा चुनाव हार जाने के बाद वसुंधरा राजे पार्टी में अलग-थलग पड़ गई है। पार्टी के बड़े कार्यक्रमों में भी वह अक्सर अनुपस्थित रहती है। प्रदेश भाजपा के संगठन में भी वसुंधरा विरोधियों की भरमार है। यहां तक कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया वसुंधरा विरोधी खेमे के माने जाते हैं। विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से आए सतीश पूनिया राष्ट्रीय स्वयं संघ के नजदीकी है तथा संगठन में वर्षो से विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। जाट समाज से आने वाले पूनिया अपनी सौम्य छवि के कारण राजस्थान भाजपा में खासे लोकप्रिय भी है। इसी के चलते वसुंधरा राजे पूनिया को पसंद नहीं करती है।

इसी साल के अंत में राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में वसुंधरा राजे को लगता है कि यदि उनकी इसी तरह चुनाव में भी उपेक्षा की गई तो उनका राजनीतिक प्रभुत्व समाप्त हो जाएगा। इसी आशंका के चलते वह भाजपा की मुख्यधारा में आने के लिए पूरा जोर लगा रही है। सालासर का कार्यक्रम भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है। वसुंधरा राजे चाहती है कि अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी आलाकमान उन्हें एक बार फिर नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़े। ताकि चुनाव में जीतने पर वह फिर से मुख्यमंत्री बन सके। मगर भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे को किसी भी परिस्थिति में नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव नहीं लड़ना चाहता है। पार्टी आलाकमान द्वारा इस बात का खुलकर इजहार भी किया जाता रहा है। भाजपा आलाकमान चाहता है कि राजस्थान में नया नेतृत्व आगे आए। वसुंधरा राजे राजस्थान की राजनीति में लंबी पारी खेल चुकी है। ऐसे में उनके स्थान पर नए नेताओं को आगे करने से आने वाले समय में पार्टी को नया नेतृत्व मिलेगा। इसी सोच के तहत भाजपा आलाकमान प्रदेश में सतीश पूनिया, गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, दीया कुमारी, जोगेश्वर गर्ग, राज्यवर्धन सिंह राठौड, रामलाल शर्मा, मदन दिलावर, अनिता भदेल, ओम बिरला, सीपी जोशी, स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, अश्विनी वैष्णव जैसे नए व युवा चेहरों को आगे बढ़ा रहा है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे गुलाबचंद कटारिया को भी इसी सोच के तहत असम का राज्यपाल बनाया गया है। ताकि उनके स्थान पर उदयपुर डिवीजन में नया नेतृत्व उभर सके। जिस तरह से गुजरात विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, उप मुख्यमंत्री रहे नितिन पटेल सहित बहुत से वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए लोगों को मौका दिया गया था। उसी तर्ज पर पार्टी आलाकमान राजस्थान में भी बदलाव करना चाहता है। अगले विधानसभा चुनाव के दौरान जहां अधिक उम्र वाले विधायकों के टिकट कटना तय माना जा रहा है। उसके साथ ही बहुत से ऐसे नेताओं के टिकट भी कटेंगे जिनकी क्षेत्र में परफॉर्मेंस अच्छी नहीं मानी जा रही है। इसमें वसुंधरा राजे समर्थक बहुत से मौजूदा विधायकों के नाम भी शामिल है। इसी बात से वसुंधरा समर्थक चिंतित नजर आ रहे हैं। वसुंधरा राजे समर्थक भवानी सिंह राजावत का पिछले विधानसभा चुनाव में लाडपुरा से टिकट काटकर उनके स्थान पर कोटा की महारानी कल्पना देवी को भाजपा प्रत्याशी बनाया गया था। जो चुनाव भी जीत गयी थी। अब भवानी सिंह राजावत के पास चुनाव लड़ने के लिए कोई क्षेत्र नहीं है। ऐसे में यदि वसुंधरा समर्थक अन्य नेताओं के टिकट भी कटते हैं तो उनके सामने चुनाव लड़ने का विकल्प ही नहीं बचेगा। वसुंधरा समर्थकों को पता है कि वह सब लोग चुनाव अपने दम पर नहीं बल्कि पार्टी के निशान पर जीतते हैं। ऐसे में यदि उनके पास पार्टी का निशान नहीं रहेगा तो चुनाव जीतने का तो सवाल ही नहीं होगा।

समर्थकों का दबाव व खुद को मुख्यधारा में शामिल करवाने के लिए ही वसुंधरा राजे ने अपने जन्मदिन के बहाने रैली कर पार्टी आलाकमान को खुला संदेश दिया है कि उनकी ताकत को कम कर नहीं आंका जाए। प्रदेश में आज भी उनका जनाधार बरकरार है। वसुंधरा राजे के कार्यक्रम में गंगानगर सांसद निहालचंद मेघवाल, चूरु सांसद राहुल कस्वां, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, झालावाड़ सांसद व उनके पुत्र दुष्यंत सिंह, टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर जौनपुरिया, करौली-धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया सहित करीबन दो दर्जन विधायक, कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद भी शामिल हुए। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह भी जयपुर के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात को सालासर पहुंचकर वसुंधरा राजे को उनके जन्मदिन की बधाई दी। अरुण सिंह का वसुंधरा के कार्यक्रम में पहुंचना भाजपा आलाकमान का डैमेज कंट्रोल करना ही था। भाजपा आलाकमान चाहता है कि चुनाव तक वसुंधरा राजे को ऐसे ही लटकाए रखा जाए। ताकि वह पार्टी से अलग जाकर कोई कदम नहीं उठा सके। मगर वसुंधरा राजे इस बात से पूरी तरह वाकिफ है कि उन्हें जो कुछ भी करना है चुनाव से पूर्व ही करना है। चुनाव की घोषणा होने के बाद उनके पास ज्यादा विकल्प नहीं बचेंगे।

अपनी सालासर रैली में वसुंधरा राजे ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई, पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत की जमकर तारीफ की। भैरोंसिंह शेखावत को उन्होंने अपना राजनीतिक गुरु तक बताया जिनकी अंगुली पकड़ कर उन्होंने राजनीति में चलना सीखा। मगर प्रदेश के लोगों को पता है कि भैरोंसिंह शेखावत के अंतिम दिनों में वसुंधरा राजे ने उनको कैसे गुरु दक्षिणा दी थी। एक समय तो ऐसी परिस्थितियां हो गई थी कि भैरोंसिंह शेखावत ने निर्दलीय चुनाव लड़ने तक की घोषणा कर दी थी। कुल मिलाकर वसुंधरा राजे ने सालासर में अपने समर्थकों को जुटाकर अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। हालांकि वसुंधरा समर्थक पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परणामी व पूर्व मंत्री यूनुस खान सभा से पूर्व एक लाख की भीड़ जुटने का दावा कर रहे थे। मगर वसुंधरा राजे की सभा में अपेक्षा के अनुरूप लोग नही जुट पाए। जिससे उन्हें भी आभास हो गया कि समय उनके हाथ से निकलता जा रहा है।

साथ ही समर्थकों की संख्या भी धीरे-धीरे कम हो रही है। वरिष्ठ नेता चंद्रराज सिंघवी का कहना है कि वसुंधरा के साथ का कोई भी नेता अपने बूते चुनाव नहीं जीत सकता है। सभी को पार्टी टिकट की चिंता है। जिस दिन पार्टी सख्ती करेगी उसी दिन सभी लोग वसुंधरा राजे को छोड़कर पार्टी लाइन में खड़े नजर आएंगे। वसुंधरा राजे फिर से मुख्यमंत्री बन पाती है या नहीं इस बात का पता तो चुनाव के बाद ही चल पाएगा। इस बार यदि वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनने से चूक जाती है तो उसके साथ ही उनका राजनीतिक वर्चस्व भी समाप्त हो जाएगा। बहरहाल भाजपा आलाकमान व वसुंधरा राजे के बीच शह मात का खेल जारी है।

## कविता

वो खामोशी से सबकी सुन रहे हैं ।

कुछ उधेड़ रहे हैं कुछ बुन रहे हैं,  
वो खामोशी से सबकी सुन रहे हैं ।

जश्न है एक दूसरे के गले मिल रहे हैं  
वो तो खुदा की खिदमत चुन रहे है।

कुछ रंजिशे ,साजिशे बुन रहे है  
वो फजर की अजान सुन रहे है।

कुछ मोहब्बत की दास्तानें सुन रहे है,  
वो फिर मजार की चादर बुन रहे है।

रसूख वाले दौलत का जरिया चुन रहे है,  
वो दरवेश की बातें करिश्माई सुन रहे है।

दौलत वाले शोहरत के लिए सर धुन रहे है  
वो मन्दिर में माला के लिए फूल चुन रहे है।

कुछ पश्चिम में फटे बम का रुदन सुन रहे है,  
बदले की आग में, कुछ कलम के सर चुन रहे है,

एक हैं, पर ये कुछ बुन रहे वो कुछ गुन रहे है  
वो खामोशी से किस्मत का ताना बॉना बुन रहे है।।

कुछ अपना सियासी नया लीडर चुन रहे है,  
वो खामोशी से उनकी कमजोर नब्ज चुन रहे है

संजीव
---------

# आत्मनिर्भर नारी भारत का उज्जवल भविष्य

**संजीव ठाकुर**

**आज** स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था ।इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है।

## विचार

# शिक्षित, आत्मनिर्भर नारी भारत का शक्तिशाली एवं उज्जवल भविष्य

**सुनील कुमार महला**

**आज** के युग के बारे में यदि यूं कहा जाए कि यह युग प्लास्टिक का युग है तो कोई भी अतिशयोक्ति नहीं होगी। आज जहाँ देखों प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। बाजार में, गलियों में, सड़कों पर, नदियों में, नालों में,सीवरेज में,झीलों में, तालाबों, विभिन्न जल स्त्रोतों, पहाड़ों पर, रेलवे स्टेशन हो या बस स्टैंड, कूड़े-करकट के ढ़ेर हों या कोई भी सार्वजनिक स्थान, पॉर्क हो या मॉल्स, जल,थल, वायु,भूमि में प्लास्टिक किसी न किसी रूप में विद्यमान है। सच तो यह है किअपने उत्पादन से लेकर इस्तेमाल तक सभी अवस्थाओं में प्लास्टिक पारिस्थितिकी तन्त्र के लिए भी खतरनाक है। यह वर्षों वर्षों तक भी गलता नहीं है और न ही नष्ट होता है। यदि हम यूं कहें कि आज 'प्लास्टिक प्रदूषण' पूरे विश्व की सबसे बड़ी और गंभीर समस्या है। प्लास्टिक को आसानी से अपघटित नहीं किया जा सकता है। भूमि, नदी, नालों व तालाबों में इकट्ठे प्लास्टिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण फैलाते हैं। यह बहुत ही खतरनाक है। वास्तव में, प्लास्टिक ऐसे यौगिकों से बना है जिसे पूर्णतया नष्ट होने में 500 वर्ष या इससे भी अधिक तक का समय लग जाता हैं। प्लास्टिक प्रदूषण हमारे धरती के पारिस्थितिकी तंत्र को बहुत तेजी से दूषित कर रहा है। यह भूमि को बंजर बनाता है ।प्लास्टिक कचरे से रिसने वाले हानिकारक रसायन जल में घुलकर उसे दूषित कर देते हैं।

विश्व में होने वाली तेज जनसंख्या वृद्धि ने भी प्लास्टिक प्रदूषण को बढ़ावा दिया है ।प्रतिवर्ष समुद्र में फेंका जा रहा लगभग 8 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा जलीय जीवनतंत्र पर गंभीर परिणाम डाल रहा है ।प्लास्टिक प्रदूषण के कारण हर वर्ष लगभग 10 करोड़ जलीव जीव मर जाते हैं। हाल ही में लंदन स्थित नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम के वैज्ञानिकों ने प्लास्टिक से पक्षियों में होने वाली नई बीमारी 'प्लास्टिकोसिस' खोजी गई है। उन्होंने बताया है कि प्लास्टिक के महीन कण समुद्री पक्षियों के पाचन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। वैज्ञानिकों ने बताया है कि प्लास्टिक निगलने पर पक्षी संक्रमण और परजीवियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं और भोजन को पचाने, कुछ विटामिनों को अवशोषित करने की उनकी क्षमता प्रभावित होने लगती है। अधिक प्लास्टिक से अधिक कोलेजन का निर्माण होता है जो कि स्कार टिश्यू (बीमारी, चोट या सर्जरी से सामान्य ऊतक के नष्ट होने पर बना रेशेदार ऊतक) का कारण बनता है। इससे रक्त की आपूर्ति बाधित हो सकती है। ऊतकों को नुकसान होने के साथ-साथ अंग काम करना बंद कर सकते हैं। हाल ही में जो पक्षियों में बीमारी पाई गई है वह ऑस्ट्रेलियाई पक्षी में पाई गई है। गंभीर बात यह निकली कि इन पक्षियों ने अपने वजन का 12.5 प्रतिशत प्लास्टिक निगला हुआ था। बहरहाल, यहाँ कहना गलत नहीं होगा कि आज प्लास्टिक लगातार पशु-पक्षियों व मानव स्वास्थय को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। प्लास्टिक को जलाने पर स्टाइरीन गैस निकलती है जो अत्यंत विषैली गैस होती है। गाय, भैंस व अन्य पशु-पक्षी भोजन की तलाश में प्लास्टिक खा लेते है जो उनकी मृत्यु का कारण भी बनता है। प्रदूषण से बचने के लिए आज मानव को हानिकारक प्लास्टिक की जगह हमें बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग करने की जरूरत है ।प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिये सबसे महत्वपूर्ण कदम यह हो सकता है कि हम प्लास्टिक का उपयोग करने से बचें। बाजार से सामान खरीदते समय हम प्लास्टिक बैग के स्थान पर हम जूट, कपड़े या पेपर से बने बैगों का इस्तेमाल कर सकते है। ठीक इसी तरह पार्टियों और उत्सवों के दौरान हम प्लास्टिक के बर्तन और अन्य सामानों के उपयोग के स्थान हम स्टील, कागज, मिट्टी से बने बरतनों, पत्तल या अन्य उत्पादों से बनी वस्तुओं का उपयोग कर सकते है, जिनका आसानी से पुनरुपयोग और निस्तारण किया जा सके ।प्लास्टिक ग्लोबल वार्मिंग में भी योगदान देता है।

हमें ध्यान रखना चाहिए कि लगभग सभी प्लास्टिक रसायनों से बने होते हैं। प्लास्टिक एक नॉन - बायोडिग्रेडेबल पदार्थ है जो सैकड़ों वर्षों तक पृथ्वी की सतह पर रहकर वातावरण को नुकसान पहुंचाता है। प्लास्टिक भूमि एवं जल में विघटित नहीं हो पाता जिसके कारण मानव एवं जीव-जंतु की जीवन शैली बुरी तरह प्रभावित होती है। अतः आइए हम प्लास्टिक का उपयोग करें ही नहीं और यदि करें भी तो बहुत ही विवेकपूर्ण तरीके से,सीमित उपयोग ही करें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**  
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**  
9999889104, 9250706656  
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ए बाबू! गर्मी के अलर्ट पर ध्यान दीजिएगा!

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को हम मीडिया के माध्यम से रोज देखते व सुनते रहते हैं कि वर्तमान ऐसा समय आ गया है कि किस मौसम में कौन से मौसम की प्राकृतिक विपदा आ जाए कोई तय नहीं रहता है। मसलन फुल गर्मी में भारी बारिश, ठंडी में गर्मी तो कहीं गर्मी में ठंडी, कहीं जल का सैलाब तो कहीं जल के लिए तरसते मानवीय जीव अभी दिनांक 6 मार्च 2023 को मौसम की स्थिति को भांपते हुए माननीय पीएम द्वारा गर्मी से निपटने के लिए और तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक अपने सरकारी आवास दिल्ली में आयोजित की और तैयारियों की समीक्षा कर कुछ दिशा निर्देश दिए। इसके पूर्व 28 फरवरी 2023 को भी केंद्रीय सचिव ने राज्यों को गर्मी से निपटने के उपायों की एडवाइजरी जारी की थी,जो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 1 मार्च 2023 से लागू हो चुकी है क्योंकि अभी से ही कुछ राज्यों में 33 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंच चुका है।

साथियों बात अगर हम 6 मार्च 2023 को गर्मी से निपटने माननीय पीएम द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक की करें तो, पीएम ने आईएमडी से दैनिक मौसम पूर्वानुमान इस तरीके से जारी करने को कहा, जिसे आसानी से समझा और प्रसारित किया जा सके। इस बात पर भी चर्चा की गई कि टीवी समाचार चैनल, एफएम रेडियो आदि दैनिक मौसम पूर्वानुमान को इस तरह से समझाने के लिए रोजाना कुछ मिनट दें, जिससे नागरिक आवश्यक सावधानी बरत सकें। उन्होंने सभी अस्पतालों के ब्योरेवार फायर ऑडिट की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि सभी अस्पतालों में अग्निशामकों द्वारा मॉक फायर ड्रिल की जानी चाहिए। जंगल की आग से निपटने के लिए समन्वित प्रयास की जरूरत को भी रेखांकित किया गया। इस बात पर चर्चा की गई कि जंगल की आग को रोकने और उससे निपटने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रणालीगत बदलाव किए जाने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि चारे और जलाशयों में पानी की उपलब्धता पर नजर रखी जाए। भारतीय खाद्य निगम को प्रतिकूल मौसम की स्थिति में अनाज का इष्टतम भंडारण सुनिश्चित करने के लिए तैयार रहने को कहा गया। पीएम को अगले कुछ महीनों के लिए भारत मौसम विज्ञानविभाग( आईएमडी) के मौसम पूर्वानुमान और सामान्य मानसून की संभावना के बारे में जानकारी दी गई।

# मौका और चौका

**डॉ. सुरेश कुमार**

**यार** तुम तो बड़े छुपेरुस्तम निकले। हमें कानों-कान खबर भी नहीं हुई और उधर तुम आँखें चार कर रहे थे। टीवी पर तुम दोनों एक साथ नहीं दिखते तो हमें खाक पता चलता। सेलिब्रिटियों का प्यार भी किसी का घर चलाने में काम आता है। अब देखो न मीडिया तुम्हारे प्यार की खबरों से पट गई है। जहाँ देखो वहाँ तुम्हारे प्यार के चर्चे हैं। वैसे हम सब से छिपते छिपाते इस इश्क को कैसे अंजाम दिया। हमें भी तो बताओ। मित्र ने सेलिब्रिटी दोस्त के साथ पेग लगाते हुए पूछा। सेलिब्रिटी मित्र ने कहा झ सोचा था यह राज, राज ही रह जाएगा। लेकिन रहीम कह गए हैं न खैर, खून, खाँसी, खुशी, बैर, प्रीति, मदपान जैसी चीजें कभी नहीं छिपतीं। एक न एक दिन सबको पता चल ही जाता है। तुम्हें याद है तीन महीने पहले उसके पिता का देहांत हो गया था। उसी समय से मेरा टांका उससे भिड़ गया था। मैयत में...? झ मित्र ने आश्चर्य से पूछा। हाँ यार क्या गजब ढा रही थी। सफेद टॉप पर सफेद पायजामा पहने पिता के शव के पास गुमसुम बैठी थी। मैयतों में सबसे अच्छी बात यह होती है कि किसी को भी निहारो कोई पूछने वाला नहीं होता। सब अपनी -पनी धुन में लगे रहते हैं। मैंने भी मौके का फायदा उठाते हुए उसे टकटकी लगाए देखने लगा। मानो मेरी आँखें नशीली होती जा रही थीं। उसकी आँखों में रात का काजल था। मैं सब कुछ छोड़-छाड़ कर उसकी आँखों में डूब रहा था। मैं पार्थिव शरीर के पास न जाकर उसे निहारते-निहारते खूबसूरत खयालों में डूब गया। मन किया पास जाकर कह दूँ कि तुम बड़ी खूबसूरत हो। आज उसके होंठों पर लाली नहीं है लेकिन सिकुड़े हुए होंठ भी मुझे अच्छे लग रहे थे। वह मदहोश करती जा रही थी। उसने मेरी ओर देखा। मैंने उसकी ओ?। ऊपर से नीचे तक उसका तन-बदन एकदम परफेक्ट साइज का था। मानो भगवान ने बड़ी फुर्सत में बनाया हो। मन किया पास बुलाकर उसके गालों पर हाथ फेरते हुए कह दूँ कि यह सब भाग्य का खेल है। होनी को कौन टाल सकता है। मैं शव के पास गया। हाथ जोड़े प्रणाम किया। उसने मेरी ओर देखा। इससे पहले हम एक-दो पार्टियों में मिल चुके थे। लेकिन आज मेरे पास मौका था। वह उठकर मेरे पास आयी।

# 'महिला सशक्तिकरण की जिम्मेदारी महिलाओं को स्वयं उठानी होगी'



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने आवश्यकता जताई कि महिला सशक्तिकरण की जिम्मेदारी महिलाओं को स्वयं उठानी होगी। इसके लिए महिलाओं को एकजुटता के साथ प्रयास करने होंगे। हालांकि आज महिलाएं सशक्त हैं और लगातार मजबूती के साथ आगे बढ़ रही हैं, किंतु कुछ क्षेत्रों में इसकी जरूरत है जिसकी पूर्ति के लिए महिलाओं को ही आगे आना होगा।
जीवन विहार एक्सटेंशन स्थित जय निर्मल स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में शामिल महिलाओं व जनसमूह को पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। निगम पार्षद मुकेश सैनी के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए उन्होंने समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में कुछ सीमा तक लोगों की मानसिकता को परिवर्तित करने की आवश्यकता महसूस होती है। जहां महिला-पुरुष में भेदभाव किया जाता है और लड़कियों को लडकों की भांति समान अवसर प्रदान नहीं किये जाते। इस भेदभाव को जड़ से खत्म करने की जरूरत है।
पूर्व मीडिया सलाहकार जैन ने कहा कि आज महिलाओं ने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है। महिलाओं को सिर्फ अवसरों की जरूरत है, जिसे उपलब्धियों में तब्दील करना उनको आता है। यदि उचित अवसर मिले तो महिलाएं आसमान की ऊंचाइयों को छूने की क्षमता रखती हैं। इसके उदाहरण भी हमारे समक्ष मौजूद हैं। इसलिए लोगों को अब अपनी

**8 जहां महिला-पुरुष में भेदभाव किया जाता है और लड़कियों को लडकों की भांति समान अवसर प्रदान नहीं किये जाते**

पुरानी संकीर्ण मानसिकता का त्याग कर बेटा-बेटी को एक समान अवसर देने चाहिए। महिलाओं को भी अपने अधिकारों की लड़ाई लडी चाहिए। उन्हें खुद आगे बढकर अपने तथा दूसरी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। सोनीपत की बहन-बेटियों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सवाल किया कि बेटियां क्या नहीं कर सकती। शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, विज्ञान, संस्कृति, नौकरीशाही, ज्यूडिशियरी, राजनीति इत्यादि हर क्षेत्र में बहन-बेटियों ने अपनी अलग पहचान स्थापित की है। आज देश की प्रथम नागरिक का ओहदा भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के रूप में महिलाओं के पास ही है। साथ ही उन्होंने महिलाओं के सम्मान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान में इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जय निर्मल स्पोर्टस फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेजीडेंट जय कुमार तथा वाइस-प्रेजीडेंट विजय शर्मा और कोच दीपक शर्मा ने मुख्य अतिथि राजीव जैन का आभार व्यक्त करते हुए फेडरेशन की गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# विधायक ढांडा के होली मिलन समारोह में उमड़ा कार्यकर्ताओं का जन सैलाब



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ग्रामीण** हलका विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष महीपाल ढांडा ने बुधवार को एल्डिको स्थित अपने आवास एवं कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीण हलके के सभी गांवों एवं सभी कालोनियों के हजारों कार्यकताओं ने पहुंचकर विधायक महीपाल ढांडा का फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया और विधायक को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। विधायक महीपाल ढांडा ने भी ग्रामीण हलके से पहुंचे हजारों कार्यकताओं को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कालोनियों व गांवों से कार्यकर्ता लोगों की टोलियों के रूप में ढोल नगाड़ों की थाप पर होली पर्व मनाने के लिये समारोह में पहुंचे। वहीं विधायक महीपाल ढांडा के अलावा उनके भाई एवं समाजसेवी हरपाल ढांडा और बिटू ढांडा ने भी समारोह में पहुंचे सभी को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि वे करीब एक दशक से हर वर्ष कार्यकताओं के साथ होली और नववर्ष का पर्व मनाते है।
होली रंगो का त्योहार है और इसको आपसी प्रेम प्यार व भाईचारे के साथ मनाना चाहिये। इस अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा,दशहरा कमेटी सनौली रोड के प्रधान रमेश माटा, दशहरा कमेटी बरसत रोड के प्रधान भीम सचदेवा, मेयर अवनीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट, डिप्टी मेयर रविंद्र फूले, सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया, राजबीर सिंगरोहा, जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर, सिख समाज से हरविंद्र सिंह, तेजबीर सिंह उर्फ बिटू सरदार, सर्बजीत सिंह, जसवंत सिंह, बलजीत सिंह,सरताज सिंह व गुलाब सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र बिंझौल,अर्जुन शर्मा, संजय त्यागी, विजय शर्मा, सतबीर पांचाल व सुनील कंसल,निगम पार्षद संजीव दहिया, शिव कुमार शर्मा, मंजीत कौर, अतर सिंह रावल, पवन गोगलिया,अशोक कटारिया, पवन राणा, अनिल बजाज, अंजली शर्मा,शकुंतला गर्ग, सुरेंद्र परूथी, योगेश डावर व अशोक छाबड़ा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मेघराज गुप्ता, ब्लाक समिति के चेयरमैन दीपक राणा, सिवाह के सरपंच रणदीप कादियान एडवोकेट, रविंद्र कादियान, सुरेश गुंबर,ईश कुमार राणा, गुरूदेव कादियान,अवतार शास्त्री, चरणजीत राणा सरपंच,राहुल बुड़शाम, संदीप नांगलखेड़ी आदि गांवों के सरपंच,विनोद संधु पूर्व सरपंच, रामरतन महराना, सुदर्शन पराशर, मुकेश आर्य, राजपाल हरिनगर, प्रेम तोमर, शराफत राणा, अमित राणा,कपिल राणा,बिटू प्रजापत, पवन जांगड़ा, देवेंद्र संधु, अनिल शर्मा, जितेंद्र अहलावत व बिनु गर्जर सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सीएम मनोहर लाल 16 मार्च को मीडिया वैलबीइंग एसोसिएशन की टर्म इंश्योरेंस पालिसी करेंगे जारी: संजय भुटानी



**हांसी/संजीव कौशिक**
**मीडिया** वैलबीइंग एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) के स्टेट वाईस प्रेसीडेंट वरिष्ठ पत्रकार संजय भुटानी ने बताया कि संस्था द्वारा हरियाणा के पत्रकारों को 10-10 लाख रुपए की टर्म इंश्योरेंस पालिसी सी एम मनोहर लाल 16 मार्च को संत कबीर कुटीर (सी एम आवास, चंडीगढ़) में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व लोक संपर्क विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल और सूचना, जनसम्पर्क एवं भषा विभाग के पब्लिसिटी एडवाइजर तरुण भंडारी की रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दैनिक ट्रिब्यून के संपादक नरेश कौशल करेंगे। संजय भुटानी ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा के 60 साल से अधिक आयु के 3 पत्रकारों को नियमित रूप से संस्था द्वारा अवार्ड प्रदान करने की परंपरा शुरू की जा रही है। इस अवसर पर अमर शहीद लाला जगत नारायण अवार्ड कैथल से नवीन मल्होत्रा को, पत्रकारिता रत्न अवार्ड अंबाला से सुमन भटनागर को तथा पत्रकारिता विभूषण अवार्ड सोनीपत से जगदीश त्यागी को दिया जाएगा।
उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा 101 पत्रकारों का 10-10 लाख रुपए का दुर्घटना मृत्यु बीमा पहले हो चुका है। इसके लिए संस्था ने पत्रकारों से कोई रकम नहीं ली। संगठन से जुड़े पत्रकारों को इंडीविजुअल पॉलिसी प्रदान की जाएगी। इसके इलावा यमुनानगर के पत्रकार कुमार रमेश को एक लाख रुपए की राशि व अम्बाला के पत्रकार अनिल कुमार को 50 हजार रुपए की राशि आर्थिक मदद के रूप में प्रदान की गई है।

### सीनियर नेशनल नेटबॉल चेंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल की खिलाड़ी का शानदार प्रदर्शन



**सोनीपत/रमेश कुमार**
**1 मार्च 2023** से 4 मार्च 2023 तक आर.टी.एम. यूनिवर्सिटी नागपुर में आयोजित सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स की खिलाड़ी खुशी ने शानदार प्रदर्शन कर हरियाणा व स्कूल का नाम रोशन किया। इस चैंपियनशिप में लगभग 28 टीमों ने भाग लिया। हरियाणा की टीम में खेलते हुए खुशी ने बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। फाइनल में हरियाणा की टीम ने दिल्ली की टीम को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन श्री तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल ने शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### कुवि कुलपति ने किया हेल्थ सेंटर में आधुनिक तकनीक से लैस एक्सरे मशीन का उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र (मनीष कुमार)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को लेकर दृढसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की बेहतरी के लिए वहां कार्यरत कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि कर्मचारियों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की बेहतरी के लिए वहां के मानव संसाधन का स्वस्थ रहना जरूरी होता है तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से समय-समय पर अपने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रकार के निःशुल्क चैकअप कैम्प व जागरूकता अभियान का आयोजन करता रहता है।

# भारत शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में प्राचीन काल से ही रहा है सर्वश्रेष्ठ: रणदीप कादियान



**पानीपत,9 मार्च/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत के आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को ऋषि दयानंद छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान आर्य रणदीप कादियान एडवोकेट रहे और विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक एवं समाजसेवी डॉ. आर्य रमेश मरवाह रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक राजेंद्र जागलान ने की। प्राचार्या रेखा शर्मा ने सभी का स्वागत किया और उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। स्कूल प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि भारत शिक्षा के क्षेत्र में प्राचीन काल से ही सर्वश्रेष्ठ रहा है। चारों वेद इस बात का साक्षी है कि भारत ने ही संसार को सबसे पहले संस्कृत जैसी भाषाओं की जननी भाषा दी और वेदों ने संसार को विज्ञान का ज्ञान दिया है। उन्होंने कहा कि गत दिनों राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में आर्य बाल भारती विद्यालय के 82 बच्चों ने भाग लिया था जिनमें से 16 बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल करके स्कूल व पानीपत जिला का नाम रोशन किया है। इन छात्रों में सिमरन, सार्थक व उमेश कक्षा छठी, यशस्वी मनराज व आयुष कक्षा सातवी, आयुष, देवव्रत व गरिमा कक्षा आठवी एवं नौंवी, यशिका, रोनक व ऋषि कक्षा दसवी, अंश, श्लोक शर्मा व शिवम शर्मा कक्षा 11वीं और कार्तिक व गौतम कक्षा 12वीं से है।

# अंबाला के गांव मच्छोण्डा में स्वास्थ्य हेल्थ मेला आयोजित

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** सरकार की तरफ से स्वास्थ्य हेल्थ मेला अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र गांव मच्छोण्डा में प्रदेश के गृह एंव स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर कुलदीप सिंह की देखरेख में मच्छोण्डा में यह पहला मेला आयोजित हुआ है। मेले की व्यवस्था डीएमओ डॉक्टर संजीव कुमार सिंगला, नोडल ऑफिसर अम्बाला कैंट डॉक्टर विशाल गुप्ता, चोड़मस्तपुर से डॉक्टर आशीष डॉक्टर सुनील हरि ने देखी। डीएमओ डॉक्टर सिंगला ने बताया कि मेले में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, टीकाकरण, निःशुल्क जांच, ए बी एच ए स्वास्थ्य आई डी, आयुष्मान कार्ड, सर्जरी ओपीडी, मधुमेह, उच्चरक्तचाप, मुंह का कैंसर, मोतियाबिंद की जांच, योग और ध्यान, गर्भवती महिलाओं की जांच, महिला रोगों की जांच, शिशु रोगों की जांच की गई। नोडल ऑफिसर डॉक्टर विशाल गुप्ता ने बताया कि अम्बाला छावनी विधानसभा में 9 मार्च से अलग अलग जगहों पर मेले आयोजित किए जा रहे है इस कड़ी में अगला मेला 11 मार्च को गांव शाहपुर में लगाया जाएगा, इसके बाद 13 मार्च को गाँव बरनाला, 14 को गाँव बोह, 15 मार्च को गांव पंजोखरा साहिब, 16 मार्च को नन्हेड़ा, 17 मार्च को कालरेहड़ी, 20 मार्च को गाँव गरनाला 21 मार्च को बब्याल में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा।

# रंग के साथ-साथ होली में अनेक स्थानों पर हुए झगड़े, कई मामले दर्ज

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला में होली के दिन हुड़दंगबाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। होली के दिन लड़ाई-झगड़ों में 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें से ज्यादातर घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद डिस्चार्ज कर दिया है। कुछ को एडमिट किया गया तो कई घायलों को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर भी किया गया है। अंबाला कैंट सिविल अस्पताल में भी होली के त्योहार पर सुबह से लेकर देर रात तक लड़ाई झगड़े और दुर्घटनाओं के 25 से अधिक मामले सामने आए। कहीं लाठी-डंडे चले तो कहीं चाकू। शराब पीकर हुड़दंगबाजी करते हुए 5 एक्सीडेंट हुए। इनमें से सभी घायलों को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। छोटा शिवाला कच्चा बाजार अंबाला कैंट निवासी हिमांशु ने बताया कि वह होली के दिन दोस्त गौतम को कुम्हार मंडी छोड़ने बाइक पर जा रहा था। जैसे ही वह बकरा मार्केट के सामने पहुंचा तो यहां भोला की मंडी निवासी बाइक सवार मन्नी व विशाल, बिना नंबर की एक्टिवा पर वाशु, शानू उर्फ चेला रमानी मिले। यहां मन्नी व वाशु ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विवाद ज्यादा बढ़ने पर शानू उर्फ चेला ने अपनी जेब से छुरा निकाल उसके ऊपर हमला बोल दिया। यही नहीं, विशाल ने भी अपनी जेब से चाकू निकाल उसकी बाजू पर हमला बोल दिया। हमलावर जाते वक्त जान से खत्म करने की धमकी दे गए।
शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका ममेरा भाई निखिल राहगीरों की मदद से उसे सिविल अस्पताल अंबाला कैंट लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। अंबाला कैंट थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 324, 341, 506 व 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालाकि जिले भर में पुलिस ने कई युवकों को तो चेतावनी देकर छोड़ा।

# 'राजस्थान में शहीदों की विधवाओं से कांग्रेस ने वायदा खिलाफी की'

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि वायदा खिलाफी कांग्रेस के खून में है और राजस्थान में शहीदों की विधवाओं से वहां की कांग्रेस सरकार ने वायदा खिलाफी की, जिस कारण विधवाओं को मोर्चा खोलना पड़ा। विज ने कहा कि इससे ज्यादा कोई घिनौनी बात हो नहीं सकती कि जो लोग सीमाओं पर हमारे लिए शहीद हो गए, सर्वोच्च बलिदान दे गए और उनकी कसमें भी खाई जाती हैं, बहुत कुछ वायदे किए जाते है उनसे ही कांग्रेस सरकार वायदा खिलाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया जिस कारण अब शहीदों की विधवाओं को मोर्चा लगाना पड़ा है।

# विधायक, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर ने वाटर बूस्टिंग स्टेशनों का किया निरीक्षण



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत के साथ सेक्टर-23 स्थित वाटर बूस्टिंग स्टेशन व जाजल रैनीवेल बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचकर पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। इससे पहले उन्होंने नगर निगम में पहुंचकर ज्वाइंट कमीश्नर नगर निगम को भी गर्मी के मौसम को मद्देनजर रखते हुए शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर पुख्ता प्रबंध करवाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत विभिन्न वाटर बूस्टिंग स्टेशनों पर पहुंचकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम में शहर के किसी भी हिस्सें में पेयजल की किल्लत नहीं होनी चाहिए। अभी विभाग के पास कुछ समय है, यदि पेयजल आपूर्ति में कहीं कोई व्यावधान आ रहा है तो समय से पहले उसे दूर करें। गर्मी के मौसम में पेयजल की शिकायतें बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने निरीक्षण के उपरांत कहा कि प्रत्येक बूस्टिंग स्टेशन पर जैनसेट का विशेष प्रबंध होना चाहिए, कई बार बिजली कट होने की वजह से कई-कई घंटे पेयजल आर्पूित बाधित होने की शिकायतें मिलती है। इस गर्मी के मौसम में ऐसी शिकायतें बिल्कुल नहीं मिलनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूस्टिंग स्टेशन पर एक अधिकारी विशेष रूप से नियुक्त हो, यदि उसके क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में कोई किल्लत आती है तो उसके लिए जवाबदेही जरूर तय हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एरिया में पानी का टाइम टेबल अवश्य होना चाहिए, ताकि उस समय पर पानी अवश्य पहुंच जाए।

# होली के उत्सव के साथ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित

**अम्बाला (मनीष कुमार)** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय 16 कंच घर, अंबाला सिटी में 8 मार्च,2023 को होली के उत्सव के साथ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डिस्टिक यूथ ऑफिसर अर्शदीप कौर मैम ,विश्वास पब्लिक स्कूल अंबाला सिटी के एक्स प्रिंसिपल सुमन गुलाटी मैम, गुरू नानक वाटिका पब्लिक स्कूल इस्मिलाबाद कुरुक्षेत्र के एक्स प्रिंसिपल निशी बावेजा मैम, काइट इंटरनेशनल स्कूल कुरुक्षेत्र के एक्स प्रिंसिपल प्रोमिला कौशल मैम रहे। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य खुशहाल महिला खुशहाल परिवार रहा।अर्शदीप मैम महिला दिवस के प्रोग्राम में मुख्य अतिथि रहे जिन्होंने बताया मैं स्वयं महिलाओं को आगे बढ़ाने और उनके अधिकारों से अवगत करने में सदैव आगे रहती हूं। ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने होली का अर्थ बताते हुए कहा कि होली जलाना अर्थात बीती बातों को होलिका दहन की पवित्र अग्नि में हमेशा के लिए खत्म कर देना और होली मनाना अर्थात स्वयं को परमात्म प्यार के पवित्र रंगों में रंगना।और साथ ही यह भी बताया कि आज विश्व भर में जितने भी ब्रह्मकुमारीज सेंटर है उनका संचालन बहनों ही कर रही है। यह संस्था का कहना है कि माताएं बहनें भी सब कुछ कर सकती है। महिलाओं को संबोधित करते हुए सुमन मैम ने बताया नारी कोमल है तो कठोर भी,वक्त पड़ने पर ममता की देवी भी है तो झांसी की रानी लक्ष्मी बाई भी है। आज हरेक क्षेत्र में महिला पुरुष से कम नहीं है लेकिन आज भी कुछ लोग नारी को पढ़ने नहीं देते उनको घर तक ही सीमित रखते है परन्तु महिलाओं को पुरुषों के समान हर क्षेत्र में उचित स्थान मिलना चाहिए,उन्हें भी ज़िंदगी को अपने तरीके से जीने का मौका मिलना चाहिए।प्रोमिला मैम जोकि खुद समाज सेविका के रूप में कार्य कर रही है उन्होंने बताया कि महिलाएं समाज का एक अभिन्न अंग हैं।

# 'पानीपत शुगर मिल ने किसानों को कर दी है सारी पेमेंट'

## सहकारी क्षेत्र के मिलों में प्रदेश में गन्ने की पिराई में दूसरे नंबर पर चल रहा है पानीपत का शुगर मिल



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत** के डाहर में बना 50 हजार क्विंटल रोजाना पिराई क्षमता का शुगर मिल अपनी क्षमता से भी ज्यादा गन्ने की रोजाना पिराई कर रहा है। शुगर मिल में अभी करीब 52 हजार क्विंटल गन्ने की रोजाना पिराई हो रही है। पानीपत का सहकारी शुगर मिल गत माह 28 फरवरी को एक ही दिन में 57387 क्विंटल गन्ने की पिराई करके एक नया रिकार्ड बना चुका है। शुगर मिल में बृहस्पतिवार सुबह 6 बजे तक 47.56 लाख गन्ने की पिराई हो चुकी है और शाहाबाद शुगर मिल द्वारा 47.64 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई की गई है। इसलिये गन्ने की पिराई करने में शाहाबाद मिल नंबर एक व पानीपत मिल नंबर दो पर चल रहा है। इन दोनो ही मिलों में पहले व दूसरे के लिये सिर्फ 8 हजार क्विंटल गन्ने की पिराई का ही अंतर है। वहीं शुगर मिल की 28 मेगावाट क्षमता की टरबाईन अब हर घंटे में 22 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रही है। इसमें से 8.50 मेगावाट बिजली का तो शुगर मिल को चलाने के लिये प्रयोग किया जा रहा है और बाकि 13.50 मेगावाट बिजली एचवीपीएन के नौल्था पॉवर हाउस को सप्लाई की जा रही है। मिल के एमडी नवदीप सिंह व चीफ इंजीनियर राजकुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह 6 बजे तक मिल द्वारा नौल्था पॉवर हाउस को 2 करोड यूनिट बिजली सप्लाई की जा चुकी है। एमडी नैन ने बताया कि शुगर मिल किसानों को गन्ने की पेमेंट करने में भी आगे चल रहा है। शुगर मिल ने 31 जनवरी तक की किसानों को सारी पेमेंट कर दी है। वहीं मिल में चीनी की रिकवरी भी अब 10.41 चल रही है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने की स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट सीजन 2 की घोषणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट के दूसरे सीजन की घोषणा की है। पूरे देश में 59 शहरों और 32,000से अधिक युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को कवर करने के उद्देश्य के साथ स्कोडा सिंगल विकेट सीजन 2 की शुरूआत 28 अप्रैल से होगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल्क ने कहा, स्कोडा ऑटो इंडिया में, हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में हमेशा हमारे ग्राहकों को प्राथमिकता दी जाती है और लोगों से जुड़ाव बनाया जाता है।
प्रतियोगिता और कौशल के अलावा खेल का मतलब मानवीय भावनाओं का उत्सव मनाना भी स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विश्वसनीय और अनोखा प्लैटफॉर्म उपलब्ध कराता है। इतना ही नहीं, यह प्रतिभागियों के लिए भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने की आकांक्षा करने और उनके परिवारों और समुदायों के साथ कुछ अनमोल क्षणों का आनंद लेने का एक मौका भी प्रदान करता है। भारत में भारी संख्या में मौजूद प्रतिभाओं को प्रेरित और तैयार करना और पूरे देश में नए परिवारों तक स्कोडा ब्रांड लेकर जाना हमारे लिए गर्व की बात है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# केजरीवाल सरकार को मिले दो नए मंत्री

## उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सौरभ भारद्वाज और आतिशी को दिलाई शपथ, आतिशी पहली बार बनी मंत्री

**मिली अहम जिम्मेदारी**

**= उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मौजूदगी में दोनों मंत्रियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।**





**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** सरकार में आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने मंत्री पद की शपथ ली। सौरभ के साथ-साथ आतिशी ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मौजूदगी में दोनों मंत्रियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। दोनों नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ ही विभागों के बंटवारे भी कर दिए गए हैं। आतिशी अब से शिक्षा, लोक निर्माण, बिजली और पर्यटन विभाग को संभालेंगी, वहीं सौरभ भारद्वाज को स्वास्थ्य, पानी और उद्योग विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। सौरभ भारद्वाज लगातार तीसरी बार ग्रेटर कैलाश से विधायक बने हैं। पहली बार 49 दिन की केजरीवाल सरकार में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था, लेकिन दूसरी बार सरकार की जगह संगठन में लगाया गया। इस बीच वे संगठन के लिए काम करते रहे। तीसरी बार विधायक बनने और राघव चड्ढा के राज्यसभा सांसद बनने के बाद उन्हें दिल्ली जल बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाया गया। वे पार्टी के संस्थापक सदस्य हैं और अन्ना आंदोलन से भी जुड़े थे।

**आतिशी पहली बार बनी मंत्री:** कालकाजी विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। 2020 में पहली बार वे विधायक बनीं। आतिशी केजरीवाल सरकार के साथ लंबे समय से काम कर रही हैं और उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया की सलाहकार भी रह चुकी हैं। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में आए बदलाव के पीछे आतिशी की अहम भूमिका मानी गई है। आतिशी के ही सुझाव पर शिक्षा के क्षेत्र में तमाम बदलाव किए गए हैं।

**राजनीति में आने से पहले शिक्षिका रही हैं आतिशी:** 1981 को जन्मी आतिशी की पढ़ाई दिल्ली के स्प्रिंगडेल स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने सेंट स्टीफेंस कॉलेज से बैचलर डिग्री हासिल की। डीयू से पढ़ाई करने के बाद रोड्स स्कॉलशिप हासिल कर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन से मास्टर्स किया।

### केजरीवाल के पास साफ छवि वाला कोई विधायक नही है: कांग्रेस

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि भ्रष्ट आम आदमी पार्टी के मुखिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल में जाने वाले शराब घोटाले के मुख्य आरोपी मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का इस्तीफा मंजूर करने के बाद दिल्ली सरकार में शराब घोटाले के दागी सौरभ भारद्वाज और आतिशी को मंत्री बनाने के निर्णय से साबित होता है कि केजरीवाल के पास मंत्री बनाने के लिए साफ छवि वाले विधायक हैं ही नही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल भ्रष्ट लोगों को मंत्री पद पर आसीन करके दिल्ली की जनता से मिले स्पष्ट बहुमत का अपमान कर रहे हैं।

# 'मनीष सिसोदिया को सबसे ज्यादा केजरीवाल से खतरा, क्योंकि...'

**वार-पलटवार**

**= दोनों पार्टियों के बीच सिसोदिया की सुरक्षा को लेकर आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं**



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
कथित आबकारी घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मनीष सिसोदिया की सुरक्षा पर आम आदमी पार्टी द्वारा जो सवाल उठाए गए हैं उस पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने कहा है कि मनीष सिसोदिया को सबसे ज्यादा खतरा तो अरविंद केजरीवाल से ही है। दोनों पार्टियों के बीच सिसोदिया की सुरक्षा को लेकर आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। गुरुवार को इसको लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और केजरीवाल को ही मनीष सिसोदिया के लिए सबसे खतरनाक बता दिया है। मनोज तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मनीष सिसोदिया केजरीवाल के सभी राज जानते हैं और इसलिए आप संयोजक सिसोदिया को अपने रास्ते से हटाना चाहते हैं। तिवारी ने यह भी सवाल उठाया कि जब जेल दिल्ली सरकार के अधीन आते हैं तो वहां सिसोदिया को किससे खतरा हो सकता है? पत्रकार वार्ता में भाजपा सांसद तिवारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल आज जिनसे सिसोदिया के समर्थन में लेटर लिखवा रहे हैं कभी उन्हीं लोगों को भ्रष्टाचारी कहते थे। उन्होंने कहा देश की जनता इस बात को समझ चुकी है कि कैसे भ्रष्टाचारी को बचाने के लिए अन्य भ्रष्टाचारी प्रयास कर रहे हैं। वह आगे बोले कि जब भ्रष्टाचारियों के सरगना तक बात पहुंचने लगी तो ये सोचने लगे कि कैसे इसका विरोध किया जाए ताकि हम तक जांच की आंच न आए।

**क्या साजिश रच रहे केजरीवाल?:** मनोज तिवारी ने आगे कहा, कल आप नेताओं ने कहा था कि जेल में मनीष सिसोदिया को खतरनाक अपराधियों के साथ रखा गया है यह सुनक मेरा माथा ठनक गया। मैंने पार्टी नेताओं से चर्चा की और पाया कि यह तो बड़ी साजिश है। अगर सिसोदिया को जेल में जान का खतरा है तो यह बात आप कैसे कह सकती है?

# सीएनजी पंप कर्मचारी की पीट-पीटकर हत्या

**मारपीट**

**= करण और अर्जुन नामक युवकों से उसका झगड़ा हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
पश्चिमी जिले के पंजाबी बाग इलाके में सीएनजी पंप पर काम करने वाले युवक की पास की झुग्गी में रहने वाले दो युवकों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। डीसीपी घनश्याम बंसल ने गुरुवार को बताया कि बुधवार शाम करीब पांच बजे महाराजा अग्रसेन अस्पताल से इस बाबत पंजाबी बाग थाने को सूचना मिली थी, जिसमें यह बताया गया था कि एक युवक को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। जांच में पता चला कि युवक का नाम विकास चंद्र है, जिसकी उम्र लगभग 34 वर्ष है पुलिस के अनुसार मृतक न्यू रोहतक रोड स्थित सीएनजी पंप पर सेल्स मैन का काम करता था। ड्यूटी के दौरान ही वह पास की दुकान पर कुछ सामान लेने जा रहा था। तभी पड़ोस की झुग्गी में रहने वाले करण और अर्जुन नामक युवकों से उसका झगड़ा हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी बीच विकास जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद पंप कर्मचारियों ने उसे महाराजा अग्रसेन अस्पताल पहुंचाया, जहां

# जी20 फ्लावर फेस्टिवल में जापान, सिंगापुर-नीदरलैंड ले रहे है भाग

**प्रदर्शित की जायेंगी**

**= फ्लावर फेस्टिवल में डहलिया, बोगेनविलिया, पत्तेदार पौधे, बोन्साई, कैक्टस और पॉटेड पौधों में रसीले पौधे हैं**




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली** नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) 11 और 12 मार्च को सेंट्रल पार्क में "जी 20 फ्लावर फेस्टिवल" का आयोजन कर रही है। इसका उद्देश्य जी-20 सदस्य और अतिथि देशों की जीवंतता और रंगीन प्रदर्शन को भारत की राजधानी में प्रदर्शित करना है। जी-20 फ्लावर फेस्टिवल में चार जी 20 देश - चीन, जापान, सिंगापुर और नीदरलैंड भाग ले रहे हैं। अतिथि देशों के फूलों के पौधे और कोई अन्य पौधे स्थानीय रूप से उत्पादित या उनके देश के गमलों में विभिन्न किस्मों के पौधे प्रदर्शित करेंगे। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) भी एनडीएमसी जी-20 फ्लावर फेस्टिवल में भाग लेगा। यहां मौसमी और अन्य वनस्पतियों की एक विशाल विविधता प्रदर्शित की जाएगी। एनडीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली में कनॉट प्लेस, दिल्ली का एक प्रमुख पर्यटक/वाणिज्यिक आकर्षण है। जहां हर दिन बड़ी संख्या में पर्यटक और नागरिक आते हैं, यह पुष्प उत्सव जी-20 सदस्यों और अतिथि देशों के बारे में आम जनता के बीच प्रचार और जागरूकता का एक अवसर है। इसमें विभिन्न रंगों और किस्मों के फूलों के पौधों को विभिन्न रूपों और संरचनाओं में प्रदर्शित किया जाएगा। एनडीएमसी भारतीय उपमहाद्वीप की विविधता को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न फूलों के पौधों को प्रदर्शित करेगी। एनडीएमसी सभी भाग लेने वाले जी20 सदस्य देशों और अतिथि देशों को पुष्प महोत्सव के लिए आवश्यक स्थान प्रदान करेगा। इस महोत्सव में फूलों के उत्सव के दौरान जी20 सदस्य देशों और अतिथि देशों के राष्ट्रीय फूलों या प्रमुख फूलों के बगीचों जैसे फूलों की पेंटिंग या तस्वीरें भी प्रदर्शित की जायेंगी। फ्लावर फेस्टिवल के दौरान किसी भी फूल/सजावट या फूलों की सौन्दर्यमयी व्यवस्था का प्रदर्शन भी किया जा सकता है। यहां फ्लावर फेस्टिवल में डहलिया, बोगेनविलिया, पत्तेदार पौधे, बोन्साई, कैक्टस और पॉटेड पौधों में रसीले पौधे, हैंगिंग बास्केट, फ्लोरल फिगर और बोर्ड, ट्रे गार्डन, फ्लोरल अरेंजमेंट्स आदि जैसे रंगीन और जीवंत फूलों के विभिन्न वर्गों को विभिन्न रूपों में प्रदर्शित किया जाएगा, जो भारतीय उपमहाद्वीप की विविधता को दर्शाता है।

# सुनिए तो सही, थोड़ा रुकिये तो सही.. पुलिस की 'कैलेंडर' को भावुक श्रद्धांजलि

**शोक**

**= सतीश कौशिक का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। निधन की जानकारी होते ही शोक की लहर दौड़ गई**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
एक्टर और डायरेक्टर सतीश कौशिक अब हमारे बीच नहीं हैं। सतीश कौशिक ने बॉलीवुड की कई फिल्मों से लोगों का मनोरंजन किया। मिस्टर इंडिया का कैलेंडर हो या दीवाना मस्ताना का पप्पू पेजर उनका हर रोल आइकॉनिक था। सतीश कौशिक का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी होते ही फिल्म जगत से लेकर देश भर में शोक की लहर दौड़ गई। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी, जावेद अख्तर, के अलावा बॉलीवुड सेलेब्स भी सोशल मीडिया पर अपना दुख जाहिर कर रहे हैं। सतीश कौशिक के असमय निधन से लोगों को काफी झटका लगा है। सबसे पहले उनके दोस्त और बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की। इसी कड़ी में दिल्ली पुलिस ने भी सतीश कौशिक को कुछ इस तरह से श्रद्धांजलि दी है जिसे पढ़कर हर किसी के जहन में उनकी फिल्मों का फ्लैशबैक आ गया। दिल्ली पुलिस यह भी पता करने की कोशिश कर रही है कि सतीश कौशिक की मौत के पीछे कोई साजिश तो नहीं थी। पुलिस यह जानकारी जुटा रही है कि वह बुधवार पूरे दिन कहां और किसके साथ थे। सतीश कौशिक बिजवासन फार्महाउस में थे जब उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।

# सत्येंद्र और मनीष के बाहर आने तक भरत की तरह संभालेंगे कार्य: आतिशी



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के विकास कार्यों को गति देने के लिए आम आदमी पार्टी ने आतिशी और सौरभ भारद्वाज को गुरुवार को कैबिनेट मंत्री बनाया गया। इस मौके पर आप नेताओं ने एक एकजुटता से दिल्ली के लिए कार्य करने पर जो दिया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सत्येंद्र जैन और मनीष के जेल से बाहर आने तक भरत की तरह हम संभालेंगे और दोनों के कामों को आगे बढ़ाएंगे। गुरुवार को शपथ के बाद मंत्री आतिशी ने पत्रकारों से कहा कि जैसे भगवान श्रीराम को वनवास होने पर उनके छोटे भाई भरत ने उनकी खड़ाऊ को रखकर 14 साल तक शासन किया था। उसी तरह जब तक सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया झूठे मामलों से छूट कर बाहर नहीं आते हैं, तब तक हम उनकी जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल सरकार के शिक्षा-स्वास्थ्य और जल विभाग में बड़े फ्लैगशिप प्रोग्राम चल रहे हैं। हमारी कोशिश है कि इसमें ज्यादा से ज्यादा काम हो। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कैबिनेट मंत्री बनने पर आतिशी और सौरभ भारद्वाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आप दोनों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के पदचिन्हों पर चलते हुए दिल्ली की जनता के लिए अच्छा काम करेंगे।

# गैंगस्टर्स के साथ रखने के आरोपों का तिहाड़ प्रशासन ने किया खंडन



**बयान जारी किया**

**= अंडर ट्रायल मनीष सिसोदिया की सिक्योरिटी को देखते हुए उन्हें तिहाड़ के जेल नंबर 1 के सबसे सुरक्षित वार्ड में रखा गया है**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व उपमुख्यमंत्री** मनीष सिसोदिया के तिहाड़ जेल में बंद होने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं, सांसदों और विधायकों ने बुधवार को गंभीर आरोप लगाये। उनका कहना है कि सिसोदिया को उस जेल में बंद किया गया है, जहां गैंगस्टर्स को रखा जाता है। वहीं, इन आरोपों को लेकर तिहाड़ जेल प्रशासन ने एक बयान जारी करके अपना स्पष्टीकरण दिया है। जेल प्रवक्ता अरविंद कुमार ने कहा है कि अंडर ट्रायल मनीष सिसोदिया की सिक्योरिटी को देखते हुए उन्हें तिहाड़ के जेल नंबर 1 के सबसे सुरक्षित वार्ड में रखा गया है, जिसमें कम कैदी रहते हैं और उनमें से कोई भी कैदी गैंगस्टर नहीं है। सभी का व्यवहार अच्छा है और वहां जेल मैनुअल के हिसाब से सभी रहते हैं। ये कैदी किसी भी तरह से कोई भी नियम का उल्लंघन नहीं करते हैं और जेल मैनुअल के हिसाब से अपनी एक्टिविटी में बिजी रहते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मनीष सिसोदिया को जेल नंबर एक के वार्ड में रखा गया है। वहां पर सारे जेल मैनुअल का पालन किया जा रहा है। सिसोदिया वहां पर सुरक्षित हैं। उल्लेखनीय है कि आबकारी मामले में सीबीआई के द्वारा गिरफ्तार किए गए मनीष सिसोदिया को दो दिन पहले रिमांड खत्म होने पर कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया था।

# केजरीवाल सरकार की कैबिनेट में महिला मंत्री को मिली जगह



**जिम्मेदारी**

**= जल्दी अब इन्हें विभागों की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं आम आदमी पार्टी की सरकार में अबतक कोई महिला मंत्री नहीं थी**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
केजरीवाल सरकार की कैबिनेट में गुरुवार को दो नए मंत्री शामिल हुए। राष्ट्रपति द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज और आतिशी के नाम के प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही आज इन दोनों विधायकों को उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। जल्दी अब इन्हें विभागों की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं आम आदमी पार्टी की सरकार में अबतक कोई महिला मंत्री नहीं थी। दिल्ली के ग्रेटर कैलाश विधानसभा से लगातार तीसरी बार निर्वाचित आप विधायक सौरभ भारद्वाज आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और दिल्ली जल बोर्ड में उपाध्यक्ष हैं। जबकि आतिशी आम आदमी पार्टी की संस्थापक सदस्य है। वह वर्ष 2020 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में पहली बार कालकाजी से चुनाव जीतकर विधायक बनी हैं। सौरभ भारद्वाज 2013 में आम आदमी पार्टी की पहली सरकार में भी कुछ दिनों के लिए मंत्री थे। पेशे से इंजीनियर रहे सौरभ भारद्वाज पार्टी के संस्थापक सदस्यों में भी शामिल हैं। जबकि मंत्री बनीं आतिशी शिक्षा के क्षेत्र में मनीष सिसोदिया के सलाहकार रह चुकी हैं।

दिल्ली सरकार की कैबिनेट में आतिशी पहली महिला मंत्री बनी हैं। विदेश में पढ़ी आतिशी ने आम आदमी पार्टी की पहली घोषणापत्र तैयार करने में भी अहम भूमिका निभाई थी।

# शब-ए-बारात पर यातायात पुलिस ने नियम तोड़ने वालों का काटा चालान

**शिकंजा**

**= सड़क पर खतरनाक तरीके से बाइक चलाने व स्टंट करने वालों को रोककर पुलिस ने कई लोगों के चालान भी काटे**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
शब-ए-बारात की रात दिल्ली पुलिस व दिल्ली यातायात पुलिस की टीम पूरी दिल्ली में मुस्तैद दिखी। रात के समय सड़क पर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले व सड़क पर खतरनाक तरीके से बाइक चलाने व स्टंट करने वालों को रोककर पुलिस ने कई लोगों के चालान भी काटे व इस बात को सुनिश्चित किया की सड़क पर होने वाली लापरवाही से किसी को नुकसान नहीं पहुंचे।

दिल्ली पुलिस मुख्यालय द्वारा गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार, शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने, लापरवाही से वाहन चलाने, बिना हेलमेट के, जिग-जैग ड्राइविंग, खतरनाक ड्राइविंग, रेड लाइट जंप करने, ट्रिपल राइडिंग, माइनर ड्राइविंग, ड्राइविंग / राइडिंग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर 759 ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के विशेष चेकिंग दल तैनात किए गए थे। दिल्ली यातायात पुलिस, पीसीआर और संबंधित थानों की स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जांच की गई। इस बार दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा कुल 908 चालान किए गए, जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए 70 चालान, दोपहिया पर ट्रिपल राइडिंग के लिए 109, हेलमेट का उपयोग किए बिना सवार / पीछे बैठने वाले सवार के लिए 438, सीट बेल्ट के बिना ड्राइविंग के लिए 22, टिंटेड ग्लास के लिए 42 और 227 अन्य चालान शामिल हैं।

# होली के दिन पुलिस का एक्शन, 7643 किये चालान



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**होली के** त्यौहार पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने होली पर विशेष अभियान चलाया। ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक जमकर लोगों के चालान काटे। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर 2033 ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के विशेष चेकिंग दल तैनात किए गए थे। दिल्ली यातायात पुलिस, पीसीआर और संबंधित थानों की स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जांच की गई। दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा कुल 7643 चालान किए गए। जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए 559 चालान, दोपहिया पर ट्रिपल राइडिंग के लिए 698, हेलमेट का उपयोग किए बिना सवार/पीछे बैठने वाले सवार के लिए 3410, सीट बेल्ट के बिना ड्राइविंग के लिए 312, टिंटेडग्लास के लिए 215 और अन्य मामलों में 2449 चालान शामिल हैं। विभिन्न स्थानों पर पुलिसकर्मियों की उपस्थिति और सख्त यातायात प्रवर्तन के कारण होली के दिन दिल्ली में अब तक होने वाली गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। इस बार होली के दिन केवल पांच दुर्घटना की सूचना मिली है। यह वर्ष 2020 में होली के दिन हुई 09 गंभीर दुर्घटनाओं, 2021 में कुल 05 गंभीर दुर्घटनाओं और वर्ष 2022 में कुल 09 गंभीर दुर्घटनाओं से कम है।

# मलाई मंदिर के पास तेज रफ्तार कार ने सात लोगों को कुचला

**तेज रफ्तार का कहर**

**= घटना साउथ वेस्ट दिल्ली के वसंत विहार इलाके के मलाई मंदिर के पास की बताई जा रही है**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
साउथ वेस्ट दिल्ली के वसंत विहार इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार थार कार ने मलाई मन्दिर के पास लगी रेहड़ी पटरी वालों को रौंद दिया। वहीं, इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना साउथ वेस्ट दिल्ली के वसंत विहार इलाके के मलाई मंदिर के पास की बताई जा रही है। जहां पर तेज रफ्तार थार कार ने रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों को बुरी तरह रौंद दिया है। इतना ही नहीं थार कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पास में खड़ी दो कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि थार कार के ब्रेक फेल होने की वजह से यह हादसा हुआ है।

# सतीश कौशिक फार्म हाउस में कब आए, पुलिस कर रही जांच



**जांच जारी**

**= मौत दिल का दौरान पड़ने की वजह से हुई है, लेकिन उठ रहे सवालों के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**अभिनेता** एवं फिल्मकार सतीश कौशिक की मौत को लेकर कई प्रश्न उठने लगे हैं। अभिनेता का बुधवार रात निधन हो गया था। बताया जा रहा है कि उनकी मौत दिल का दौरान पड़ने की वजह से हुई है, लेकिन उठ रहे सवालों के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि शुरूआती जांच में ऐसा कोई भी संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आया है। दिल्ली के बिजवासन स्थित फॉर्म हाउस में कौशिक की होली खेलने के बाद रात में करीब 11 बजे तबीयत खराब हो गई थी। आनन फानन में उन्हें फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई, लेकिन अस्पताल ले जाने तक इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई। अस्पताल का मेमो पढ़ कर पहुंची दिल्ली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर दिल्ली के हरिनगर स्थित दीन दयाल अस्पताल में मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि अभिनेता कौशिक फार्म हाउस में कब पहुंचे थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शव का पोस्टमार्टम हो गया है, रिपोर्ट का इंतजार है। इस रिपोर्ट में ही साफ हो पाएगा कि उनकी मौत कैसे हुई है। इस रिपोर्ट में मौत का समय, मौत से पहले उन्होंने क्या खाया या उस समय क्या स्थिति थी, सबकुछ साफ हो जाएगा।

पुलिस के मुताबिक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा पुलिस यह भी जानने का प्रयास कर रही है कि घटना के वक्त फार्म हाउस में कौन-कौन लोग मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

**गन्नौर।** खुबडू गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल मोटरसाईकिल चालक बुआना लाखू निवासी युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के भाई ने घटना की शिकायत पुलिस को दी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव बुआना लाखू के सुमित ने बताया कि मेरा बड़ा भाई अमित 26 फरवरी को गांव मेंहदीपुर से मेरी बुआ के घर से वापस आ रहा था। जब वह खुबडू गांव के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पातल में दाखिल करवाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना कि पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चलक के खिलाफ मामला दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी।

### लोगों की सुविधा के लिए धर्मशाला का और निर्माण करना जरूरी : शर्मा

**गन्नौर।** श्री शिव ब्राह्मण धर्मशाला की कार्यकारिणी में सदस्यों की सँख्या बढ़ाने के लिए एक महीने के लिए सदस्यता ग्रहण करने का मौका समाज के लोगों को दिया गया है। धर्मशाला के प्रधान जय भगवान शर्मा ने बताया कि धर्मशाला के विस्तार के लिए कार्यकारिणी में सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए समाज के लोगों को मौका दिया जा रहा है। प्रधान ने दस मार्च से दस अप्रैल तक सदस्यता लेने का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए धर्मशाला का और निर्माण करना जरूरी है।

### आप सभी राजनीतिक दलों के लिए बनी आदर्श: देवेन्द्र गौतम

**गोहाना: एसबीआई बैंक** गोहाना के बाहर स्थानीय विधायक जगबीर मलिक के नेतृत्व में दिए जा रहे सांकेतिक धरने पर आम आदमी पार्टी सोनीपत के निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने चुटकी लेते हुवे कहा की आम आदमी पार्टी आज देश में सभी मुख्य राजनीतिक दलों के लिए आदर्श बन चुकी है। सभी दल "आप" के पदचिन्हो पर चल केंद्र की लुटेरी सरकार के खिलाफ मौर्चा खोलने पर लगे हुवे है। चाहे बात महिला एथलेटिक्स खिलाडी के साथ अभद्र मामले में मंत्री संदीप सिंह के इस्तीफा मांगने वाली हो या मोदी-अडानी की यारी के चलते बर्बाद हो रही सरकारी संस्थानों की हो या अन्य ढढढ जैसे मुद्दों पर हो रहे गरीब की परेशानी की हो। सभी मुद्दे आज हरियाणा में मुख्य विपक्षी पार्टी का रोल अदा कर रही आम आदमी पार्टी द्वारा मजबूती के साथ उठाए गए। देवेन्द्र गौतम ने कहा की आज आम आदमी पार्टी देश भर में मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप उभर कर सामने आई हुई है ओर आप का एक एक कार्यकर्ता धरातल पर मजबूती के साथ जनता के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। कांग्रेस अपनी जमीन को बचाने के लिए जनता को दिखाना चाहती है की वो भी उनके साथ है परन्तु जनता समझ चुकी है की कांग्रेस ओर बीजेपी की सेटिंग हो चुकी है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ ब्यान देने से बच रही है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की किसान, बेरोजगार, महिला खिलाड़ीयों का शोषण, जवान, कमेरा वर्ग, मजदूर, सरपंच सभी का शोषण सरकार द्वारा किया जा रहा है लेकिन विपक्ष के नेता ओर उनके विधायक हर मौर्चे पर चुप्पी साधे हुवे है। आज गोहाना ओर बरोदा विधायक अपनी जमीन को बचाने के लिए धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर है। गौतम ने कहा आम आदमी पार्टी का एक मजबूत विकल्प 2024 में जनता के सामने होगा ओर जनता अपनी खुद की सरकार बना सत्ता में आएगी।

### एक्शन टेसा ने एचडीएचएमआर बोर्डों के लिए क्यूआर कोड के साथ होलिस्टिक सुरक्षा स्टिकर पेश किए

**चंडीगढ़।** भारत में एमडीएफ / एचडीएचएमआर और पार्टिकल बोर्ड जैसे इंजीनियर्ड पैनल उत्पादों के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक, एक्शन टेसा, भारत में होलिस्टिक सुरक्षा स्टिकर पेश करने वाली पैनल उद्योग की पहली कंपनी बन गई है। होलिस्टिक सुरक्षा स्टिकर एक छेड़छाड़-रोधी स्टिकर है, जिसका उपयोग हमारे लैंडमार्क उत्पादों जैसे बॉयलो और एचडीएचएमआर की वास्तविकता की जांच करने के लिए किया जा सकता है।
एचडीएचएमआर बोर्ड की सफलता के बाद, एफआर ग्रेड एचडीएफ बोर्ड के साथ एक्शन टेसा बोइलो बॉइलिंग वॉटर प्रूफ (बीडब्ल्यूपी) भी उसी रास्ते पर है और आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स, इंटीरियर डिजाइनर और घर के मालिकों की पहली पसंद बन रहा है। एक्शन टेसा एचडीएचएमआर और बॉयलो बॉयलिंग वाटर प्रूफ ग्रेड एमडीएफ बोर्ड के साथ पूरे पैनल उद्योग में क्रांतिकारी उत्पाद हैं, जो मजबूती स्थायित्व, उच्च प्रदर्शन और प्रकृति में पर्यावरण के अनुकूल होने का वादा करते हैं।
टेसा एचडीएचएमआर के बाद एक्शन टेसा बोइलो पैनल उद्योग में एक और मील का पत्थर है। बोइलो आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनरों और बिल्डरों के बीच लोकप्रिय हो रहा है; जो लोग गुणवत्ता, प्रदर्शन, सुंदरता और सुरक्षा की तलाश में हैं वे 'टेसाबोइलो' की मांग करते हैं।
कंपनी ने देखा है कि कुछ अनधिकृत विक्रेता हैं जो एक्शन टेसा के नाम के साथ डुप्लीकेट या उप-मानक उत्पादों को बेच रहे हैं। इसलिए, आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स, इंटीरियर डिजाइनर और ग्राहकों के बीच टेसा बोइलो और एचडीएचएमआर बोर्डों की शानदार सफलता और स्वीकृति के बाद समग्र स्टिकर लॉन्च करना समय की मांग थी। एक्शन टेसा इस तकनीक को लॉन्च करने वाली पैनल उद्योग की पहली कंपनी है।

# सब जग होरी या ब्रज होरा, दाउजी मंदिर में बरसा अनूठा रंग

## हुरंगा देखने को देश विदेश से पहुंचे लोग, अद्भुत था नजारा

**मथुरा/लोकेश चौधरी**
**बृज के** राजा बलदाऊ की नगरी बलदेव में हजारों लोग अलौकिक हुरंगे का साक्षी बने। बलदेव के मुख्य दाऊजी मंदिर प्रांगण में खेले गये इस हुरंगे में हुरियारिनें हुरियारों के कपडे फाड़कर उसके कोड़ा बनाती हैं और हुरियारों पर कोडों की प्यार भरी मार मारती हैं। इस बीच प्यार भरी तीखी नोक झोंक भी होतो है। हुरंगे को कपड़ा फाड़ होली भी कहा जाता है। इस अद्भुत होली को देखने के लिए देश



विदेश से हजारों श्रद्धालु दाऊजी पहुंचे। बृज में होने वाले 40 दिन के होली उत्सव के दौरान बृज के राजा बलदाऊ जी की नगरी बलदेव में हुरंगे का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में खेली जाने वाली इस होली का यहां व्यापक रूप देखने को मिलने की वजह से इसे हुरंगा कहा जाता है, इस होली की परम्परा ये रही है कि इसमें महिलाएं और पुरुष ही शामिल होते हैं। सबसे पहले मंदिर प्रांगण में इकठ्ठा हुई हुरियारिन और हुरियारों ने बलदाऊ जी के मुख्य भवन की परिक्रमा की। जैसे ही मंदिर के मुख्य भवन के अन्दर से ऊंची केसरिया झंडी बाहर प्रांगण में आई यहां मौजूद हुरियारिनों ने हुरियारों के कपड़े फाड़ना शुरू कर दिया। इसके बाद इन कपड़ों को टेसू के फूलों से बने रंगों में भिगोकर हुरियारों पर बरसाना शुरू कर दिया। अपना बचाव करने के लिये हुरियारे बाल्टी में रंग भरकर हुरियारिनों के ऊपर डालते रहे। हुरंगे के दौरान हुरियारे इतने उत्साहित हो जाते हैं कि वह कभी अपने साथियों को कंधे पर बिठा लेते है और कभी उन्हें गिरा देते है। इस दौरान लगातार कपड़े के बनाये हुए कोड़े से हुरियारिन इन ग्वालों पर वार करती रहती हैं। इसे देखकर यहां आने वाले देशी विदेशी पर्यटक भाव विभोर हुए बिना नहीं रह पाते।

## दुर्घटना: ई रिक्शा चालक व पीछे बैठे युवक की मौत, तीसरा घायल

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**देर रात** बीएसटी रोड स्थित मीट मार्केट के सामने एक ई रिक्शा व कार की आमने सामने से हुई टक्कर में ई रिक्शा चालक व पीछे बैठे एक युवक सहित दो की मौत हो गई , जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज खानपुर में रेफर कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर में शव को कब्जे में लेकर ई रिक्शा चालक के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर शवों का पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सोनीपत भेज दिया। पुलिस को दी शिकायत में गांधीनगर के संदीप ने बताया कि उसके ताऊ का लड़का राजू रिक्शा चलाता है। देर शाम वह नमस्ते चौक से अपने घर गांधीनगर जा रहा था। ई रिक्शा में अशोक व वीरेंद्र पीछे बैठे हुए थे। उसी दौरान वह पीछे पीछे अपनी मोटरसाइकिल पर चल रहा था। आरोप है कि सामने से तेज गति से एक कार आ रही थी। इसी दौरान एक कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई रिक्शा में बैठे चालक राजू व पीछे बैठे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल गए। राहगीरों के सहयोग से उपचार के लिए उन्हें गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने ई रिक्शा चालक राजू व अशोक को मृत घोषित कर दिया ,जबकि वीरेंद्र की हालत को गंभीर देखते हुए खानपुर मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। पुलिस ने राजू की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल भेज दिया ।

## मेयर निखिल मदान ने दी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**मेयर** निखिल मदान ने बुधवार को होली के अवसर पर अपने सोनीपत कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं के साथ रंग गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया और सभी को होली की शुभकामनायें दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्यार, प्रेम,भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। इसलिए हम सबको आपसी मतभेद भुलाकर होली के त्योहार को मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो ईश्वर से कामना करते हैं कि होली का पर्व सभी के जीवन में ढेर सारी खुशियां लेकर आएं। इस अवसर पर भारी संख्या में पार्टी कार्यालय पहुंचे सभी बड़े बुजुर्गों ,मातृशक्ति और युवा साथियों का मेयर निखिल मदान ने मुँह मीठा कराकर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी।

### रेनू विद्या मंदिर बहालगढ़ में होली मिलन समारोह आयोजित किया

**राई: श्री रामेश्वर** सेवा संस्थान द्वारा संचालिचित रेनू विद्या मंदिर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें संस्था की निदेशक ध्वनि गुप्ता , डिप्टी डायरेक्टर बिजेंद्र कुमार के साथ शिक्षकों व बच्चों ने होली मिलन समारोह का आनंद लिया। निदेशक ध्वनि गुप्ता ने कहा की होली पर्व असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। हम सबको मिल कर ऐसा ही संदेश आज के समाज को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पर्व इसलिए आता है कि साल में कम से एक बार हम आपस के सभी बैर भुला लें। इस पर्व पर कोई दुश्मन न रह जाए। हर्षोल्लास के इस पर्व को आए मिलजुल मनाए और सार्थक करें। कार्यक्रम में एक दूसरे को गुलाल लगाया।

## जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसाइटी ने किया कामकाजी महिलाओं का सम्मान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**जस्टिस फॉर** चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसाइटी ने 11 कामकाजी महिलाओं को सम्मानित किया। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए संचालित संस्था जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसाइटी द्वारा कामकाजी महिलाओं को उनके कार्य स्थल पर जाकर सम्मानित किया गया। इस तरह के कार्यक्रम संस्था कामकाजी महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए करती है। जिससे समाज में उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो सके। संस्था अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक है श्यस्य



पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को बराबर का दर्जा प्राप्त करवाना है, जिससे उन्हें किसी भी अधिकार से वंचित न किया जाए। उनके साथ किसी भी क्षेत्र में भेदभाव न किया जाए नारी सदैव पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तो चलती ही है, बल्कि उनसे भी अधिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी करती हैं। नारी इस तरह से भी सम्मानीय है। इस अवसर पर निधि मेंदीरत, पूजा सिंह, डोली कुमारी, कुसुमलता सिंह, रेणुराज पाठक, रश्मि शर्मा, ऋतु जिंदल, श्रुति कुमारी, भावना शर्मा, वंदना शर्मा, अनुराधा शर्मा आदि को सम्मानित किया गया।

### हरसाना कलां गांव में हुई शिव परिवार की प्रतिमा की स्थापना व भंडारा

**सोनीपत: बड़े** हर्ष का विषय है, कि गांव हरसाना कला के प्राचीन शिवालय में शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना की गई है। जिसमें पिछली 3 तारीख को कलश यात्रा का आयोजन किया गया था। फिर दैनिक पूजा पाठ के साथ 7 तारीख को मंत्रोच्चारण व शिव परिवार की भव्य झांकियों के साथ गांव में मूर्ति परिक्रमा की गई। 8 तारीख को उन्हीं मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। 9 तारीख को बहुत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन शिव परिवार सेवा समिति द्वारा समस्त गांव की सुख शांति व समृद्धि के लिए किया गया।

## हर महिला को सशक्त बनना होगा : दीपा रानी चेयरमैन, महिलाओं ने मंच में अनुभव को सांझा किया

**सनौली/टीम एक्शन इंडिया**
**बीडीपीओ** कार्यालय सनौली खुर्द में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुखयाअतिथि ब्लॉक समिति चैयरमैन दीपा रानी, विशिष्ट अतिथि महिला थाना एसएचओ सुशीला, मनरेगा लोखपाल सरोज, समाजसेवी सविता आर्य रही और कार्यकम की अध्यक्षता बीडीपीओ पूनम चंदा ने की। इस दौरान ब्लॉक समिति चैयरमैन दीपा रानी ने महिलाओं को संबोधित करते हुवे कहा कि महिलाएं शिक्षा ग्रहण कर आगे बढे, बगैर शिक्षा के जीवन में तरक्की असंभव हैं। लडकियों को भी लडको की तरह उच्च शिक्षा दे । महिलाएं शशक्त हो आगे बढे। इस पर दीपा रानी चैयरमैन ने महिलाओं की हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस पर बताया कि महिला दिवस पर महिलाओं को एकजुट करने का मुखय उदेश्य उन्हें एक मंच प्रदान करना है ताकि वे अनुभव को सांझा कर सके व समाज की अन्य महिलाओं को भी जागरूक कर सके । इस पर दीपा रानी ने बताया कि महिला दिवस का विशेष महत्व बताते हुए कहा कि कोई भी देश महिलाओं की भागीदारी के बिना प्रगति नही कर सकता । महिलाओं की समाज में समानता का अधिकार मिला है। आज के समाज में प्रत्येक क्षेत्र में चाहे सामाजिक क्षेत्र हो, राजनैतिक क्षेत्र व आर्थिक क्षेत्र, प्रत्येक में महिलाओं की प्रमुख भूमिका हैं । परन्तु जरूरत है समाज से लिंग असमानता को दूर करने की । इस दौरान कार्यक्रम में आए मुखय वक्ता महिला थाना एसएचओ सुशीला ने महिलाओं को जागरूक रहने पर जोर दिया और उनको अन्याय के खिलाफ आगे आने का आहावान करते हुए महिला हेल्प लाईन बारे व उनके अधिकारो बारे जानकारी दी।

### बहरावली में होली पर युवक की गोली मार कर हत्या

**मथुरा।**
**छाता** क्षेत्र के गांव बहरावली में होली के रंग में भंग पड़ गया। गुलाल लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक युवक के सर में गोली लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिवारजनों ने छाता थाने में घटना की शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि छाता के गांव बहरावली में गुलाल लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि हथियार निकल आए।

### बहन से मिलने आए भाई पर हमले के बाद बहन व बच्चों पर हमला, मामला दर्ज

**8 जगमोहन ने बताया कि मेरी बहन अन्जु बडी रोड पीर के पिछे रहती है। 8 मार्च को अपनी गाड़ी लेकर अपने परिवार बच्चों के साथ अपनी बहन अन्जु के घर होली त्योहार पर आया था।**

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**लल्हेड़ी** कलां रोड पर होली पर अपनी बहन के पास आए भाई व बहन व उसके बच्चों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में जगमोहन ने बताया कि मेरी बहन अन्जु बडी रोड पीर के पिछे रहती है। 8 मार्च को अपनी गाड़ी लेकर अपने परिवार बच्चों के साथ अपनी बहन अन्जु के घर होली त्योहार पर आया था। जब में घर के अन्दर बैठा था कि बाहर गली में मेरी बहन अन्जु के साथ कहा सुनी हो रही थी। शिकायत में आरोप है जब में बाहर निकला तो मेरी बहन अन्जु और प्रिंयका के साथ पिंटु ,सनोज पुत्र जोगेन्द्र साह, जिला मध्यपुरा बिहार हाल निवासी माईचन्द कलोनी शमसेर, संदीप ने मिल कर मारपीट करनी शुरू कर दी। सनोज ने अपनी हाथ मे लोहे के पाईप से अन्जु के कंधे पर व प्रियंका ने बांय बाजू पर वार किया। इसी बीच जब मैने बीच बचाव किया तो सनोज ने मेरे ऊपर लोहे के पाईप से वार कर घायल कर दिया। आसपस पड़ोस के लोगों ने बीच बचाव करवाया। आरोप है कि सभी हमलावर जाते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला दिवस पर युवतियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ ली

**सनौली/टीम एक्शन इंडिया**
**गांव** सनौली खुर्द में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नेहरू युवा केन्द्र खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार संबध सदभावना युवति मंडल एवं ग्राम सुधार युवा मंड़ल, सरस्वती रामलीला समिति सनौली खुर्द द्वारा महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम में सामाजिक कार्य में श्रेष्ट उपलब्धियों हासिल करने वाली महिलाओं व युवतियों को पूर्व राष्ट्रीय सेवा कर्मी शिवानी त्यागी व युवा मंडल सदस्यों ने फुलमालाओं के साथ व स्मृति चिन्ह दे कर सममानित किया गया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय सेवा कर्मी शिवानी त्यागी ने युवतियों व महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व मे नारियों की दशा सोचनीय है। महिला सशक्तीकरण की राह स्वावलंबन व स्वरोजगार से जुडी हुई है । कमर तोड़ मेहनत के बाद भी महिलाएं अपने आप को कमजोर ना समझे।

## राधाकुंड परिक्रमा मार्ग में चले ईंट-पत्थर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना गोवर्धन** क्षेत्र के राधाकुंड परिक्रमा मार्ग में धुलेंडी के दिन दो पक्षों के बीच झगडे के बाद ईंट पत्थर फिंके। इससे परिक्रमा मार्ग में भगदड मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोगों को घर के अंदर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपनी ओर से इस मामले में 19 लोगों को नामजद किया है जबकि आठ से दस लोगों को अज्ञात में शामिल किया। पुलिस की इस कार्यवाही के बाद तमाम लोग घरों से भाग खडे हुए हैं। पुलिस



लगातार दबिश दे रही है। गांव में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि झगडे की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने मामला शांत करा दिया था। पुलिस के जाने के बाद एक बार फिर दोनों पक्षों में झगडा हो गया। सूचना पर पहुंचे गोवर्धन थाना प्रभारी नितिंन कसाना ने पुलिस बल के साथ घरों में दविश दी। करीब आधा दर्जन लोगों को पकड़कर थाने ले गए। चेतावनी दी कि किसी ने फिर से उपद्रव मचाया तो किसी को बख्शा नही जाएगा। वहीं परिक्रमा मार्ग में लड़ाई होने की सूचना पाकर मौके पर सीओ राम मोहन शर्मा भी पहुंच गए। घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहीं गोवर्धन पुलिस के एसआई यशपाल सिंह ने 19 नामजद सहित 8 से 10 अज्ञात के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 504, 427 आपराधिक धारा संशोधन अधीयिनम 7 के को लेकर थाना गोवर्धन में मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

## विधायक जून ने एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक अजीत को दिया ज्ञापन

**बहादुरगढ़/सिद्धार्थ राव,**
**कांग्रेस** विधायक राजेंद्र सिंह जून ने चंडीगढ़ में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी को ज्ञापन देकर सेक्टर 9 में मेट्रो यार्ड के निकट जमीन पर बनने वाले कमर्शियल टाउन सेंटर में साथ लगती कॉलोनियों के लिए रास्ता खुलवाने की मांग की। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कृष्ण राठी, सुरेश सैनी, आनंद राठी, धर्मेंद्र राणा, अनुराग राठी, वरुण राठी सहित कई लोगों के साथ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी को ज्ञापन देते हुए बताया कि इस कमर्शियल टाउन सेंटर में



विभाग अनुसार दयानंद नगर की गलियों का रास्ता बंद हो जाएगा, जिससे इस कमर्शियल टाउन सेंटर में दयानंद नगर, शास्त्री नगर, सैनीपुरा, दलबीर नगर के निवासियों को आवागमन करने की सुविधा नहीं मिलेगी। भविष्य में रास्ते बंद होने से बरसाती जलभराव की समस्या का भी इन कॉलोनियों के निवासियों को सामना करना पड़ेगा,क्योंकि इस मुख्य रास्ते से होते हुए इन कॉलोनियों के घरों व बरसाती पानी गन्दे नाले में जाता है। ज्ञापन लेने के उपरांत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक अजीत ने विधायक राजेंद्र सिंह जून को आश्वस्त सेंटर में रास्ते खुलवाने की इस समस्या का समाधान करेंगे।

### विधायक ने कार्यालय में सुनी जनसमस्याएं

**विधायक राजेंद्र** सिंह जून ने बृहस्पतिवार को दिल्ली रोहतक रोड स्थित कार्यालय पर जन समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि हलके की जनता को किसी भी समस्या को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है अगर आमजन के समक्ष किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वह उन्हें जरूर अवगत कराएं ताकि समस्या का स्थाई समाधान कराया जा सके। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन आजाद राठी,पूर्व चेयरमैन तेजवीर दलाल, उमेद सिंह खत्री,ओमप्रकाश आसोदिया,पूर्व चेयरमैन पंडित अंतराम,लाल सिंह चौहान, एडवोकेट सतीश मुदगिल, पार्षद रजनीश मोनू, दर्शन सैनी, नारायण बराही, संजय पहलवान, महेंद्र मेहन्दीपुर, वेदपाल, कृष्ण दलाल, राजेंद्र जून माजरा, देवेंद्र दहिया, मुकेश छिल्लर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 23,000 वर्ग फुट के वेन्यू के उद्घाटन के बाद एंबिएंस मॉल, वसंत कुंज, दिल्ली में टाइमजोन हुआ और भी बड़ा और बेहतर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्लीवासियों के लिए जश्न मनाने का मौका है क्योंकि आकर्षक और थ्रिलिंग आर्केड गेम्स और अट्रेक्शन्स के लिए प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियन फॅमिली एंटरटेनमेंट सेंटर ने, एंबिएंस मॉल, वसंत कुंज, नई दिल्ली में अपने सबसे बड़े वेन्यू का उद्घाटन किया। हाई-ऑक्टेन इंटरैक्टिव आर्केड गेम और वीआर जोन से भरपूर, टाइमजोन एंबिएंस मॉल में एक ऐसा डेस्टिनेशन है जो परिवारों और बच्चों में उत्साह और मस्ती भर देगा। नया टाइमजोन लोकेशन ऐसा पहला वेन्यू है जहां हर उम्र के लोगों के लिए मैक्सिमम फन और एंटरटेनमेंट लेकर आये हैं 100 से ज्यादा लेटेस्ट आर्केड गेम, सोशल बोलिंग एरिया, प्रसिद्ध होलोगेट वीआर अट्रेक्शन, सदाबहार स्पिन जोन बम्पर कार्स और भी बहुत कुछ । शहर के इस नए फेवरिट एंटरटेनमेंट वेन्यू में जब आप यहाँ की बेजोड़ एजुकेटिव, मजेदार और थ्रिलिंग एक्टिविटीज का आनंद लेते हैं, तो अंदर छुपा बचपन मचलकर बाहर आ जाता है। यहाँ के फन एक्सपीरियंस इस तरह डिजाइन किए गए हैं जहां हर उम्र के लोग एक साथ खेल सकते हैं, चाहे वह परिवार और बच्चे हों या डेटिंग कपल्स, सहकर्मी हों या यार-दोस्तों के ग्रुप का फ्रेंडली चैलेन्ज। टाइमजोन का नारा है, 'प्ले मोर, विन मोर', इसलिए इसमें हैं गेम्स में जीते गए टिकटों के बदले, आकर्षक और अनूठे इनाम जो आपको गेम्स से जोड़े रखते हैं। टाइमजोन में जीतने की खुशी कभी कम नहीं होती है, और जब आप यंग, लाइवली और उमंग से भरे लोगों के बीच में हो, तो थकावट का सवाल ही कहाँ उठता है! नए टाइमजोन वेन्यू के बारे में टाइमजोन इंडिया के सीईओ अब्बास जबलपुरवाला कहते हैं, एंबिएंस मॉल में टाइमजोन का नया वेन्यू एक नया एक्सपीरियंस है।

# हर समस्या का हो रहा समाधानः योगी

## जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं, दिया भरोसा

**गोरखपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश सरकार गंभीर बीमारियों के इलाज में लगातार भरपूर आर्थिक मदद दे रही है। इलाज में धन की बाधा को सामने नहीं आने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने इस बात का भरोसा दिया कि मरीज व परिजन कतई चिंता न करें। एक संवेदनशील सरकार सबके साथ खड़ी है। अधिकारी पूरी संवेदना और प्राथमिकता पर इलाज में मदद करेगी। एस्टीमेट मिलते ही सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लगभग तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाये गए लोगों तक खुद पहुंचे। उनकी पीड़ा सुनी और समस्या के त्वरित निराकरण का निर्देश अधिकारियों को दिया। समस्या सुनने के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्या कोई भी हो, मेरे रहते घबराने या चिंता करने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। सबकी समस्या का न्यायोचित समाधान होगा। सीएम योगी से मिलने वालों में अधिक संख्या इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों की थी। जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतों पर सीएम ने दो टूक कहा कि यदि कोई दबंग या माफिया किसी की जमीन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कर्रवाई करें। समस्या कोई भी हो उसका त्वरित, न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान होना चाहिए। महिलाओं के साथ आए बच्चों का मुख्यमंत्री ने हालचाल पूछा, पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट दिया।





## सीएम ने श्रीकाली, श्रीगणेश व श्रीकालभैरव की प्राण प्रतिष्ठा की

**गोरखपुर/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्रीकाली माता मंदिर में मां काली, गणेश एवं भैरव की प्राण प्रतिष्ठा की। अनुष्ठान के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में गोशाला के समीप श्रीकाली माता मंदिर में मां काली, प्रभु गणेश व कालभैरव जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए पिछले सात दिन से धार्मिक अनुष्ठान चल रहा था। गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक विधि-विधान से तीनों देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूर्ण कराया। आनुष्ठानिक कार्यक्रम मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ की मौजूदगी में मठ पुरोहित आचार्य रामानुज वैदिक रोहित मिश्र, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, अश्विनी त्रिपाठी, पुरुषोत्तम चौबे समेत 13 पुरोहितों ने पूर्ण कराए। गोरक्षपीठाधीश्वर ने मंदिर के बगल में स्थित अखंड धूना (हवन कुंड) को भी प्रतिष्ठित किया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद ब्राह्मण एवं साधु भोज तथा भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## माधव नेशनल पार्क में आज छोड़े जाएंगे तीन टाइगर

**शिवपुरी/टीम एक्शन इंडिया**
मप्र के श्योपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से कूनो में चीता प्रोजेक्ट के तहत चीते छोड़े थे अब उसी तरह से शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान में 10 मार्च को तीन टाइगर छोड़े जाएंगे। इस कार्यक्रम को बड़े इवेंट के तौर पर 10 मार्च को शिवपुरी में करने की तैयारी में भाजपा है और यहां पर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। भाजपा की रणनीति है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसका फायदा उठाया जाए। इसके लिए 10 मार्च को टाइगर छोड़ने के लिए केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र सिंह , केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के शिवपुरी आने की सूचना है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा शिवपुरी के टाइगर प्रोजेक्ट को बड़े इवेंट की तरह भुनाने की तैयारी में है। 10 मार्च के लिए इस कार्यक्रम के लिए शिवपुरी को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### गांधी जयन्ती से मिलेगी खादी उत्पादों पर 50 प्रतिशत विशेष छूट

**जयपुर:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर राज्य में उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत विशेष छूट देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। यह छूट 2 अक्टूबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक लागू रहेगी। गहलोत ने 2023-24 के बजट में महात्मा गांधी की जयन्ती के उपलक्ष्य में खादी पर 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की थी। बजट घोषणा के अनुपालन में यह स्वीकृति दी गई है। खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत छूट से प्रदेश में खादी का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ खादी संस्थाओं को प्रोत्साहन भी मिलेगा।

### गीजर की गैस लीक होने से दम्पति की मौत

गाजियाबाद: मुरादनगर थाने की अग्रसेन विहार कालोनी में होली खेलने के बाद बाथ रूम में नहाने गए दम्पति की उस समय दर्दनाक मौत हो गयी जब बाथरूम में लगा गैस गीजर लीक हो गया। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण रवि कुमार ने बताया कि बुधवार को होली खेलने के बाद 40 वर्षीय दीपक और उनकी 36 वर्षीय पत्नी शिल्पी अपने घर की दूसरी मंजिल पर नहाने के लिए बाथरूम में गए थे। दम्पति ने गीजर शुरू किया लेकिन इस दौरान उन्होंने गैस के रिसाव पर ध्यान नहीं दिया और बेहोश हो गए। जब काफी देर तक दोनों बाथरूम से बाहर नहीं आए तो उनके बच्चों ने बाथरूम का दरवाजा खोला। बाथरूम में दोनों बेहोश मिले। दोनों को तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

### झगड़ा रोकने गए थानेदार पर महिला ने किया डंडों से हमला

**कैथल।** होली के दिन देर शाम सुभाष नगर ओढों वाली गामड़ी में सूचना पाकर झगड़ा रोकने गए शहर थाना के थानेदार पर एक महिला ने डंडों से हमला कर दिया। हमले में पुलिस अधिकारी को कई चोटें आई हैं। महिला ने सरकारी गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया है। थाना शहर पुलिस ने गुरुवार को महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना शहर कैथल में तैनात एएसआई बलवान सिंह ने एफ आई आर दर्ज करवाई है कि वह होली के दिन जेडीओ की ड्यूटी पर तैनात थे। थाना शहर के मुंशी ने उन्हें सूचना दी कि पुराना रोड सुभाष नगर के पास झगड़ा हो रहा है। सूचना पाकर वे हेड कांस्टेबल गुरदीप कौर, हेड कांस्टेबल अयूब व चालक जितेंद्र को साथ लेकर गाड़ी में खुराना रोड बाईपास ठेका के पास पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि एक औरत अपने हाथ में डंडा लिए हुए खड़ी थी। पुलिस कर्मचारियों ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया तो उसने सड़क पर पड़ी इंटों को उठाकर पुलिस की गाड़ी पर मारना शुरू कर दिया। जिससे गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचा। जब उसने पुलिस कर्मचारियों के साथ महिला को समझाने का प्रयास किया तो उसने उसके साथ हाथापाई की और डंडे से हमला कर दिया। जिससे उन्हें कई चोटें आई है।

### विधायक ने ग्रामीणों के समक्ष किया रिपोर्ट कार्ड पेश

**जींद:** विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने गुरुवार को जन संवाद कार्यक्रम के तहत जींद विधानसभा क्षेत्र के गांव संगतपुरा, जलालपुर कलां, जलालपुर खुर्द का दौरा किया। इस दौरान विधायक ने गांवों में करवाए गए विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों से बातचीत की। बाकायदा विधायक द्वारा विकास कार्यों को लेकर रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कह कि शहर के साथ-साथ गांवों के विकास को लेकर उन्होंने प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं के ढांचे को मजबूत करने का काम किया।

## शरद पवार पर बरसे असदुद्दीन ओवैसी



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**ऑल** इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने नगालैंड में एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन सरकार को समर्थन देने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की आलोचना की है। नगालैंड में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी)-भाजपा गठबंधन सरकार को समर्थन देने के लिए एनसीपी पर निशाना साधते हुए कहा, अगर शरद 'शादाब' होते, तो उन्हें 'बी टीम' कहा जाता और सेक्युलरों के लिए क्रूरता होती। उन्होंने कहा, ''मैंने कभी भी भाजपा सरकार का समर्थन नहीं किया और न कभी करूंगा। उन्होंने कहा कि यह दूसरी बार है जब एनसीपी ने भाजपा को समर्थन दिया है। यह लंबे समय तक नहीं चल सकता। उत्तर-पूर्व के एनसीपी प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने हाल ही में कहा कि मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली सरकार को समर्थन देना 'नगालैंड राज्य के व्यापक हित में' है। नगालैंड एनसीपी के प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने भी कहा कि पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने अन्य राजनीतिक दलों के साथ मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के समर्थन को मंजूरी दी है। वर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार की निंदा की है। चुनाव में भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन ने 37 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया था। नतीजतन, एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन अकेले किसी अन्य पार्टी के समर्थन के बिना सरकार बनाने में सक्षम था। नगालैंड विधानसभा में मुख्य गठबंधन सहयोगी एनडीपीपी 25, भाजपा 12, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) 6, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) 5, नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) 2, निर्दलीय 4, जनता दल (यूनाइटेड) 1, लोक जनशक्ति पार्टी (रामबिलास) ने 2 और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) ने 2 सीटों पर जीत हासिल की है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

## नागालैंड में जदयू विधायक ने बीजेपी को दिया समर्थन

**पटना/टीम एक्शन इंडिया**
नागालैंड में जदयू की ओर से भाजपा को समर्थन देने पर भाजपा ने नीतीश कुमार पर हमला बोला है। गुरुवार को बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि नागालैंड में जदयू विधायक ने नीतीश की पलटी मार राजनीति के नक्शे-कदम का अनुसरण कर ही भाजपा गठबंधन की सरकार को समर्थन दिया है। नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि नागालैंड के मामले में जदयू नेतृत्व का भाजपा पर आरोप दरअसल ह्यखिसियानी बिल्ली खंभा नोचेह्न वाली कहावत को चरितार्थ करने वाली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अतिमहत्वाकांक्षा में जदयू का अस्तित्व बिहार में भी नहीं बचने वाला है।नीतिविहीन, सिद्धांतहीन राजनीति का खामियाजा अन्ततः जदयू के विसर्जन के रूप में नीतीश कुमार को भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि जदयू नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपनी पलटी मार सिद्धांतविहीन राजनीति की समीक्षा करनी चाहिए। केवल दीवारों पर महात्मा गांधी के 7 आदर्श वाक्यों को लिखवाने से नहीं बल्कि उसके अनुरूप आचरण करने से राजनीतिक शूचिता कायम रहती है।

## ओलावृष्टि से प्रभावित किसान चिंता न करें : सीएम शिवराज सिंह

**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में पिछले दिनों कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और असमय की बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। तत्काल सर्वे के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर्स से भी चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री चौहान ने गुरुवार को श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा कि ओलावृष्टि और असमय बारिश से जहाँ नुकसान हुआ है।

## चार बार प्रस्ताव बनने के बाद भी गंगा नदी पर फोरलेन पुल को मंजूरी नहीं

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
**औराई**-मीरजापुर मार्ग के गंगा पर स्थित पूर्वांचल को जोड़ने वाले शास्त्री पुल के जर्जर होने के बाद बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई। ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले बड़े वाहनों को लगभग 50 से 90 किलोमीटर की दूरी तय कर प्रयागराज या वाराणसी से होकर जाना पड़ रहा है। इसमें उनको आर्थिक क्षति के साथ ही चार से पांच घंटे समय भी बर्बाद करना पड़ रहा है। कई वर्षों से गंगा नदी पर फोरलेन पुल बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन इस पर अमल नहीं किया जा रहा है। जनपद में गंगा नदी पर फोरलेन पुल बनाने की मांग कई सालों से चल रही है। कई नेताओं के अलावा वाहन स्वामियों ने भी इसकी मांग उठाई। इसको लेकर कई राजनीतिक पार्टियों ने फोरलेन पुल बनाने का ऐलान भी किया, लेकिन किसी ने पुल बनवाने की जहमत नहीं उठाई। यह जिले के लिए संकट का सबब बना हुआ है। हालांकि पुल बनाने के लिए सेतु निगम की ओर से चार बार एस्टीमेट बनाकर शासन के पास भेजा गया, लेकिन सरकार की ओर से हर बार स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन देकर मामए़े को लटका दिया जाता है।
प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम आरएस उपाध्याय ने बताया कि गंगा नदी पर फोरलेन पुल बनाने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है।




**विशेष गिरदावरी** बीमित फसल में नुकसान होने पर किसान बहत्तर घंटे के भीतर बीमा कंपनी को सूचना दें

## बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टिः विशेष गिरदावरी के निर्देश

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने प्रदेश में पिछले तीन दिन से हो रही बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का शीघ्र आकलन के लिए विशेष गिरदावरी के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने भी फसल खराबे पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित फसल में नुकसान होने पर किसान बहत्तर घण्टे के भीतर बीमा कंपनी को सूचना दें। मुख्यमंत्री गहलोत ने बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को देखते हुए सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा है कि राज्य सरकार फसल खराबा होने की स्थिति में किसानों का हरसंभव सहयोग करेगी और इसके लिए विशेष गिरदावरी के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि राज्य में वर्तमान में कई स्थानों पर ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों में नुकसान होने की आशंका है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित फसल में नुकसान होने पर किसान को 72 घण्टे के भीतर बीमा कंपनी को सूचना देना आवश्यक है। खेत में पड़ी हुई कटी फसल को नुकसान होने पर 14 दिवस तक की अवधि के लिए बीमा कवर उपलब्ध है। किसान फसल हानि की सूचना बीमा कंपनी के टोल फ्री नम्बर अथवा क्रॉप इंश्योरेंस ऐप के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा प्रभावित किसान जिलों में कार्यरत बीमा कंपनी, कृषि कार्यालय अथवा संबंधित बैंक को भी हानि प्रपत्र भरकर सूचना दे सकते हैं।



# प्रधानमंत्री को पत्र लिखने वाले नौ विपक्षी नेताओं पर ब्रजेश पाठक ने किया पलटवार

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के उन नेताओं पर हमला बोला है जिन्होंने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जांच एजेंसियों की कार्य पद्धति पर सवाल उठाते हुए विपक्षी नेताओं को फंसाने का आरोप लगाया था। उप मुख्यमंत्री पाठक ने गुरुवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से कहा कि वह सभी नौ नेता खुद भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे हैं और अपना बचाव करने के लिए यह हथकंडा अपना रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अखिलेश यादव समेत पूर्ववर्ती सपा की सरकारों को



कटघरे में खड़ा किया है। पाठक ने कहा कि पांच मार्च को नौ विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियां गलत तरीके से कार्य कर रही हैं। पाठक ने कहा कि उन सभी नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। कदाचार के आरोप हैं। उसमें सपा के मुखिया भी हैं। भ्रष्टाचार के दल-दल में सपा की सारी सरकारें आकंठ डूबी रही हैं। गोमती रिवर फ्रंट घोटाला, जेपीएनआईसी घोटाला हमें आज भी याद है। सपा सरकार में 97 हजार करोड़ से अधिक का खाद्यान्न घोटाला हुआ। सपा सरकार में ही खनन घोटाला हुआ। अखिलेश सरकार के खनन मंत्री अभी तक जेल में हैं। उनकी सरकार में लैपटॉप घोटाला हुआ है। हम सब जानते हैं कि खाद्यान्न घोटाले की सीबीआई जांच चल रही है। पुलिस भर्ती घोटाला भी सपा सरकार में हुआ था। समाजवादी पेंशन घोटाला हुआ था। सपा के लोगों ने अपने कार्यकताओं को अपने लोगों को पेंशन का लाभ दिलाया था। यूपीपीएससी में भी घोटाला हुआ। उप्र लोक सेवा आयोग को एक जाति का आयोग बनाकर रख दिया था। उन्होंने कहा कि इत्र के मित्र के बारे में चुनाव से पहले आप सबने सुना ही था। अरबों रुपये मिले थे। पाठक ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव भ्रष्टाचार के कुलभूषण हैं। उन्हें घाटाले में पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि सपा शासन में जब-जब भर्तियां हुई हैं, तब तब घोटाले हुए हैं। उप मुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि इस प्रकार मैं कह सकता हूं कि विपक्षी नेता खुद को बचाने के लिए आरोप लगा रहे हैं। हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार कानून का राज स्थापित कर रही है। हमारी सरकार का यही दावा प्रदेश की जनता के बीच लगातार विश्वास बढ़ा रहा है।

# चैतन्यचंद्र निज नाम के दान हेतु अवतरित हुएः चंचलापति दास

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास ने कहा कि गौड़ीया वैष्णव आचार्य भक्ति विनोद ठाकुर गौर तत्व की व्यख्या में कहते हैं कि चैतन्य महाप्रभु स्वयं नंद सुता हैं। प्रेमावतार चैतन्य महाप्रभु निज नाम का दान करने के लिए अवतरित हुए। वे कलियुग में अधम प्राणियों के उद्धार के लिए, महाप्रभु ने नाम प्रभु के रूप में अवतरण लिया और उन्होंने हरे कृष्ण मंत्र को जन सामान्य के लिए प्रकाशित किया। इनका पूरा शरीर संकीर्तन शरीर है। अतः इनके शरीर से सदैव हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे का प्रवाह होता है। वृन्दावन के चंद्रोदय मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर के



अध्यक्ष चंचलापति दास ने कहा कि श्री चैतन्य महाप्रभु को प्रेमावतार करुणावतार कहा गया है। श्री राधा जी को श्रीकृष्ण से प्रेम करके कैसा रसास्वाद मिलता है। स्वयं श्रीकृष्ण ने राधा भाव लेकर चैतन्य महाप्रभु के रूप में नदिया नामक ग्राम में जन्म लिया। श्री महाप्रभु ने उस प्रेम का आश्रय बनकर तो सुख लिया, अधिकारी अनाधिकारी सभी को अधिकारी बनाकर प्रेम प्रदान किया। श्रीराम ने राक्षसों का मारा, श्रीकृष्ण ने रति प्रदान की, चैतन्य महाप्रभु ने उनका उद्धार किया। महाप्रभु ने उनकी दुष्टता का हरण कर करुणा के योग्य बनाया। विश्व प्रसिद्ध ब्रजमंडल की होली उत्सव के मध्य बीती देरशाम प्रेमावतार श्रीचैतन्य चंद्र का अवतरण हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### बहन से मिलने आए भाई पर हमले के बाद बहन व बच्चों पर हमला, मामला दर्ज

- शिकायत में आरोप कि सभी आरोपित ने दी जान से मारने की धमकी

गन्नौर। लल्हेड़ी कलां रोड पर होली पर अपनी बहन के पास आए भाई व बहन व उसके बच्चों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में जगमोहन ने बताया कि मेरी बहन अन्जु बडी रोड पीर के पिछे रहती है। 8 मार्च को अपनी गाड़ी लेकर अपने परिवार बच्चों के साथ अपनी बहन अन्जु के घर होली त्योहार पर आया था। जब में घर के अन्दर बैठा था कि बाहर गली में मेरी बहन अन्जु के साथ कहा सुनी हो रही थी। शिकायत में आरोप है जब में बाहर निकला तो मेरी बहन अन्जु और प्रिंयका के साथ पिंटु ,सनोज पुत्र जोगेन्द्र साह, जिला मध्यपुरा बिहार हाल निवासी माईचन्द कलोनी शमसेर, संदीप ने मिल कर मारपीट करनी शुरू कर दी। सनोज ने अपनी हाथ मे लोहे के पाईप से अन्जु के कंधे पर व प्रियंका ने बांय बाजू पर वार किया। इसी बीच जब मैने बीच बचाव किया तो सनोज ने मेरे ऊपर लोहे के पाईप से वार कर घायल कर दिया। आसपस पड़ोस के लोगों ने बीच बचाव करवाया। आरोप है कि सभी हमलावर जाते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

**गन्नौर**। खुबडू गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल मोटरसाईकिल चालक बुआना लाखू निवासी युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के भाई ने घटना की शिकायत पुलिस को दी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव बुआना लाखू के सुमित ने बताया कि मेरा बड़ा भाई अमित 26 फरवरी को गांव मेंहदीपुर से मेरी बुआ के घर से वापस आ रहा था। जब वह खुबडू गांव के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पातल में दाखिल करवाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना कि पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चलक के खिलाफ मामला दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी।

### लोगों की सुविधा के लिए धर्मशाला का और निर्माण करना जरूरी : शर्मा

**गन्नौर**। श्री शिव ब्राह्मण धर्मशाला की कार्यकारिणी में सदस्यों की सँख्या बढ़ाने के लिए एक महीने के लिए सदस्यता ग्रहण करने का मौका समाज के लोगों को दिया गया है। धर्मशाला के प्रधान जय भगवान शर्मा ने बताया कि धर्मशाला के विस्तार के लिए कार्यकारिणी में सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए समाज के लोगों को मौका दिया जा रहा है। प्रधान ने दस मार्च से दस अप्रैल तक सदस्यता लेने का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए धर्मशाला का और निर्माण करना जरूरी है।



होली पर पंडित अमित शौनक को सम्मानित किया
सोनीपत होली के पर्व पर श्री ठाकुर द्वारा मंदिर मौहल्ला फरासखाना सोनीपत मे पंडित गौरव कृष्ण ने पंडित अमित शौनक का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।इस मोके पर पंडित गणेश लक्ष्मी नरयाणा अजय पंडित लक्ष्मण जी सुरेश गुप्ता जी सवागत किया।

### बस की टक्कर से एक युवक की मौत, दो घायल

**वाराणसी**। सारनाथ थाना क्षेत्र के चौखंडी स्तूप के समीप गुरुवार को तेज रफ्तार बस की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, दो युवक घायल हो गए । गंभीर रूप से घायल एक युवक को इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया गया। चौबेपुर जयरामपुर निवासी अली (35), ओमप्रकाश (20), अजीत (17) और एक अन्य युवक अपाचे बाइक पर सवार होकर होली पर्व की मस्ती में सारनाथ क्षेत्र में तेज रफ्तार में फरार्टा भर रहे थे। चौखंडी स्तूप के समीप जैसे ही बाइक सवार पहुंचे, अचानक सामने से आई बस की चपेट में आ गए। हादसे में अली की मौत हो गई ।

# प्रयागराज की कपड़ा फाड़ होली में जमकर हुई मौज मस्ती

**प्रयागराज//टीम एक्शन इंडिया**
रंगों का पर्व होली बड़े धूमधाम एवं परम्परागत ढंग से गुरुवार को मनाया गया। ऐतिहासिक लोकनाथ चौराहे पर हजारों की संख्या में होलियारों ने डीजे की धुन एवं पानी के फौव्वारों के बीच एक-दूसरे का कपड़ा फाड़ते हुए जमकर मस्ती की। अब शुक्रवार को प्रसिद्ध ठठेरी बाजार की होली खेली जाएगी, जहां लोगों को जाने की मनाही है। बता दें कि प्रयागराज के चौक की होली देखने अन्य जिलों से लोग पहुंचते हैं। ऐतिहासिक लोकनाथ चौराहे और चौक की होली अन्य शहरों की होली से जरा हट कर होती है। लोकनाथ चौराहे पर होली के मौके पर सभी धर्मों के लोग



एकत्रित होकर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए होली खेलते हैं। एक तरफ जहां ऊपर से पाइप के जरिए लोगो के ऊपर रंगों की बौछार की जाती है तो दूसरी तरफ हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर डीजे की धुन में थिरकते नजर आते हैं। इसी प्रकार दारागंज में बच्चा पाण्डेय के नेतृत्व में दमकल युद्ध होता है। जिसमें आने-जाने वालों को मशीनों द्वारा रंगों से सराबोर कर दिया जाता है। होली पर्व के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर कहीं कोई विवाद न हो, इसके लिए शहर के चौराहों पर पुलिस मुस्तैद रही। लोग डीजे की धुन पर जमकर नृत्य करते हुए एक-दूसरे का कपड़ा फाड़ते हुए बिजली के तारों पर फेंक रहे थे। इस तरह उन्होंने होली का भरपूर आनंद उठाया। दिन में रंग और शाम को लोग एक दूसरे से मिलने घर पहुंच रहे हैं। सभी ने एक दूसरे से गले मिल होली का त्योहार मनाया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस के जवान प्रत्येक चौराहे पर अपनी ड्यूटी पर मौजूद रहे और होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नजरें गड़ाये रहे। पुलिस के आलाधिकारी प्रत्येक थाना क्षेत्र से होली के सम्बन्ध में जानकारी लेते रहे और जहां भी कुछ विवाद होने की आशंका हुई, वहां पहुंचकर पुलिस ने भीड़ व नशे में धुत युवकों को भगाया। अब अंतिम होली शुक्रवार को प्रसिद्ध ठठेरी बाजार की होली खेली जाएगी, जहां आम जनता के जाने की मनाही होती है।

# नगरीय निकायों की वोटर लिस्ट में फिर जुड़वाए नाम

**मेरठ/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों की वोटर लिस्ट का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 11 मार्च से वोटर लिस्ट में फिर से नाम जुड़वाने, कटवाने, संशोधन कराने का समय निर्धारित किया है। एक अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय मेरठ दीपक मीणा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उप्र ने नगरीय निकायों की मतदाता सूची का



संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जाएगा। ड्रॉफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 10 मार्च को होगा। ड्रॉफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने का समय 11 से 17 मार्च तक रहेगा। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 18 से 22 मार्च तक होगा।

### लग-अलग सड़क हादसों में 11 की मौत

**कानपुर**। पुलिस के अलर्ट के बाद भी होली के त्योहार में नशे में गलत ढंग से वाहन चलाने से लोग बाज नहीं आये। ऐसे में नशा और गलत ढंग से वाहन चलाने पर जनपद में हुए सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई। करीब एक सैकड़ा लोग घायल हो गए। उनमें अब भी गंभीर रूप से घायल 40 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सड़क हादसों में जिन लोगों की मौत हुई है, उन सभी का पोस्टमार्टम गुरुवार को किया ग या। घाटमपुर में दो सड़क हादसों में तीन की मौत हो गई। इसमें दो युवक घायल हो गए। पहले हादसे में सचेंडी इलाके के रामपुर गांव निवासी मिथुन सैनी और घाटमपुर के भदरस गांव निवासी विकास की मौत हुई।

# हमीरपुर के एक गांव में महिलाओं ने फाग निकालकर लगाए ठुमके



**हमीरपुर/टीम एक्शन इंडिया**
हमीरपुर जिले के एक गांव में गुरुवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से फाग निकालकर जमकर धमाल किया। घूंघट वाली महिलाओं ने जमकर ठुमके भी लगाए। पूरे गांव की महिलाओं की अनोखी होली शुरू होने से पहले ही पुरुषों और बच्चों ने गांव छोड़ खेत खलिहानों में डेरा डाला। घूंघट वाली महिलाओं ने फाग गीतों की धूम में जमकर ठुमके भी लगाए। महिलाओं की अनोखी होली देर शाम समाप्त होने के बाद पुरुषों की गांव में इन्ट्री हो सकी। हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के कुंडौरा गांव में पुरानी परम्परा में महिलाओं ने अनोखी होली खेलकर जमकर धमाल मचाया। यहां कई दशकों से चली आ रही परम्परा में महिलाओं ने ही फाग निकालकर ठुमके लगाए। गांव की सरपंच सविता देवी के नेतृत्व में हर घर की महिलाओं ने होली की फाग निकाली। पूरे गांव की महिलाओं ने रामजानकी मंदिर में एकत्र होकर फाग गाए फिर ढोलक और मजीरे की धुन में ठुमके भी लगाए। इसके बाद महिलाओं की टोलियां रामजानकी मंदिर से गांव की हर गली और कूचों में रंग गुलाल उड़ाते हुए घूंघट वाली महिलाओं ने जमकर धमाल किया। गांव के सरपंच प्रतिनिधि अरविन्द प्रताप सिंह ने बताया कि महिलाओं की होली की फाग निकालने की परम्परा बहुत पुरानी है। यहीं एक ऐसा त्योहार है जिसमें पूरे गांव की हर बिरादरी की महिलाएं और नवयुवतियां होली की फाग में शामिल होती है। तमाम बुजुर्ग महिलाओं ने भी होली के गीत गाकर ठुमके लगाए है। गांव की बुजुर्ग देवरती कुशवाहा, कमलेश कुमारी, रुकमणि, मुन्नी देवी, रामदेवी समेत तमाम महिलाओं ने बताया कि जब से शादी होकर यहां आई है तभी से गांव की अनोखी होली खेलने की परम्परा का हिस्सा बन रही है।

**अनोखी होली होने के बाद पुरुषों की गांव में हुई इन्ट्री**

गांव में आज महिलाओं की होली की फाग के कार्यक्रम से पहले सभी पुरुषों को अल्टीमेटम दिया गया था वह गांव छोड़ बाहर चले जाए। जो बूढ़े और बच्चे है वह अपने ही घरों में रहेंगे। महिलाओं के इस एलान के बाद गांव के सरपंच प्रतिनिधि समेत सभी पुरुष गांव छोड़ खेत खलिहान की तरफ निकल गए। गांव के बीएल कुशवाहा ने बताया कि गांव से पुरुषों के जाने के बाद महिलाओं की अनोखी होली शुरू हुई जो देर शाम समाप्त हुई। बताया कि कई नवयुवकों को महिलाओं ने गांव से खदेड़ा है।

# सीएम योगी की तस्वीर के साथ प्रयागराज के युवाओं ने खेली होली

वाराणसी।
प्रयागराज में गुरूवार को भी उल्लासपूर्ण माहौल में रंगों का पर्व होली मन रही है। तीन दिवसीय रंगोत्सव में दूसरे दिन ऐतिहासिक लोकनाथ चौराहे पर जुटे हजारों की संख्या में युवाओं ने रंग खेलने के साथ सामूहिक नृत्य कर खूब धमाल मचाया। रंगों की होली खेलने के पहले युवाओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तस्वीर के साथ भी खेली होली। इसका वीडियो पूरे दिन सोशल मीडिया से वायरल होता रहा। गौरतलब है कि प्रयागराज के लोकनाथ चौराहे और चौक की होली देश के अन्य हिस्सों से इतर होती हैं । लोकनाथ चौराहे पर जुटे हजारों की संख्या में युवा कपड़ा फाड़



होली में एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर डीजे की धुन और होली के गानों पर जमकर घंटों नृत्य करते है। ऊपर से पाइप के जरिए सतरंगी रंगों की बौछार होती है। वाराणसी निवासी इलाहाबाद में अध्ययन रत प्रियांशु दुबे,रजत उपाध्याय बताते हैं कि लोकनाथ चौराहे पर 25 हजार से अधिक युवा जुटते हैं। यहां की होली देखने के लिए दूसरे शहरों से भी लोग आते हैं। होली खेलने के दौरान किसी के भी तन पर कपड़े बच नहीं पाते। होरियारे एक दूसरे के कपड़े फाड़ देते हैं । प्रयागराज में तीन दिन रंगों की होली मनाई जाती है। पहले दिन पूरा शहर होली खेलता है।

# पुलिस कर्मियों ने जमकर थानों में खेली होली

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
रंगों के पर्व होली के दूसरे दिन गुरूवार को जिले के थानों में पुलिस कर्मियों ने उल्लासपूर्ण माहौल में जम कर होली खेली। साथियों के साथ अफसरों को भी रंगों से भिगोया। मस्ती में साथियों के साथ कपड़ा फाड़ होली खेली। दो दिन होली और शब ए बारात का पर्व सकुशल सम्पन्न कराने के बाद पुलिस लाइंस, शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल के थानों में जुटे पुलिस कर्मियों ने होलियाना माहौल में एक-दूसरे को रंगों में भिगोया तो अफसरों को भी रंग-अबीर-गुलाल से पूरी तरह सराबोर कर दिया। पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने भी



आवास पर मातहत अफसरों के साथ रंग गुलाल की होली पूरे उत्साह के साथ खेली। मातहत अफसरों ने भी सीपी को रंग गुलाल लगाया। पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन और अपर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के साथ ही आईजी रेंज के. सत्यनारायण और एडीजी जोन राम कुमार ने पुलिस कर्मियों को होली की शुभकामनाएं दी और गुलाल की होली खेली। चौक थाने में अफसर पुलिस कर्मियों के साथ ' रंग बरसे भीगे चुनर वाली' और होली खेलें रघुबीरा जैसे फिल्मी गानों की धुन पर थिरकते नजर आए। इसमें महिला पुलिस कर्मियों के साथ अफसरों ने भी पूरे उत्साह से भागीदारी की। होली खेलने के बाद दशाश्वमेध एसीपी अवधेश पांडेय ने पुलिस कर्मियों को होली की शुभकामनाएं दी। वाराणसी में महिला हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। जिले के थानों में पुलिस कर्मियों ने कहीं पिचकारी से रंगों में रंगा तो कहीं अबीर गुलाल से साथियों के साथ मिलकर धूम मचाई। शहर और ग्रामीण अंचल के कई थानों में पुलिस कर्मियों ने कपड़ा फाड़ होली खेली। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस बार हर्बल रंगों का प्रयोग किया।

# कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने रामनगर थाने में पत्रक सौंपा

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को रामनगर थाने में एक पत्रक सौंपा। पत्रक के जरिये गंगा पार बसाये गये टेंट सिटी के अंदर की सोशल मीडिया में वायरल कुछ तस्वीरों को लेकर आपत्ति जताने के साथ जांच की मांग की गई। पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने मीडिया कमियों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले दिनों टेंट सिटी में बार बालाओं का डांस, शराब पीने, शराब की बोतलों और खाली केन की तस्वीरें सोशल मीडिया के जरिये सामने आई थी। आस्था के केन्द्र गंगा के रेती में इस कुकृत्य को



लेकर थाने में पत्रक सौंपा गया। उन्होंने कहा कि अध्यात्म, तीर्थ, आस्था, संस्कृति के शहर काशी में मां गंगा के पावन तट पर टेंट सिटी के नाम पर अय्याशी का अड्डा खोलना अशोभनीय और निंदनीय कृत्य है। महानगर अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा काशी की संस्कृति को नष्ट कर रही है। टेंट सिटी में बीते सोमवार को एक सीमेंट कम्पनी के बैनर तले अश्लीलता की हद पार की गई।

# आदर्श अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट ने मनाया होली उत्सव






**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया दिल्ली** के आदर्श नगर इलाके के अग्रवाल भवन में आदर्श अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के द्वारा होली मंगल मिलन व हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

**ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का किया स्वागत:** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का आदर्श अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

**कवियों ने होली पर सुनाई कई कविताएं:** कार्यक्रम में आये हुए कवियों का संयोजन अनिल अग्रवंशी ने किया। इस मौके पर राजेश चेतन, रसिक गुप्ता, मोहन मुंतजिर, ओम प्रकाश कल्याणे, प्रीति त्रिपाठी, रोहित चौधरी ने होली पर कई हास्य व व्यंग्य की कविताएं सुनाई।

**कार्यक्रम में ये रहे अतिथि :** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगत राम सिंघल, नेता सदन मुकेश गोयल, पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, एसीपी तिलकचंद बिष्ट, आदर्श नगर थानाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह जाखड़ रहे। इस दौरान दीप प्रज्जवलनकर्ता एवं विशिष्ठ सहयोगी मास्टर जयकिशन गोयल-संजय गोयल चेयरमैन रामलीला कमेटी, राकेश बंसल सूरज ग्रुप, आरडब्ल्यूए प्रधान सुरेश गुप्ता, रामकरण कंसल-मनीष कंसल प्रधान शिव मंदिर ए ब्लॉक, अग्रवाल धर्मशाला के प्रधान राजीव गोयल, दयानन्द मित्तल- राजेश मित्तल, लाला कृष्ण गुप्ता प्रधान अग्रवाल सभा, आदर्श नगर आरडब्ल्यूए चेयरमैन प्रकाशचंद अग्रवाल-मोहित अग्रवाल, ओम स्टील से लखपत बंसल, सुरेन्द्र जिंदल, जीबीसी प्लाईवुड से धर्मपाल गोयल-यादविंद गोयल, निकेश गुप्ता और मुख्य सहयोगी धीरपुर वार्ड के पूर्व प्रत्याशी अनुराग गर्ग, रामनिवास-विनय गुप्ता बारदाने वाले, दिनेश गोयल स्वर्ण सिंह रोड़, गुंजन गोयल, तरूण गुप्ता- अमित गुप्ता और सहयोगी में लक्ष्मीनाराण गोयल, जगदीश गर्ग, विरेन्द्र गोयल, पवन बिंदल, राम भगत मित्तल, अनिल कुमार सिंघल, सतीश गुप्ता, विनोद अग्रवाल, विजय बंसल, अश्वनी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अजय दीपक अग्रवाल, तेलूराम गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रमों की सराहना की। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने ट्रस्ट के द्वारा किये जा रहे कार्यों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन मंगत राम सिंघल, मुख्यसंरक्षक मुकेश गोयल, वाईस चेयरमैन मास्टर जयकिशन गोयल, वाईस चेयरमैन राकेश बंसल, मुख्य सलाहकार सुरेश गुप्ता, मुख्य सलाहकार रामकरण कंसल, मुख्य सलाहकार राजेश मित्तल, मुख्य सलाहकार प्रकाश चंद अग्रवाल, मुख्य सलाहकार अनुराग गर्ग, मुख्यसलाहकार लखपत बंसल के अलावा ट्रस्ट के प्रधान राजीव गोयल, उपप्रधान मनीष कंसल, महासचिव हरीचंद गुप्ता, सचिव रामभगत मित्तल, ललित कुमार गुप्ता, निकेश गुप्ता कार्यकारी कोषाध्यक्ष, कार्यकारी सदस्य सुरेन्द्र कुमार जिन्दल, जगदीश गर्ग, तरूण कुमार गुप्ता, पवन बिन्दल, मनोज कुमार बंसल, मोहित अग्रवाल, अनिल कुमार सिंघल, राजकुमार गुप्ता, दिनेश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अतिथियों ने ट्रस्ट के कार्यों को सराहा ...

- कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने आदर्श अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के द्वारा किये जा रहे कार्यों को सराहा।
- ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का भव्य रूप में स्वागत किया।






# आर्य समाज मंदिर में नवसस्येष्टि यज्ञ का आयोजन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया होली के** उपलक्ष में आर्य समाज मंदिर नरेला में नवसस्येष्टि यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने यज्ञ में आहुति डालकर धर्म लाभ उठाया। इस दौरान सभी ने फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। नरेला के आर्य समाज मंदिर में भव्य होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि नरेला एसीपी सुरेश कौशिक, नरेला थानाध्यक्ष राजेश कुमार, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला उपाध्यक्ष मनोज बंसल, समाजसेवी प्रवीण




लाकड़ा, रजनीश खत्री का ओम पट्टीका पहनाकर महर्षि दयानंद सरस्वती का चित्र भेंट कर, चंदन तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवसस्येष्टि यज्ञ के आयोजन के साथ हुआ। जिसमें वैदिक मंत्रोचार के साथ आर्य समाज के पुरोहित शास्त्री रामपाल आर्य ने संपन्न करवाया। यज्ञ में दिनेश आर्य-सरोज आर्य, दिनेश दीक्षित- संतोष शास्त्री, राकेश गौतम-खुशबू गौतम, प्रशांत गौतम-रीना गौतम मुख्य यजमान बने। यज्ञ के माध्यम से माहौल में भक्ति का रंग भरने के साथ होली के अवसर पर समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का आवाहन किया गया। इस दौरान सभी ने नवसस्येष्टि यज्ञ में सहभागिता कर नाच गाकर आनंदोत्सव में फूलों से होली खेलकर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी।
कार्यक्रम में सुरुचिपूर्ण भोजन की व्यवस्था भी की गई कार्यक्रम में आर्य समाज नरेला के प्रधान हेमराज बंसल, संरक्षक संतोष खत्री, राजपाल आर्य, जितेंद्र खत्री महामंत्री प्रदीप, कोषाध्यक्ष धर्मवीर आर्य,आर्ष कन्या गुरुकुल नरेला की बहने, आर्य बलजीत सिंह, चंद्र प्रकाश आर्य, शास्त्री महेश चंद्र गौतम मौजूद रहे।



शालीमार बाग में होली मिलन कार्यक्रम के दौरान जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा व अन्य।

# माता-पिता बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाएं: वत्स

## महिला दिवस पर महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण का लिया संकल्प

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया नेशनल** चाइल्ड एंड वूमेन डवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में ट्रस्ट के रोहिणी सेक्टर-36 स्थित मुख्यालय बरवाला में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स के सान्निध्य में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।
ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण का संकल्प लिया और देशवासियों से आग्रह किया कि वे हर स्थिति में महिलाओं का सम्मान करें। सभी लोग बालिकाओं के जन्म के समय भी उत्सव मनाएं।



बालिकाओं को शिक्षित, सक्षम, सशक्त और समर्थ बनाने पर बल दें। माता-पिता विवाह में लाखों रुपये दहेज में देने की बजाय बेटियों को उच्च शिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान दें। दयानंद वत्स ने कहा कि जब तक महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण नहीं होगा तब तक महिलाओं के सशक्तिकरण का सपना पूरा नहीं होगा। श्री वत्स ने कहा कि उनका ट्रस्ट 1985 से महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है।

# धूमधाम से मनाया गया जिला प्रवक्ता सुभाष झा का जन्मदिन

## गरीबों और असहायों की सहायता करने में आगे है सुभाष झा: राजकुमार भाटिया




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया जिला** केशवपुरम भाजपा के प्रवक्ता सुभाष झा का जन्मदिन उनके समर्थको ने बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया। सुबह से ही जिला भाजपा प्रवक्ता सुभाष झा को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता उनके निवास पर लगा रहा। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा जिला केशवपुरम के जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, समाजसेवी राजीव ठाकुर, नरेश मलिक, संजय नारंग, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, अश्वनी चावला, गौरव गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने जिला प्रवक्ता सुभाष झा को जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि सुभाष झा बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और हमेशा ही गरीबों व असहायों की सहायता के लिए आगे रहते है। इस मौके पर सुभाष झा ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी लोगों का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करता हूं।

# दिल्ली सूड़ी समाज ने मनाया अपना 27वां वार्षिक सम्मेलन व होली उत्सव

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया दिल्ली के** बुराड़ी इलाके के बिराज बैंक्वेट हॉल में बड़े ही धूमधाम से सूडी समाज दिल्ली का 27वां स्थापना दिवस और होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष अशोक नायक, उपाध्यक्ष मनोज साह, महासचिव आलोक कुमार, संयुक्त सचिव रजनी पंजियार और कोषाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने समाज के सभी सदस्यों का तिलक लगाकर और दिल्ली सूड़ी समाज का पटका पहनाकर स्वागत किया।
इस वर्ष के होली मिलन का आयोजन सदर बाजार, झड़ौदा और बुराड़ी के सूड़ी समाज के द्वारा किया गया। सभा की शुरूआत पदाधिकारियों, संरक्षकों और महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या वीणा महतो ने गणेश वंदना कर सब लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्ष अशोक नायक ने मंच से सभा की शुरूआत करते हुए सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी और रूद्राष्टकम स्तुति गाकर अपने संत स्वभाव का परिचय दिया। दिल्ली के झड़ौदा में आयोजित इस सभा में हजारों लोगों की मौजूदगी सूड़ी समुदाय की एकजुटता की कहानी



अपने आप ही बंया कर रही थी। सभा को संबोधित करते हुए मंच संचालक पवन कुमार नायक ने समाज के संगठन में डाक्टर राम विलास खर्गा, देवेंद्र प्रसाद, बिन्दुल बाबू, गणेश महतो के योगदान को बताया। सभी सदस्यों की ओर से डाक्टर खर्गा को मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष महोदय और संरक्षकों के द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित गणेश प्रसाद साह भी मौजूद थे, जो कि सीतामढ़ी, बिहार के एक जाने पहचाने समाजसेवी है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव ने मिलकर उन्हें फूलों के गुलदस्ता से स्वागत किया और सम्मान स्वरुप चादर भेंट किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के अलग-अलग प्रांतों विशेषकर बिहार से आकर सूड़ी भाई-बहनों का दिल्ली प्रदेश में संगठित होकर रहना गौरव की बात है और उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार और संस्कृति को बचाने के लिए हमें संगठित होकर एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। सभा में महिला मंडल की अगुवाई वरिष्ठ सदस्या वीणा महतो और संयुक्त सचिव रजनी पंजियार कर रहीं थी। उन्होंने सभी महिलाओं को चुन्नी ओढ़ाकर स्वागत किया और समाज के काम में आगे बढ़ कर हिस्सा लेने के लिए कहा।
सभा के दौरान, बिहार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने समाज के संरक्षक भवानी पंजियार के द्वारा फोन से सभा को संबोधित किया और उन्होंने कहा कि कुछ विशेष राजकीय काम की वजह से इस समारोह में नहीं पहुंच सके। समाज के तरफ से आयोजित होली मिलन को लोगों ने खूब सराहा और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयाँ दी। उन्होंने समाज के सभी भाई बन्धुओं को होली की शुभकामनाएं दी।

# बुराड़ी में ट्रैफिक जाम की समस्या का हो समाधान: खेमचंद सैनी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया कांग्रेस** के ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है और आम जनता परेशान हो रही है। एक अन्य सवाल के जवाब में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष खेमंचद सैनी



ने कहा कि बुराड़ी में जहां एक ओर सड़को की दशा रामभरोसे है, वहीं दूसरी ओर बुराड़ी में आने और जाने वाले लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मेरी प्रशासन से मांग है कि बुराड़ी में जो जाम लग रहा है, उसका समाधान हो। सड़को की दशा में सुधार किया जाये, ताकि बुराड़ी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी बेहतर सड़को की सुविधाएं मिल सके।